वर्ष-07 - अंक 320
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
गुरुवार, 27 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073
केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

swatantraprabhat.com
epaper.swatantraprabhat.com
जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

सपा की सरकार बनी तो महिलाओं को हर साल ........ 3
बदले की भावना : फर्जी मुकदमों में एससी-एसटी और पाक्सो एक्ट ....... 4
अकीदत के साथ पूरनपुर, शेरपुर कलां व माधोटांडा आदि में निकाला गया ............... 12

## नेपाल में बाढ़ से तबाही, सात की मौत,सैकड़ों लापता



**काठमांडू(एजेंसी)।** उत्तरी नेपाल में भोटे कोशी नदी में बुधवार को अचानक आई भीषण बाढ़ ने बड़े पैमाने पर तबाही मचा दी। बाढ़ से सिंधुपालचोक और रसुवा जिलों के कई इलाकों में घर, वाहन, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे बह गए। अधिकारियों के अनुसार, अब तक कई शव बरामद किए जा चुके हैं और बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। लापता लोगों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जिनमें 105 भारतीय नागरिक बताए जा रहे हैं। नेपाल पर्यटन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, बाढ़ के बाद 384 यात्रियों के लापता होने की सूचना है। इनमें 291 विदेशी नागरिक और 93 नेपाली नागरिक शामिल हैं। हालांकि, अलग-अलग सरकारी और स्थानीय स्रोतों से मृतकों तथा लापता लोगों के आंकड़ों में अंतर सामने आया है। राहत एवं बचाव दल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार तलाश अभियान चला रहे हैं। तिब्बत सीमा से लगे पहाड़ी क्षेत्रों में बाढ़ का असर सबसे अधिक देखने को मिला है। तिमुरे और स्याब्रुबेसी की सीमावर्ती बस्तियां बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। अधिकारियों के मुताबिक नदी का जलस्तर स्थानीय समयानुसार सुबह करीब नौ बजे अचानक बढ़ा। प्रारंभिक जानकारी में बाढ़ का पानी तिब्बत की ओर से आने की आशंका जताई जा रही है। रसुवा जिले के प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र परियार ने बताया कि कई गांवों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के बह जाने की खबरें मिली हैं। उन्होंने कहा कि नुकसान का वास्तविक आकलन अभी किया जा रहा है और भारी जानमाल के नुकसान की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। बाढ़ से नेपाल के ऊर्जा क्षेत्र को भी बड़ा नुकसान पहुंचा है। नेपाल के स्वतंत्र बिजली उत्पादक संघ के अनुसार, 15 जलविद्युत परियोजनाएं प्रभावित हुई हैं। इनमें 10 चालू परियोजनाएं और पांच निर्माणाधीन परियोजनाएं शामिल हैं। कई परियोजनाओं के आसपास बाढ़ का पानी और मलबा पहुंचने से भारी नुकसान की आशंका है। नेपाल सेना के अनुसार, तिमुरे और स्याब्रुबेसी क्षेत्र में वाहन, व्यावसायिक सामान और अन्य संपत्तियां बाढ़ के पानी में बह गईं। रसुवा सीमा शुल्क कार्यालय में रखे कई वाहन और सामान भी बाढ़ की चपेट में आ गए। हाल में बनाया गया एक पुल भी बाढ़ के तेज बहाव में नष्ट हो गया। अचानक आई बाढ़ में सुरक्षा बलों के कई जवानों के भी लापता होने की सूचना है। उत्तरी रसुवा की एक सीमा चौकी पर तैनात नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के चार जवान संपर्क से बाहर हैं। इसके अलावा नेपाल पुलिस के 32 जवानों के भी लापता होने की जानकारी सामने आई है। रसुवा सीमा शुल्क कार्यालय के 14 कर्मचारियों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। नेपाल में आई इस प्राकृतिक आपदा पर भारत की भी नजर बनी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह से फोन पर बातचीत कर बाढ़ की स्थिति और राहत-बचाव कार्यों की जानकारी ली। बड़ी संख्या में भारतीय नागरिकों के लापता होने की सूचना के बाद उनके परिजनों में चिंता बढ़ गई है। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण ने रसुवा के अलावा नुवाकोट, धादिंग, चितवन और गोरखा जिलों में नदी किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

## यूपी के सभी एक्सप्रेसवे के लिए बनेगा साझा कमांड सेंटर

### एक हेल्पलाइन से मिलेगी हर आपात मदद



**लखनऊ(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के एक्सप्रेसवे पर सफर करने वाले यात्रियों को अब हादसे, वाहन खराब होने या किसी अन्य आपात स्थिति में अलग-अलग एजेंसियों से संपर्क करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) प्रदेश के सभी एक्सप्रेसवे के लिए एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केंद्र विकसित करने की तैयारी कर रहा है। इसके जरिए यातायात निगरानी से लेकर आपातकालीन सहायता तक की व्यवस्थाओं को एक ही मंच से संचालित किया जाएगा। प्रस्तावित व्यवस्था में मौजूदा आपातकालीन हेल्पलाइन 14449 को कमांड सेंटर से जोड़ा जाएगा। हेल्पलाइन पर आने वाली प्रत्येक सूचना को दर्ज कर यात्री की स्थिति, घटनास्थल और घटना की गंभीरता के आधार पर संबंधित एजेंसी को तत्काल सहायता के लिए भेजा जाएगा। इसके तहत एंबुलेंस, गश्ती वाहन, क्रेन, पुलिस और दमकल जैसी सेवाओं को जरूरत के अनुसार मौके पर भेजने की प्रक्रिया एक ही व्यवस्था से संचालित होगी। नई व्यवस्था की खासियत यह होगी कि केवल शिकायत या सूचना दर्ज करने तक ही प्रक्रिया सीमित नहीं रहेगी। कॉल मिलने, सूचना दर्ज करने, उसकी पुष्टि करने, संबंधित एजेंसी तक पहुंचाने और मौके पर सहायता उपलब्ध कराने तक पूरी कार्रवाई का रिकॉर्ड रखा जाएगा। आपात स्थिति में उपलब्ध एंबुलेंस, गश्ती वाहन और क्रेन की स्थिति को जीपीएस के माध्यम से देखा जा सकेगा। इससे नियंत्रण केंद्र को यह जानकारी भी मिल सकेगी कि संबंधित वाहन मौके से कितनी दूरी पर है और सहायता पहुंचने में कितना समय लग सकता है। यूपीडा के अनुसार प्रस्तावित कमांड सेंटर में एक्सप्रेसवे से संबंधित यातायात और निगरानी की सूचनाएं एक जगह उपलब्ध होंगी। एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से यातायात की स्थिति, जाम, रुके हुए वाहन, गलत दिशा में चलने वाले वाहनों और दुर्घटनाओं की जानकारी हासिल की जा सकेगी। इसके अलावा स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली (एएनपीआर), वाहनों की गति मापने वाली प्रणालियों, मौसम और दृश्यता सेंसर से मिलने वाले आंकड़ों को भी कमांड सेंटर से जोड़े जाने की व्यवस्था की जा सकती है। इससे एक्सप्रेसवे पर होने वाली घटनाओं की निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया को बेहतर बनाया जा सकेगा। 14449 हेल्पलाइन पर आने वाली उठाई गई, छूटी और दोबारा की गई कॉल का भी रिकॉर्ड कमांड सेंटर में रखा जाएगा। कॉल करने वाले की उपलब्ध जानकारी के साथ एक्सप्रेसवे का नाम, घटनास्थल, यात्रा की दिशा और घटना की श्रेणी दर्ज की जाएगी। किसी मामले के पूरी तरह निस्तारित होने तक उसकी स्थिति भी दर्ज रहेगी।

## महाकाल मंदिर में हंगामा, कांवड़ियों ने तोड़ी बैरिकेडिंग; गर्भगृह में प्रवेश की कोशिश




**उज्जैन(एजेंसी)।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार दोपहर दर्शन को लेकर हंगामा हो गया। मंदिर पहुंचे कुछ कांवड़ियों ने निर्धारित दर्शन व्यवस्था का उल्लंघन करते हुए नंदी हॉल में प्रवेश कर गर्भगृह की ओर जाने का प्रयास किया। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो विवाद बढ़ गया और कथित तौर पर हाथापाई हो गई। मंदिर सूत्रों के अनुसार, कांवड़ियों को भगवान महाकाल को जल चढ़ाने के लिए निर्धारित व्यवस्था के तहत दर्शन करना था, लेकिन कुछ लोग नंदी हॉल की ओर बढ़ने लगे। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे बैरिकेडिंग पार कर नंदी हॉल तक पहुंच गए और गर्भगृह में प्रवेश करने की कोशिश करने लगे। विवाद के दौरान कुछ लोगों पर नंदी हॉल में लगी बैरिकेडिंग तोड़ने और व्यवस्था में लगाए गए सामान तथा दान पेटियों को इधर-उधर करने का आरोप है। सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया, जिसके दौरान दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। घटना में एक सुरक्षाकर्मी के सिर में गंभीर चोट लगने की बात सामने आई है, जबकि कुछ अन्य सुरक्षाकर्मियों के भी घायल होने की सूचना है। घटना के बाद मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मंदिर प्रशासन और सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए दर्शन व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया।

## भारत ने नस्लीय भेदभाव पर यूएन समिति की टिप्पणियां खारिज कीं



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र की नस्लीय भेदभाव उन्मूलन समिति (यूएन-सीईआरडी) की ओर से देश को लेकर की गई टिप्पणियों को सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने समिति की टिप्पणियों को राजनीति से प्रेरित और बेहद दुर्भावनापूर्ण बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि भारत ने 11 और 12 अगस्त को जिनेवा में आयोजित नस्लीय भेदभाव उन्मूलन समिति के तहत अपनी 11वीं आवधिक समीक्षा में रचनात्मक जुड़ाव की भावना के साथ हिस्सा लिया था। मंत्रालय ने कहा कि नस्लीय भेदभाव से निपटने और सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता अटूट है। मंत्रालय के अनुसार, समीक्षा के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने देश की बहुलता, विविधता और विशाल सामाजिक जटिलताओं को सामने रखा। प्रतिनिधिमंडल ने मानवाधिकारों, समानता और सभी नागरिकों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी। भारत ने कहा कि देश प्रत्येक नागरिक के लिए समानता, गरिमा और अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि समिति की टिप्पणियों का जवाब निर्धारित प्रक्रिया के तहत दिया जाएगा।

## भोटेकोशी की बाढ़ में तबाही

**काठमांडू।** नेपाल के रसुवा जिले में बुधवार सुबह भोटेकोशी नदी में आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचा दी। बाढ़ की चपेट में आने से रसुवागढ़ी सीमा शुल्क कार्यालय के 14 कर्मचारी लापता हो गए हैं। घटना के बाद नेपाल सरकार ने राहत और बचाव अभियान तेज कर दिया है। नेपाली सेना, सशस्त्र पुलिस बल, नेपाल पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें लापता लोगों की तलाश में जुटी हैं। प्रभावित क्षेत्रों में हेलीकॉप्टरों के जरिए भी राहत एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा है। नेपाल के गृह मंत्रालय के अनुसार, रसुवागढ़ी सीमा शुल्क कार्यालय में कुल 36 स्थायी कर्मचारी कार्यरत थे। इनमें कार्यालय प्रमुख राजेंद्र ढुंगाना समेत 25 कर्मचारी सुरक्षित हैं, जबकि 11 स्थायी कर्मचारियों का अब तक पता नहीं चल सका है। इसके अलावा कार्यालय में कार्यरत चार संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों में से एक सुरक्षित है, जबकि तीन लापता हैं।

## सुप्रीम कोर्ट की विशेष लोक अदालत में 1,712 मामलों का निपटारा



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में 21 से 23 अगस्त तक आयोजित विशेष लोक अदालत समाधान समारोह-2026 में वर्षों से लंबित विवादों का आपसी सहमति और मध्यस्थता के जरिए समाधान किया गया। तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत में कुल 1,712 मामलों का निपटारा हुआ, जबकि कई मामलों में पक्षकारों के बीच समझौता कराया गया। इस दौरान करीब 240.94 करोड़ रुपये की राशि का वितरण भी किया गया। सुप्रीम कोर्ट के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, शीर्ष अदालत में 96 हजार से अधिक मामले लंबित हैं। इनमें 10 हजार से अधिक मामले ऐसे हैं, जो एक दशक से ज्यादा समय से निपटारे की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ऐसे मामलों में समझौते की संभावना तलाशकर विशेष लोक अदालत के माध्यम से समाधान का प्रयास किया गया। विशेष लोक अदालत के लिए संभावित मामलों की पहचान 21 अप्रैल से पहले ही शुरू कर दी गई थी। समझौते की संभावना वाले मामलों को अलग से चिह्नित कर पक्षकारों और उनके अधिवक्ताओं से संपर्क किया गया। इसके बाद आपसी सहमति से विवाद समाप्त करने की संभावनाओं पर चर्चा की गई। लोक अदालत में वैवाहिक, संपत्ति, मोटर दुर्घटना मुआवजा, कर, सेवा और श्रम से जुड़े मामलों को भी शामिल किया गया। विशेष लोक अदालत में 1978 से लंबित एक कारोबारी विवाद का भी समाधान हुआ। सऊदी अरब की अल मुस्तनीर एस्टैब्लिशमेंट फॉर ट्रेड और सिंडिकेट बैंक, जो अब केनरा बैंक का हिस्सा है, के बीच 2,000 मीट्रिक टन एमएस राउंड बार की आपूर्ति को लेकर विवाद था। सौदे की कीमत करीब 6.8 लाख अमेरिकी डॉलर थी। यह मामला दिल्ली हाईकोर्ट से होते हुए वर्ष 2017 में सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। जुलाई में मध्यस्थता के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी और निर्धारित राशि के भुगतान के साथ करीब पांच दशक पुराना विवाद समाप्त हो गया। अयोध्या की कृषि भूमि से जुड़े दशकों पुराने विवाद में भी विशेष लोक अदालत के दौरान सहमति बनी। मामले से जुड़े मोहम्मद तौसीफ दुबई में रहते हैं और भारत नहीं आ सके। उन्होंने दुबई में हिंदी में समझौता पत्र तैयार कर उस पर हस्ताक्षर किए और उसकी स्कैन प्रति व्हाट्सऐप के माध्यम से अपने कानूनी प्रतिनिधियों को भेजी। समझौते के तहत विवादित कृषि भूमि के उत्तरी हिस्से में अपीलकर्ताओं को 53 प्रतिशत और दक्षिणी हिस्से में प्रतिवादियों को 47 प्रतिशत हिस्सा दिया गया।



# हरैया में कथित फर्जी अस्पतालों का जाल, जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल

## अस्पतालों से मरीज को प्राइवेट हॉस्पिटल में ट्रांसफर करने और इलाज करने के अभाव में हो रहे मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले हरैया कस्बे के कई ऐसे चिकित्सा केंद्र संचालित जिनके वास्तविक स्थिति की जिम्मेदार विभाग द्वारा नियमित जांच तक नहीं कहीं दाई मरीजों का इलाज करती नजर आती तो कहीं अनुभव योग्यता के नाम पर ही उपचार का सिलसिला चल रहा यदि इन संस्थानों के पास निर्धारित योग्यता वैध पंजीकरण नहीं तो वे खुलेआम मरीजों का इलाज कैसे.जब कोई गंभीर घटना सामने नहीं आती तब तक ऐसे कथित अस्पतालों पर कार्रवाई दिखाई नहीं देती। सवाल यह किसी मरीज की जान जाने या गंभीर नुकसान होने के बाद ही प्रशासन कार्रवाई करेगा यदि समय रहते जांच हो जाए तो संभावित हादसे को टाला जा सकता जिले से लेकर सभी तहसीलों में अस्पतालों की भरमार हो गई यहां तक बिना अनुभव के डॉक्टर से इलाज कराया जा रहा है। मरीजों की मौत होने के बाद प्रशासन




जगाता है। हफ्ते दो हफ्ते बंद करवा कर फिर चालू करवा देता हॉस्पिटल को कहीं ना कहीं सिस्टम पर सवाल उठ रहे हैं। सी एम ओ बस्ती द्वारा तमाम में से अस्पताल संचालित हो रहे हैं जान तो ना प्रशिक्षित डॉक्टर हैं। और ना ही प्रशिक्षित महिला डॉक्टर है लेकिन अस्पताल पर घूम रहे अस्पतालों के दलाल झांसी में लेकर के अपने प्राइवेट अस्पताल पर भर्ती करवा कर करते हैं। मोटी रकम की वसूली और जब मरीज मर जाएगा उसके बाद पल्ला झाड़ करके किनारे खड़े हो जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन अस्पतालों पर जांच करके कार्रवाई की जाना अति आवश्यक है नहीं जाने वाले समय में मरीजों की मौत अस्पतालों में ज्यादा हो रही है। लोग इलाज के अभाव में प्राइवेट का रास्ता अपनाते हैं जबकि सरकार द्वारा दी जा रही इतनी फैसिलिटी सरकारी हॉस्पिटलों में फिर भी इलाज न होने के कारण प्राइवेट में जाना पड़ता है इसके कारण अपरिचित डॉक्टर द्वारा इलाज किया जाता है जिससे डिलीवरी में हो रही मौसम का कारण अस्पर नजर आ रहा है। हरैया कस्बे में संचालित सभी निजी अस्पतालों चिकित्सा केंद्रों का अचानक स्थलीय निरीक्षण कराया जाए अस्पताल का पंजीकरण चिकित्सक की डिग्री व पंजीकरण पैरामेडिकल स्टाफ की योग्यता प्रसव संबंधी सुविधाएं दवाओं का रखरखाव अग्निशमन व्यवस्था स्वच्छता तथा अन्य अनिवार्य मानकों जांच केवल कागजों में औपचारिक जांच करने के बजाय वास्तविक स्थिति सामने लाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को धरातल उतरना। जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठ रहे काई सवाल शिकायतों के बावजूद ऐसे संस्थानों की जांच नहीं हो रही यह भी जांच का विषय है कि आखिर निगरानी तंत्र की जिम्मेदारी कौन निभा रहा कस्बे में लंबे समय से संचालित किसी संस्थान की वैधता व्यवस्थाओं की जानकारी विभाग को नहीं तो यह स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर बड़ा सवाल।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया में बाहर की दवाई लिखी जा रही है**

# भरू में विकसित भारत जी राम जी कार्य में अनियमितता के आरोप, जांच की मांग

## मनरेगा में अनियमितताओं के आरोप, मजदूरों के भुगतान और विकास कार्यों पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खंड कप्तानगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत भरू में विकसित भारत जी राम जी के तहत कराए जा रहे कार्यों में कथित अनियमितता और सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों की ओर से ग्राम प्रधान सुखलाल की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की जांच कराए जाने की मांग की जा रही है। आरोप है कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर तैयार की जा रही फाइलों और अभिलेखों में कथित तौर पर लीपापोती की जा रही है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा सचिव और तकनीकी सहायक की भूमिका पर सवाल उठने वाली स्थिति पैदा हो रही है तथा कथित कमीशन के चलते फाइलों पर हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं।

वहीं, आरोप यह भी है कि ग्राम पंचायत में कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता और मौके पर वास्तविक स्थिति की पर्याप्त निगरानी नहीं हो रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर विकास कार्यों के नाम पर खर्च किए जा रहे सरकारी धन का वास्तविक उपयोग किस तरह हो रहा है। मामले में मनरेगा एपीओ और प्रभारी बीडीओ कृष्ण कुमार सिंह की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनके पास दो ब्लॉकों का अतिरिक्त कार्यभार होने के कारण ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की नियमित निगरानी और जांच प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो




ग्राम पंचायत भरू में विकसित भारत जी राम जी के तहत कराए गए कार्यों की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी मामले का संज्ञान लेकर मौके पर जांच कराते हैं या नहीं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि ग्राम पंचायत भरू में लगाए जा रहे अनियमितता के आरोपों की जांच कब होगी और यदि जांच में गड़बड़ी सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों पर क्या कार्रवाई की जाएगी? फिलहाल मामला जांच का विषय बना हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्नी की हत्या के वांछित आरोपी को वाल्टरगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार




**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना वाल्टरगंज पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान फूलचन्द्र पुत्र राम राज, निवासी ग्राम बहेरिया, थाना वाल्टरगंज, जनपद बस्ती के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक थाना वाल्टरगंज में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 192/2026, धारा 103(1) बीएनएस से संबंधित मामले में फूलचन्द्र वांछित चल रहा था। पुलिस टीम ने उसे 25 अगस्त 2026 को शाम 7:53 बजे बक्सई चौराहे से कुछ दूरी पर हर्दिया जाने वाली सड़क पर राजा के बाग के सामने से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बस्ती डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष वाल्टरगंज सूर्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह, हेड कांस्टेबल राजाराम गुप्ता, कांस्टेबल शैलेन्द्र यादव तथा रिजर्व आर्म्ड कांस्टेबल निर्मल सिंह और प्रमोद कुमार यादव शामिल रहे।

### हर 10 मिनट में मिलेगी बस: रक्षाबंधन पर आगरा रोडवेज की खास तैयारी

**आगरा।** भाई-बहन के पवित्र प्रेम, अटूट विश्वास और रक्षा के वचन का एक प्रमुख पर्व रक्षाबंधन को लेकर रोडवेज ने विशेष तैयारियां की हैं। उनका सफर सुगम और सुरक्षित हो, इसके लिए सभी बसों की फिटनेस पर ध्यान दिया गया है। चालक और परिचालक नशे में न हों इसकी जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्रीय प्रबंधक व सेवा प्रबंधकों को दी गई है। बसों का संचालन समय पर हो, उन्हें लंबा इंतजार न करना पड़े, उसी हिसाब से रोड की जरूरत के हिसाब से बसों की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे इस भाई-बहन के पवित्र रिश्ते में किसी भी तरह से व्यवस्था न पड़ सके।

# एक करोड़ से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की मंडलीय समीक्षा, समय से पूरा कराने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती आयुक्त सभागार में मंडलायुक्त वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल के विभिन्न जनपदों में संचालित परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की परियोजनावार समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं।

उन्होंने कहा कि धन के अभाव में किसी भी परियोजना का कार्य प्रभावित नहीं होना चाहिए। बजट की आवश्यकता होने पर शासन को समय से मांग पत्र भेजकर




धनराशि की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने धीमी गति से चल रही परियोजनाओं में तत्काल तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप भौतिक प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को नियमित समीक्षा कर निर्माण कार्यों में आने वाली बाधाओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने को कहा।

**गुणवत्ता में कमी मिली तो होगी कार्रवाई**

मंडलायुक्त ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों और तकनीकी विशिष्टताओं का कड़ाई से पालन किया जाए। संबंधित अधिकारी नियमित स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता, प्रगति और उपयोग की जा रही सामग्री का सत्यापन करें। गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर कमी पाए जाने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा भौतिक एवं वित्तीय प्रगति में तालमेल बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट समय से उपलब्ध कराने को कहा। बैठक का संचालन उप निदेशक अर्थ एवं संख्या पूनम ने किया। इस दौरान संयुक्त विकास आयुक्त निर्मल कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, सिद्धार्थनगर के बलराम सिंह, संतकबीर नगर के जयकेश त्रिपाठी समेत संबंधित विभागों के मंडलीय अधिकारी और विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### साइबर हेल्प डेस्क कोइरौना की त्वरित कार्रवाई से साइबर फ्रॉड की 35,000/- धनराशि वापस कराई गई

**भदोही।** पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागीके कुशल निर्देशन में जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर फ्रॉड के पीड़ितों की धनराशि वापस कराने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में साइबर हेल्प डेस्क थाना कोइरौना द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर फ्रॉड के पीड़ित की 35,000/- (पैंतीस हजार रुपये) की धनराशि सफलतापूर्वक वापस कराई गई। जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर फ्रॉड के मामलों में पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने के उद्देश्य से अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर हेल्प डेस्क थाना कोइरौना एवं थाना प्रभारी कोइरौना को साइबर ठगी से संबंधित शिकायतों पर तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के क्रम में आवेदक संतोष आद्याप्रसाद मिश्रा पुत्र आद्याप्रसाद मिश्रा, निवासी ग्राम धनतुलसी, थाना कोइरौना, जनपद भदोही द्वारा साइबर फ्रॉड के कारण खाते से धनराशि कट जाने के संबंध में शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था।

# गांजा बिक्री की वायरल खबर को भ्रामक जांच में झूठी पाई गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना छावनी क्षेत्र के बबुरहवा और शंकरपुर विक्रमजोत में सोशल मीडिया पर प्रसारित कथित गांजा बिक्री की खबर को लेकर पुलिस ने जांच और तलाशी अभियान चलाया। पुलिस की जांच में मौके से न तो कोई व्यक्ति मिला और न ही कोई अवैध मादक पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने वायरल खबर में इस्तेमाल किए गए फोटो और बताए गए स्थानों को भी संदिग्ध बताया है। थाना छावनी पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर में दिखाई गई गुमटी के संबंध में मौके पर तलाश और चेकिंग की गई। जांच के दौरान गुमटी सड़क के नीचे गड्ढे में पानी में गिरी हुई मिली। स्थानीय स्तर पर जानकारी करने पर पुलिस को बताया गया कि उक्त गुमटी काफी समय पहले ही सड़क से नीचे गड्ढे में गिर गई थी। मौके पर किसी व्यक्ति अथवा गांजा समेत कोई अवैध मादक पदार्थ नहीं मिला।

वहीं वायरल खबर में शंकरपुर का एक बाउंड्रीवाल वाला स्थान भी दिखाया गया था। विक्रमजोत चौकी प्रभारी एसआई सभाजीत मिश्र द्वारा मौके पर तलाश की गई, लेकिन पुलिस के मुताबिक प्रकाशित खबर में प्रदर्शित बाउंड्रीवाल वाला संदिग्ध स्थान शंकरपुर में कहीं नहीं मिला। पुलिस ने इन तथ्यों के आधार पर सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर को भ्रामक और अपुष्ट बताया है। पुलिस का कहना है कि फोटो किसी अन्य स्थान का और पुराना इस्तेमाल कर गलत मंशा से खबर प्रसारित किए जाने की आशंका है। थाना छावनी पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में संदिग्ध स्थानों पर लगातार चेकिंग और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक, हल्का प्रभारी और बीपीओ को मादक पदार्थों तथा अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए पिकेट और नियमित गश्त भी लगाई जा रही है। पुलिस ने कहा कि मादक पदार्थ और अवैध शराब की बिक्री व परिवहन पर प्रभावी रोकथाम के लिए छावनी पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** थाना क्षेत्र बाजार शुक्ल में जश्ने ईद मिलादुन्नबी (बारावफात) का त्योहार शुक्रवार को आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। थाना अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में बाजार शुक्ल पुलिस की सक्रियता और सतर्कता के चलते पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रही।बाजार शुक्ल कस्बे सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा जुलूस निकाले गए। जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। इस दौरान पूरा क्षेत्र 'मरहबा या मुस्तफा' के नारों से गूंज उठा। लोगों ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस की खुशी में एक-दूसरे को मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी।कस्बे में जुलूस मदरसा असरफुल उलूम चिश्तिया मस्जिद से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होता हुआ पुनः मदरसा परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। लोग रास्ते भर नात और सलाम पढ़ते हुए पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म की खुशी मनाते नजर आए।

इस अवसर पर हाफिज सुहेल खान ने कहा कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी पूरी उम्मत के लिए खुशी और प्रेरणा का दिन है। यह दिन पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षाओं को याद करने तथा उनके बताए रास्ते पर चलने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब ने पूरी इंसानियत को प्रेम, भाईचारे, आपसी सद्भाव और शांति का पैगाम दिया। उन्होंने समाज के लोगों से पैगंबर साहब की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द मजबूत करने की अपील की। वहीं त्योहार के दौरान बाजार शुक्ल पुलिस लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती रही। पुलिस की सक्रियता के चलते त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### 7000 लीटर मिलावटी दूध नष्ट, 145 किलो मावा जब्त

**आगरा।** रक्षाबंधन से ठीक पूर्व मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं। मिलावटी दूध, मावा और एनालाग पनीर की आपूर्ति की जा रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीम ने बुधवार सुबह सैंया टोल प्लाजा से मध्य प्रदेश के नंबर के एक टैंकर की जांच की। टैंकर में सात हजार लीटर मिलावटी दूध मिला। चालक के पास कोई भी बिल भी नहीं था। नाथूपुर फतेहाबाद में टीम को जांच में एक मिष्ठान विक्रेता के यहां से 145 किग्रा मिलावटी मावा और 52 किग्रा वनस्पति जैसे पदार्थ को सीज किया गया। दिनभर चले अभियान में टीम ने 16 नमूने लिए। टीम ने दूध और मावा को नष्ट करा दिया। शहर में मुरैना मध्य प्रदेश, राजाखेड़ा, धौलपुर राजस्थान से हर दिन मिलावटी दूध, मावा और एनालाग पनीर की आपूर्ति होती है। रक्षाबंधन पर्व से पूर्व इनकी मांग 40 से 55 प्रतिशत बढ़ गई है। बुधवार सुबह चार बजे एफएसडीए टीम सैंया टोल प्लाजा पर जांच कर कर रही थी। टीम ने मध्य प्रदेश नंबर के एक टैंकर को रुकवाया। मुरैना के टैंकर चालक राम निवासी ने बताया कि 10 साल से टैंकर चला रहा है।

# स्मृति ईरानी से मिले भाजपा अमेठी के जिला पदाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी अमेठी के जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा केंद्रीय कार्यालय में पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री एवं अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति ईरानी से भेंट की। जिला पदाधिकारियों ने स्मृति ईरानी को पार्टी का राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला पदाधिकारियों ने स्मृति ईरानी से आत्मीय मुलाकात कर उनका स्नेहिल आशीर्वाद प्राप्त किया। भेंट के दौरान अमेठी संगठन की गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा संगठनात्मक कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। स्मृति ईरानी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए निरंतर जनसंपर्क तथा सक्रिय सहभागिता पर जोर दिया।




भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि स्मृति ईरानी का मार्गदर्शन अमेठी के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए नई ऊर्जा, उत्साह और प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें राष्ट्रीय महामंत्री का दायित्व दिया जाना कार्यकर्ताओं के लिए गौरव का विषय है। उनके अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और मार्गदर्शन से अमेठी भाजपा संगठन को भी नई दिशा और मजबूती मिलेगी।जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते हुए पार्टी की नीतियों एवं केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला संगठन पूरी तत्परता के साथ कार्य करेगा।भाजपा जिला पदाधिकारियों ने स्मृति ईरानी को उनके नवीन दायित्व के लिए पुनः शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पार्टी संगठन राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त एवं प्रभावशाली भूमिका निभाएगा।

# बारावफात को लेकर पुलिस अलर्ट, उतरौला में एएसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

## जुलूस मार्ग, ईदगाह, मस्जिदों और संवेदनशील क्षेत्रों का किया पैदल निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** बारावफात/ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए बलरामपुर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन में पुलिस अधिकारी लगातार संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने उतरौला कस्बे का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य जुलूस मार्ग, ईदगाह, प्रमुख मस्जिदों, बाजार, चौराहों तथा मिश्रित



आबादी वाले संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर मौके की स्थिति देखी।

निरीक्षण के दौरान एएसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली तथा उन्हें पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने दंगा नियंत्रण उपकरण, बॉडी वॉर्न कैमरा, लाउडहेलर समेत अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की भी जांच की।

**संदिग्ध गतिविधि की तत्काल दें सूचना**

पुलिस प्रशासन ने आमजन से बारावफात का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अफवाह अथवा विवाद की स्थिति में कानून हाथ में न लें और तत्काल डायल 112 अथवा संबंधित थाना पुलिस को सूचना दें। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और किसी भी तरह की अराजकता से सख्ती से निपटा जाएगा।

# अकीदत के साथ निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जरवा क्षेत्र में जुलूस-ए-मोहम्मदी अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस में नौजवानों, बुजुर्गों और बच्चों समेत बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। जुलूस के दौरान अकीदतमंदों ने दरूद-ओ-सलाम का नजराना पेश किया और पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सीरत और तालीमात को याद किया। जुलूस के दौरान लोगों ने आपसी भाईचारे, मोहब्बत और अमन का संदेश दिया। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। कोतवाली जरवा के प्रभारी निरीक्षक योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल विभिन्न स्थानों पर तैनात रहा और जुलूस के मार्ग पर लगातार निगरानी रखी।

पुलिस टीम ने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के साथ शांतिपूर्ण माहौल कायम रखने में सहयोग किया। जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अकीदतमंदों ने मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे, खुशहाली और तरक्की की दुआ की। साथ ही पैगंबर-ए-इस्लाम की मोहब्बत, इंसानियत और नेक अखलाक के पैगाम को आम करने का संकल्प लिया।इस दौरान मौलाना फैजान रजा जमाली, मौलाना मोहम्मद हसन, सोहेल मौलाना, हसन, मौलाना इरफान, कलप हुसैन खान बाबूजान प्रधान इकबाल हुसैन उर्फ शहजाद भाई मोहम्मद शफीक मोहम्मद हुसैन खान मोहम्मद अहमद उर्फ जमाई आबिद रयनी मंजू जरवा रजब टड़वा अत्ताउल्लाह रयनी नसीम रयनी मुन्ना माइकल अब्दुल्ला रयनी सलमान रतनी इमरान खान अबरार खान राजा खान अफजल मुकीम रयनी बशीर कुरैशी शेर अली कुरेशी वसीम रयनी सहित काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# बारावफात पर निकला जुलूस-ए-मुबारक, अकीदतमंदों की उमड़ी भीड़



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** बारावफात के मुबारक मौके पर बुधवार को महराजगंज-अटरेहटा कस्बे में अकीदतमंदों ने पूरे एहतराम और अकीदत के साथ जुलूस-ए-मुबारक निकाला। जुलूस कस्बे के विभिन्न चौराहों और प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। बड़ी तादाद में अकीदतमंदों की शिरकत से पूरा कस्बा धार्मिक सदाओं से गूंजता रहा। इस मुबारक मौके पर बछरावां विधानसभा क्षेत्र के मौजूदा लोकप्रिय विधायक श्याम सुंदर भारती ने भी जुलूस-ए-मुबारक में शिरकत कर अकीदतमंदों को बारावफात की मुबारकबाद दी। विधायक के शामिल होने पर लोगों ने उनका इस्तकबाल किया। उन्होंने आपसी भाईचारे, मोहब्बत, अमन और सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे मुबारक मौके समाज में एकता और इंसानियत का पैगाम देते हैं। बारावफात को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया। थाना प्रभारी जगदीश यादव के साथ एसएसआई देवेंद्र सिंह भदौरिया पुलिस बल के साथ लगातार गश्त करते रहे और जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर बनाए रखी।

महराजगंज-अटरेहटा के अलावा सलेथू, हलोर, बल्ला, कोटवा मदनिया, मर्दानपुर, रसेहता और लोधवामऊ समेत आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में अकीदतमंद जुलूस में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी जुलूस में शामिल होकर लोगों की हौसला अफजाई की तथा कहा कि हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक यह महाराजगंज क्षेत्र हमेशा आपसी सौहार्द बनाकर त्योहारों को मानता है सभी से अपील है कि एक दूसरे के गले मिल कर बारावफात के त्यौहार को मनाएं, हाजी जियाउल हक, मोहम्मद फारूक, मुस्ताक रायनी, लाल मनिहार, गुड्डू अली, अमजद, इम्तियाज अली और बाबू समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन की सतर्क निगरानी और पुख्ता इंतजामों के बीच जुलूस-ए-मुबारक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम में अमन-ओ-अमान, आपसी मोहब्बत, भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली।

# सपा की सरकार बनी तो महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपये, छात्राओं को लैपटॉप-साइकिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राष्ट्रीय महिला समानता दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर महिलाओं पर अपना फोकस बढ़ा दिया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 'स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना' की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर इस योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा और महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी इस योजना को विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में शामिल करेगी। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को आगे बढ़ाए बिना प्रदेश और देश की तरक्की अधूरी है। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक आत्मनिर्भरता को पार्टी की प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर महिलाओं की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। सपा अध्यक्ष ने घोषणा की कि सरकार बनने पर इंटर पास करने वाली छात्राओं को लैपटॉप और साइकिल दी जाएगी। इसके साथ ही महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और परिवहन की बेहतर सुविधा से छात्राओं और महिलाओं को आगे बढ़ने के अधिक अवसर मिलेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान बंद किए गए 26 हजार प्राथमिक विद्यालयों को फिर से खोला जाएगा। सरकारी स्कूलों में फीस माफ करने तथा निजी स्कूलों की फीस आधी करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने पोषण मिशन योजना को दोबारा शुरू करने और आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं में सुधार का भी ऐलान किया। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में महिलाओं की सुरक्षा के लिए शुरू की गई 1090 महिला हेल्पलाइन को प्रभावी बनाया गया था। उन्होंने यूपी डायल-100 सेवा का भी उल्लेख करते हुए कहा कि समाजवादी सरकार ने महिलाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था मजबूत की थी। उन्होंने कहा कि प्रसूताओं के लिए 102 एंबुलेंस सेवा को भी दोबारा शुरू किया जाएगा। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिलाओं के नाम पर केवल नारे देती है, जबकि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। सपा अध्यक्ष ने महिला आरक्षण कानून को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण कानून संसद से पारित होकर कानून बन चुका है, ऐसे में इसे लागू करने में देरी क्यों की जा रही है। उन्होंने मांग की कि 2027 के विधानसभा चुनाव से ही महिला आरक्षण लागू किया जाए। अखिलेश यादव ने प्रदेश में महिलाओं और बेटियों के साथ हुई विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं में असुरक्षा की भावना को खत्म करना जरूरी है और समाजवादी पार्टी सत्ता में आने पर इस दिशा में प्राथमिकता से काम करेगी। कार्यक्रम में सांसद डिंपल यादव ने 'स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना' के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का विकास केवल बातें करने से नहीं, बल्कि महिलाओं को वास्तविक प्रतिनिधित्व और आर्थिक मजबूती देने से होगा।

# डीएम साहब! जरा एक नजर इधर भी

## सरकार को लग रहे लाखों के राजस्व के चूने पर आखिर कब लगेगी लगाम ?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




लहरपुर (सीतापुर) जहां एक तरफ सरकार को हर रोज लाखों के राजस्व का चूना लगा रही प्लाईवुड, आरा और विनियर फैक्ट्रियों के द्वारा दिन-रात की जा रही मानकों की अनदेखी के बावजूद प्रशासनिक चुप्पी पूरे सिस्टम पर एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर रही है वहीं दूसरी तरफ मण्डी विभाग , जीएसटी विभाग और काष्ठ आधारित उद्योगों का विनियमतीकरण करने वाली प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े निचले स्तर के कर्मचारियों द्वारा इन अवैध कारोबारियों से सांठगांठ कर लाखों के वारे-न्यारे भी किये जा रहे हैं। कारोबार से जुड़े लोगों की मानें तो हर दिन जहां लाखों की लकड़ी और प्लाई का अन्य जिलों के लिये फर्जी जीएसटी और मण्डी प्रपत्रों के सहारे अवैध परिवहन कर सरकार को राजस्व का भारी नुकसान किया जा रहा है वहीं एक ही कागज के सहारे कई कई गाडियों की निकासी भी निचले कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते आम बात हो चुकी है। यही नहीं एक ही जगह पर दो-दो, तीन-तीन लाइसेंस के बारे मे भी बड़ी प्रशासनिक अनदेखी की बात कही जा रही है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि ऐसे मामलों मे प्रत्येक लाइसेंस पर होने वाला कार्य अलग-अलग होना चाहिये लेकिन सच्चाई ये है कि उच्च प्रशासनिक अनदेखी और निचले स्तर की मिलीभगत के चलते एक ही छत के नीचे एक साथ कई कई मशीनों पर कार्य करने के बावजूद एक ही मशीन को चालू दर्शा कर बड़े पैमाने पर सरकार को राजस्व का चूना लगाया जा रहा है।कस्बे के शहर बाजार चौराहे से चुंगी गेट रास्ते के दोनो तरफ , गौरिया ( तम्बौर रोड), नायरा पेट्रोल पम्प के पास और केसरीगंज के साथ-साथ बिसवां रोड स्थित कर्बला रोड पर मौजूद प्लाईवुड और विनियर मशीने लगातार सरकार को लाखों के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। अब देखना ये है कि अपनी तैनाती के बाद से ही अवैध कारोबारियों और सत्ता से जुड़े दलालों के लिये भारी परेशानी की वजह बन चुके जिलाधिकारी राजा गणपति आर की पैनी निगाहें इस पूरे मकड़जाल की ओर कब घूमती हैं और कब सरकार को दिनरात लगाये जा रहे राजस्व के लाखों रुपये के चूने पर लगाम लगेगी।

# 40 हजार और स्कूटी का झांसा बंद करो, हिम्मत है तो शराब की दुकानें बंद करो': ब्रजमोहन सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजमोहन सिंह ने चुनावी घोषणाओं को लेकर सरकारों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही जनता को आर्थिक सहायता, स्कूटी, मुफ्त बस यात्रा और रोजगार जैसे वादों का लालच दिया जा रहा है, लेकिन सरकारों को गरीब, किसान और युवाओं की वास्तविक समस्याओं का समाधान करना चाहिए। ब्रजमोहन सिंह ने कहा कि कहीं महिलाओं को 40 हजार रुपये देने की बात कही जा रही है तो कहीं स्कूटी और मुफ्त बस यात्रा का वादा किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि 'अगर हिम्मत है तो शराब की दुकानें बंद करके दिखाओ, गरीब किसानों का कर्ज माफ करके दिखाओ और युवाओं को रोजगार देकर दिखाओ। ' उन्होंने कहा कि गांव-गांव और गली-मोहल्लों में शराब की दुकानें खोलने से गरीब परिवारों पर आर्थिक और सामाजिक असर पड़ रहा है। उनका आरोप है कि एक तरफ शराब की बिक्री को बढ़ावा दिया जा रहा है और दूसरी तरफ उसी गरीब परिवार को आर्थिक सहायता देने की घोषणाएं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में गरीबों की चिंता करती है तो पहले शराब की दुकानों पर रोक लगाकर परिवारों को बचाने का काम करे। ब्रजमोहन सिंह ने युवाओं के रोजगार के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सरकारें सत्ता में हैं, लेकिन बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। चुनाव के समय नौकरी देने के वादे किए जाते हैं, जबकि युवाओं को स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ठोस नीति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि युवाओं को चुनावी वादों के बजाय रोजगार और स्वरोजगार के स्थायी अवसर चाहिए। सरकारों को इस दिशा में स्पष्ट योजना बनाकर उसे धरातल पर लागू करना चाहिए। भारतीय जन समाज पार्टी के अध्यक्ष ने किसानों की कर्जमाफी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि कर्ज के बोझ से परेशान गरीब किसान संकट का सामना कर रहे हैं। किसानों को राहत देने के लिए उनके कर्ज माफ किए जाने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब किसान पर कर्ज होने पर उसकी संपत्ति या कृषि उपकरणों पर कार्रवाई की जाती है, जबकि बड़े कर्जदारों को लेकर सरकारों की नीतियों पर सवाल उठते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए और गरीब किसानों को कर्ज के जाल से बाहर निकालना चाहिए।

# 94 वीं जयंती पर गांव से लेकर शहर तक याद किए गए बाबू भगवती सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर।** प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक देश श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह का 94वीं जयंती उनके द्वारा स्थापित चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय कैंपस में मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ प्रबंधक डॉ टी पी सिह, महामंत्री बैजनाथ रावत एवं मंत्री जी के प्रेमियों ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। कृषि महाविद्यालय के महामंत्री डॉ बैजनाथ रावत ने उनके जीवन पर चर्चा की और कहां वह एक सच्चे समाजवादी चिंतक थे उनके विचार और संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान नई पीढ़ी से किया । महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ टीपी सिंह ने बताया कि बाबूजी जनसेवक के रूप में कार्य करते थे वह एक सच्चे समाजवादी विचारधारा के प्रखर नेता थे वह सच्चे ईमानदार निष्कलंक नेता रहे गरीब के हर अंतिम परिवार तक सुविधा पहुंचाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा । भारत सेवा संस्थान के महामंत्री डॉ जे एन मिश्रा ने कहा की बाबू भगवती सिंह गरीबों के मसीहा थे उनके कार्यों की राजधानी ही नहीं पूरे प्रदेश में उनकी चर्चाएं आज भी होती हैं। वह एक सच्चे ऋषि पुरुष थे। तृप्ति सिंह ने बाबूजी के कार्यों को गिनाया । प्रबंध समिति के सदस्य आरपी सिंह ने बताया कि मंत्री जी समर्पण भाव से काम करते थे और वह सिर्फ सुनते थे यहां तक कि विपक्षियों का भी वह सम्मान करते थे। महाविद्यालय के मीडिया डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह की जयंती पर बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज की प्रबंधक एन के सिंह एवं एवं प्राचार्य अशोक बाजपेई तथा कोषाध्यक्ष अशोक सिंह के द्वारा हवन पूजन किया गया तथा कृषि महाविद्यालय में भजन कीर्तन एवं दृष्टि संस्था लखनऊ में भंडारे का आयोजन किया गया बक्शी तहसील स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा चंद्रिका देवी मेला समिति द्वारा कवि सम्मेलन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। मंत्री जी के अनुयायियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी एवं मंच का संचालन कर रहे डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बाबू भगवती सिंह एक सच्चे ईमानदार राजनेता थे उनके द्वारा स्थापित संस्थाएं निरंतर फल फूल रही हैं । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह जन्मदिवस जयंती में आए हुए सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी, डॉ के डी सिंह, डॉ सुधाकर सिंह, प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया, अजय सिंह भदोरिया,शिव कुमार सिंह, समाजसेवी राम बहादुर सिंह, राम नरेश सिंह, व्यापार मंडल बक्शी का तालाब के अध्यक्ष अजीत सिंह, श्री डॉ उपमा त्रिपाठी, डॉ सुधाकर सिंह, डॉ योगेश कुमार शर्मा डॉ के डी सिंह सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नारा-ए-तकबीर' से गूंजा शहर, शान-ओ-शौकत के साथ निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

**⊖दुल्हन की तरह सजा पुराना शहर, उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब, गूंजी नातें**
**⊖कज़ियारे चौराहे पर मुल्क में अमन-चैन के लिए उठीं हाथ, जगह-जगह लगीं सबीलें**
**⊖ऊंट-घोड़े बने आकर्षण का केंद्र, युवाओं और बच्चों में दिखा भारी उत्साह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** पैगंबर हज़रत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश (ईद-मिलाद-उन-नबी) का त्योहार बुधवार को पूरे शहर में अकीदत, कौमी एकता और बेहद अदब व एहतराम के साथ मनाया गया। नारा-ए-तकबीर, अल्लाह-हू-अकबर और सरकार की आमद मरहबा के गगनभेदी नारों से शहर का पुराना इलाका सुबह से लेकर देर रात तक गूंजता रहा। पैगंबर साहब की शान में लगातार नारे बुलंद होते रहे और चारों तरफ जश्न का माहौल दिखाई दिया। इस मुक़द्दस मौके पर अकीदतमंदों में खासा उत्साह देखा गया। लोगों ने अपने घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और दुकानों को बेहद खूबसूरत रंग-बिरंगी लाइटों, बिजली की झालरों और इस्लामी झंडों से सजाया था। शहर के प्रमुख चौराहों और रास्तों पर जगह-जगह भव्य सजावटी गेट बनाए गए थे। आकर्षक रोशनी के चलते पूरा पुराना इलाका दुल्हन की तरह सजा हुआ नज़र आ रहा था। त्योहार का मुख्य आकर्षण बुधवार को जोहर (दोपहर की नमाज) के बाद निकाला गया पारंपरिक जुलूस-ए-मोहम्मदी रहा। नमाज़ संपन्न होने के बाद सबसे पहले कल्लू पहलवान के आवास पर अकीदत के साथ फातिहाख्वानी की गई, जहां मुल्क की तरक्की के लिए मन्नतें मांगी गईं। इसके बाद मरकज़ी कमेटी जुलूस-ए-मोहम्मदी के सदर हाजी मुजीब अहमद और जनरल सेक्रेटरी के इकबाल अहमद के नेतृत्व में पक्के पुल से विशाल जुलूस की शुरुआत की गई।

जुलूस अपने पारंपरिक और पूर्व निर्धारित रास्तों से होकर गुज़रा। इसमें शामिल सैकड़ों अंजुमनों के उलेमा और अकीदतमंदों ने पूरी शिद्दत के साथ हज़रत मोहम्मद साहब की शान में नातें पढ़ीं और मज़हबी नारे लगाए। जुलूस में शामिल छोटे बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था, जो हाथों में इस्लामी परचम थामे चल रहे थे। वहीं युवाओं का जोश भी देखने लायक था। जुलूस में शामिल सजे-धजे ऊंट, घोड़े और वाहन लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। इसके अलावा, युवाओं और अकीदतमंदों ने अपने दोपहिया और चार पहिया वाहनों को भी रंग-बिरंगी लाइटों से सजाकर जुलूस में शामिल किया। शहरवासियों ने रास्तों में जगह-जगह खाने-पीने की चीज़ों और ठंडे पानी की सबीलें लगाईं। लोगों ने जुलूस का ज़ोरदार इस्तकबाल किया और अंजुमनों व कमेटी के पदाधिकारियों का स्वागत किया। अपने तय रास्तों से होता हुआ यह जुलूस देर शाम कज़ियारे चौराहे पर पहुंचा, जहां यह एक विशाल जलसे में तब्दील हो गया। जलसे के आख़िर में उलेमा-ए-किराम ने देश में अमन-चैन, भाईचारे और तरक्की के लिए सामूहिक दुआ कराई, जिसके बाद शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान मरकज़ी कमेटी के सरपरस्त मुन्ना पहलवान, कारी सलाहुद्दीन, अकील अहमद, मो. इम्तियाज़ ख़ान, अब्दुल कय्यूम अंसारी, मो. शमीम खान शानू, आफताब इक़बाल, यासीन इब्ने उमर, आफताब अंसारी, शमीम बेग, नूरुल हक़, अयाज़ अहमद शानू, उरूज बुनियाद, मो. नबी मोल्हे, मो. सलीम अड्डू, अकीलुर रहमान अंसारी, मोईन ख़ान, मो. काशिफ, एहराज बेग बब्बू, शाहनवाज़ अंसारी, निहाल, पप्पू अंसारी, रियाज़ अंसारी जिब्बू, मोअज्जम अहमद मोनू, फुरक़ान अंसारी, मुमताज़ बेग, ज़ीशान मिर्ज़ा, कारी असद, ज़फर आलम, तलहा जफ़र और मो. नईम सहित अन्य तमाम मेम्बरान व अकीदतमंद मौजूद रहे।

# मलिहाबाद के नबीनगर में सीसी रोड निर्माण को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी, मनमानी और पक्षपात का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**मलिहाबाद।** विकासखंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत नबीनगर में सीसी रोड निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर निर्माण कार्य में पक्षपात और मनमाने तरीके से काम कराए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने सीसी रोड का निर्माण निष्पक्ष तरीके से कराए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार गांव में सिद्धीक मनिहार के घर से विमलेश कनौजिया के घर तक सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण का कार्य इस तरह कराया जा रहा है कि गांव की जलभराव वाली समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने सिद्धीक मनिहार के घर से दिलीप लोधी के घर के मोड़ तक सड़क निर्माण कराए जाने की आवश्यकता बताई है। ग्रामीणों के मुताबिक विमलेश के घर से दिलीप लोधी के घर तक करीब 40 मीटर रास्ते में जलभराव की गंभीर समस्या है। स्थिति यह है कि इस रास्ते से पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में ग्रामीणों ने मांग की है कि सीसी रोड निर्माण में इस हिस्से को भी शामिल किया जाए, ताकि जलभराव और आवागमन की समस्या से राहत मिल सके। शिकायती पत्र में ग्राम पंचायत के विकास कार्यों और पंचायत सचिव की कार्यप्रणाली को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव नियमित रूप से पंचायत भवन नहीं आते और फोन तथा ब्लॉक कार्यालय में भी आसानी से उपलब्ध नहीं होते। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव को गांव से हटाने की मांग भी की है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने मामले से मलिहाबाद की विधायक को भी अवगत करा दिया है। उनका कहना है कि यदि उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ से शिकायत करेंगे। जरूरत पड़ने पर ग्रामीणों ने विकासखंड मलिहाबाद कार्यालय के बाहर धरना देने की चेतावनी भी दी है। समस्या के विरोध में पारख महासंघ के ब्लॉक मलिहाबाद अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मलिहाबाद ब्लॉक की बीडीओ सर्जना शुक्ला से मिलकर इसकी लिखित शिकायत करना चाहा परंतु वह मौके पर मजूद नहीं मिली जिसके बाद वीडियो संदेश के माध्यम से ग्रामीणों ने शिकायत किया और गांव की बदहाल सड़कों तथा जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान कराने की मांग की। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर सीसी रोड निर्माण को जरूरत के अनुसार पूरा कराने तथा जलभराव वाले रास्ते की समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# शानो-शौकत से निकला जुलूस-ए-मुहम्मदी

## लब्बैक या रसूलल्लाह और मरहबा या मुस्तफा के नारों से गूंजता रहा नगर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां, सीतापुर।** 12 रबीउल अव्वल के मौके पर मरकजी कमेटी के तत्वावधान में जुलूस-ए-मुहम्मदी बड़े ही शानो-शौकत के साथ निकाला गया। रविवार सुबह करीब 10 बजे कंकर वाली शाही मस्जिद के सहन में सलातो-सलाम के बाद मरकजी कमेटी के सदर अब्दुल अतीक खां एवं मुख्य संरक्षक शाहिद हुसैन एडवोकेट की अगुवाई में जुलूस का आगाज हुआ। जुलूस अपने कदीमी रास्तों से होते हुए घोसियाना, छोटा चौराहा, मिरदही टोला, शेख सरांय, जोशी टोला, जुलाही टोला, काजी टोला, मियांगंज, दायरा, मुराऊ टोला, हजीरा, सब्जी मंडी, बड़ा चौराहा, पोस्टर चौराहा, पठानी टोला और थवई टोला से गुजरता हुआ पुनः कंकर वाली शाही जामा मस्जिद पहुंचा, जहां जुलूस का समापन हुआ।

जुलूस में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। मजहबी झंडों के साथ सैकड़ों अंजुमनों ने शिरकत की। सबसे आगे मरकजी कमेटी के सदर अब्दुल अतीक खां, सरपरस्त मोहम्मद शाहिद हुसैन एडवोकेट, सेक्रेट्री अहमद अली अंसारी, नायब सेक्रेट्री नय्यर शकेब, मुकर्रम खां, महबूब अली, अफजाल कौसर, मशर्रत अली, वकार गौरी, नईम खां, जियाउल हक, एजाज अली सहित अन्य लोग हाथों में झंडे लेकर नबी पाक के तराने पढ़ते हुए चल रहे थे। जुलूस में शामिल लोग 'पत्ती-पत्ती फूल-फूल या रसूल ', 'लब्बैक या रसूलल्लाह' और 'मरहबा या मुस्तफा' के नारे बुलंद करते हुए आगे बढ़ रहे थे।

### ऊंट-घोड़ों ने बढ़ाई जुलूस की शोभा

जुलूस-ए-मुहम्मदी में ऊंट और घोड़े भी शामिल हुए, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। ऊंट-घोड़ों को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। खासकर बच्चों और युवाओं में इन्हें देखने को लेकर खासा उत्साह नजर आया। जुलूस के साथ ऊंट-घोड़ों के गुजरने से इसकी शोभा और बढ़ गई। देर रात जुलूस पुनः कंकर वाली शाही जामा मस्जिद पहुंचा, जहां जश्ने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। इस दौरान अंजुमनों, मस्जिदों की सजावट तथा नुमाइश लगाने वालों को मरकजी कमेटी की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा और पुलिस अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे।

### रोशनी ने लोगों का मन मोहा

12 रबीउल अव्वल के मौके पर बिसवां नगर की विभिन्न सड़कों, गलियों और मस्जिदों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। कई स्थानों पर नुमाइशों का आयोजन किया गया। सजावट, रोशनी और नुमाइश देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। देर रात तक नगर की सड़कों पर लोगों की भीड़ बनी रही।

# खंभेश्वर नाथ बाबा मंदिर परिसर में विधायक निर्मल वर्मा के बेटे ने किया वृक्षारोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खंभेश्वर नाथ बाबा मंदिर परिसर में बुधवार को पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा के बेटे ने मंदिर परिसर में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।**

**बिसवां सीतापुर।** पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, पौधों की देखभाल का संकल्प लिया लिया । खंभेश्वर नाथ बाबा मंदिर परिसर में बुधवार को पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा के बेटे ने मंदिर परिसर में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वृक्षारोपण के दौरान उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरण असंतुलन को देखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी नियमित देखभाल करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। इस अवसर पर मंदिर परिसर में पंकज गुप्ता, कुलदीप अवस्थी, आशीष मिश्रा, दिलीप भार्गव, गिरि महाराज, संजू बाजपेई, नंदकिशोर शास्त्री समेत आने वाले श्रद्धालुओं को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

# संपादकीय

## महंगा इलाज, भारी पड़ती जिंदगी

स्वास्थ्य मानव जीवन की सबसे बुनियादी आवश्यकताओं में से एक है। जब कोई व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार पड़ता है, तो उसकी पहली चिंता समय पर और उचित उपचार प्राप्त करना होती है। लेकिन आज लाखों परिवारों के लिए चिकित्सा खर्च गहरी चिंता का कारण बन गया है। महंगी दवाइयाँ, जांच, अस्पताल के शुल्क, सर्जरी और लंबे समय तक चलने वाला उपचार परिवारों पर भारी आर्थिक दबाव डाल सकते हैं। कई लोगों के लिए संघर्ष केवल बीमारी से नहीं, बल्कि उसके साथ आने वाले आर्थिक बोझ से भी होता है। चिकित्सा विज्ञान ने उल्लेखनीय प्रगति की है। जिन बीमारियों को कभी लाइलाज माना जाता था, उनमें से कई का आज उपचार या प्रभावी प्रबंधन संभव है। अत्याधुनिक सर्जरी, आधुनिक जांच तकनीक, विशेष दवाइयाँ और गहन चिकित्सा सुविधाएँ अनगिनत जीवन बचाने में सहायक बनी हैं। लेकिन इन प्रगतियों की कीमत भी कई बार बहुत अधिक होती है। अत्याधुनिक उपचार की उपलब्धता का अर्थ यह नहीं है कि हर परिवार उसे वहन करने में सक्षम है। समस्या तब और गंभीर हो जाती है जब किसी मध्यमवर्गीय या कम आय वाले परिवार में कोई गंभीर बीमारी दस्तक देती है। परिवार वर्षों तक बच्चों की शिक्षा, घर, विवाह या भविष्य के लिए बचत करता है। एक गंभीर चिकित्सकीय आपातस्थिति अचानक उस बचत का बड़ा हिस्सा समाप्त कर सकती है। कुछ परिवार अस्पताल के बिल चुकाने के लिए कर्ज लेते हैं, संपत्ति बेचते हैं या रिश्तेदारों पर निर्भर हो जाते हैं। कई परिस्थितियों में बीमारी आर्थिक रूप से स्थिर परिवार को भी लंबे समय तक कर्ज के बोझ में डाल सकती है। यह बोझ केवल अस्पताल में भर्ती होने तक सीमित नहीं है। कई दीर्घकालिक बीमारियों में लगातार दवाइयाँ, नियमित जांच और बार-बार चिकित्सकीय परामर्श की आवश्यकता होती है। ऐसे मरीजों और उनके परिवारों को महीनों या वर्षों तक खर्च करना पड़ सकता है। अलग-अलग खर्च भले ही छोटे दिखाई दें, लेकिन लंबे समय में उनका कुल प्रभाव बहुत भारी हो सकता है। ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के लिए स्थिति और कठिन हो सकती है। विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं की कमी के कारण मरीजों को अक्सर दूर-दराज के शहरों में जाना पड़ता है। यात्रा, रहने, भोजन और काम से होने वाली आय के नुकसान का खर्च भी चिकित्सा खर्च में जुड़ जाता है। इस प्रकार मरीज को एक साथ दो समस्याओं का सामना करना पड़ता है—इलाज का खर्च और इलाज तक पहुँचने का खर्च। स्वास्थ्य और रोजगार के बीच संबंध भी महत्वपूर्ण है। जब कोई व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार होता है, तो परिवार को केवल चिकित्सा खर्च ही नहीं उठाना पड़ता, बल्कि मरीज के काम न कर पाने से आय का नुकसान भी हो सकता है। कई बार परिवार के किसी अन्य सदस्य को मरीज की देखभाल के लिए अपना काम अस्थायी रूप से छोड़ना पड़ता है। इस प्रकार बीमारी बढ़ते खर्च और घटती आय—दोनों का दोहरा आर्थिक बोझ पैदा कर सकती है। स्वास्थ्य बीमा परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच बन सकता है, लेकिन इसके बारे में जागरूकता और पर्याप्त कवरेज भी आवश्यक है। लोगों को यह समझना चाहिए कि उनकी बीमा पॉलिसी में क्या शामिल है, उसकी सीमाएँ क्या हैं और दावा करने की प्रक्रिया क्या है। साथ ही, बीमा व्यवस्था को आम लोगों के लिए सरल, पारदर्शी और आसानी से उपलब्ध बनाया जाना चाहिए। बीमा केवल कागज पर मौजूद सुरक्षा नहीं, बल्कि जरूरत के समय वास्तविक आर्थिक सहायता प्रदान करने वाला माध्यम होना चाहिए। सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकारी अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र परिवारों पर आर्थिक दबाव कम कर सकते हैं, यदि वहाँ सस्ती या निःशुल्क चिकित्सा, दवाइयाँ और जांच सुविधाएँ उपलब्ध हों। मजबूत प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था से बीमारियों का शुरुआती स्तर पर पता लगाया जा सकता है, जब उनका उपचार अपेक्षाकृत सरल और कम खर्चीला हो सकता है। इसलिए निवारक स्वास्थ्य सेवाओं पर उतना ही ध्यान देना चाहिए जितना उन्नत उपचार पर दिया जाता है। रोकथाम अक्सर इलाज से कम खर्चीली होती है। नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, संतुलित आहार, शारीरिक सक्रियता, स्वच्छ वातावरण और सामान्य बीमारियों के प्रति जागरूकता अनेक स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम कर सकती है। इसका अर्थ यह नहीं है कि हर बीमारी को रोका जा सकता है, बल्कि यह इस बात पर जोर देता है कि स्वास्थ्य व्यवस्था में उपचार के साथ-साथ रोकथाम को भी प्राथमिकता मिलनी चाहिए। दवा उद्योग की भी इस दिशा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। दवाइयाँ सामान्य उपभोक्ता वस्तुएँ नहीं, बल्कि जीवन और स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक वस्तुएँ हैं। अनुसंधान और नई दवाओं के विकास में निवेश आवश्यक है, लेकिन दवाओं की सामर्थ्य और उपलब्धता भी स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण प्राथमिकता होनी चाहिए। गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता और कीमतों में पारदर्शिता मरीजों पर आर्थिक बोझ कम करने में मदद कर सकती है। अस्पताल भी बिलिंग व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाकर योगदान दे सकते हैं। मरीज और उनके परिवार को किसी प्रक्रिया की अनुमानित लागत, विभिन्न सेवाओं के शुल्क और उपलब्ध विकल्पों की स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए। स्पष्ट संवाद मरीजों और परिवारों को कठिन परिस्थितियों में सोच-समझकर निर्णय लेने में सहायता करता है। तकनीक भी इस समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। टेलीमेडिसिन मरीजों को बार-बार दूर की यात्रा किए बिना चिकित्सकों से परामर्श लेने में मदद कर सकती है। डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड उपचार की निरंतरता को बेहतर बना सकते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा आधारित प्रणालियाँ कुछ बीमारियों का शुरुआती स्तर पर पता लगाने तथा चिकित्सकीय निर्णयों में सहायता करने में उपयोगी हो सकती हैं। यदि इन तकनीकों को जिम्मेदारी से विकसित किया जाए और आम लोगों के लिए सुलभ बनाया जाए, तो वे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच और दक्षता दोनों में सुधार ला सकती हैं। हालाँकि, स्वास्थ्य केवल आर्थिक मुद्दा नहीं है। यह गरिमा और सामाजिक न्याय का भी प्रश्न है।

**डॉ. विजय गर्ग**

# बदले की भावना : फर्जी मुकदमों में एससी-एसटी और पाक्सो एक्ट का जबरदस्त उपयोग



राजीव शुक्ला -(संपादक)

कानून कमजोरों की ढाल है, बदले का हथियार नहीं। लेकिन जब किसी गंभीर कानून का इस्तेमाल किसी व्यक्ति को सबक सिखाने, दबाव बनाने, संपत्ति या पारिवारिक विवाद में बढ़त हासिल करने अथवा व्यक्तिगत दुश्मनी निकालने के लिए किया जाने लगे, तो सवाल केवल आरोपी का नहीं रहता—सवाल कानून की विश्वसनीयता और न्याय व्यवस्था पर जनता के भरोसे का भी बन जाता है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम और पॉक्सो कानून ऐसे ही अत्यंत संवेदनशील कानून हैं। दोनों कानूनों का उद्देश्य बेहद महत्वपूर्ण है। एससी-एसटी एक्ट सामाजिक भेदभाव और जातीय अत्याचार से पीड़ित लोगों को कानूनी सुरक्षा देने के लिए बनाया गया है, जबकि पॉक्सो एक्ट बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए कठोर कानूनी व्यवस्था प्रदान करता है। इसलिए इन कानूनों की सख्ती आवश्यक है। लेकिन सख्ती और अंधी कार्रवाई में अंतर है। आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या किसी कानून की गंभीरता का अर्थ यह हो सकता है कि शिकायत मिलते ही हर आरोप को बिना पर्याप्त जांच के सत्य मान लिया जाए ?व्यक्तिगत विवादों में आपसी रंजिश कोई नई बात नहीं है। जमीन, मकान, पारिवारिक विवाद, वैवाहिक कलह, लेन-देन, नौकरी अथवा स्थानीय राजनीति—इनमें विवाद बढ़ने पर पुलिस और अदालत का दरवाजा खटखटाया जाता है। समस्या तब पैदा होती है जब आरोपों की गंभीरता को ही दबाव बनाने का साधन बना दिया जाए। किसी व्यक्ति पर एससी-एसटी एक्ट या पॉक्सो जैसी गंभीर धाराएं लगते ही सामाजिक प्रतिष्ठा पर गहरा असर पड़ सकता है। गिरफ्तारी का डर, नौकरी और कारोबार पर असर, परिवार की सामाजिक स्थिति, अदालतों के चक्कर और वर्षों तक चलने वाली कानूनी प्रक्रिया—ये सब किसी व्यक्ति को मानसिक और आर्थिक रूप से तोड़ सकते हैं। इसीलिए यदि किसी मामले में आरोप वास्तविक हैं तो कानून की पूरी शक्ति पीड़ित के साथ खड़ी होनी चाहिए। लेकिन यदि आरोप जानबूझकर झूठे, मनगढ़ंत या बदले की भावना से लगाए गए हों, तो जांच एजेंसियों और अदालतों की जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी हो जाती है। एससी-एसटी एक्ट के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने अलग-अलग मामलों में यह स्पष्ट किया है कि कानून का संरक्षण वास्तविक पीड़ितों के लिए आवश्यक है, लेकिन जहां शिकायत प्रथम दृष्ट्या दुर्भावनापूर्ण या कानून की प्रक्रिया के दुरुपयोग का मामला हो, वहां न्यायिक हस्तक्षेप संभव है। एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शिकायत और एफआईआर को प्रथम दृष्ट्या निराधार, परेशान करने वाली और प्रतिशोध की भावना से जुड़ी हुई माना था। साथ ही, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि केवल कुछ मामलों में कथित दुरुपयोग के आधार पर पूरे एससी-एसटी समुदाय की शिकायतों को संदेह की दृष्टि से नहीं देखा जा सकता। इस कानून का मूल उद्देश्य ऐतिहासिक सामाजिक अन्याय से पीड़ित लोगों को सुरक्षा देना है। यही संतुलन न्याय व्यवस्था की असली परीक्षा है न तो वास्तविक पीड़ित को न्याय से वंचित किया जाए और न ही निर्दोष व्यक्ति को बदले की कार्रवाई का शिकार बनाया जाए। पॉक्सो एक्ट की आवश्यकता पर कोई सवाल नहीं हो सकता। बच्चों के खिलाफ यौन अपराध अत्यंत गंभीर अपराध हैं और ऐसे मामलों में पुलिस तथा न्याय व्यवस्था को संवेदनशीलता और तत्परता से काम करना चाहिए।लेकिन 2026 में सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे मामलों में भी चिंता व्यक्त की है जहां वैवाहिक या पारिवारिक विवादों की पृष्ठभूमि में पॉक्सो कानून के आरोपों का इस्तेमाल कथित तौर पर दबाव बनाने के लिए किया गया। मई 2026 के एक मामले में अदालत ने अस्पष्ट और सामान्य आरोपों के आधार पर परिवार के कई सदस्यों को आपराधिक प्रक्रिया में घसीटे जाने की स्थिति पर गंभीरता से विचार किया और कार्यवाही रद्द की। यह टिप्पणी किसी भी वास्तविक पॉक्सो मामले को कमजोर करने का आधार नहीं होनी चाहिए। बल्कि इसका संदेश यह है कि हर शिकायत की निष्पक्ष, वैज्ञानिक और तथ्यपरक जांच होनी चाहिए। क्योंकि अगर झूठे मामले बढ़ते हैं तो उसका सबसे बड़ा नुकसान वास्तविक पीड़ितों को ही होता है। समाज में यह धारणा बनने लगती है कि गंभीर आरोप भी कभी-कभी व्यक्तिगत विवादों में हथियार की तरह इस्तेमाल किए जा सकते हैं। इससे वास्तविक पीड़ितों की आवाज कमजोर पड़ती है।हमारे समाज में एक बड़ी समस्या यह है कि एफआईआर दर्ज होते ही आरोपी को दोषी मानने की प्रवृत्ति पैदा हो जाती है। लेकिन एफआईआर अदालत का फैसला नहीं है। एफआईआर आरोप की शुरुआत है, अपराध सिद्ध होने का अंतिम प्रमाण नहीं। जांच का उद्देश्य यह पता लगाना है कि घटना वास्तव में हुई या नहीं, आरोपों के पीछे क्या तथ्य हैं, उपलब्ध साक्ष्य क्या कहते हैं, गवाहों के बयान कितने विश्वसनीय हैं और घटनाक्रम की स्वतंत्र पुष्टि होती है या नहीं। यही कारण है कि पुलिस को न शिकायतकर्ता का पक्ष लेकर जांच करनी चाहिए और न आरोपी को बचाने के लिए। पुलिस की भूमिका सत्य तक पहुंचने की होनी चाहिए। जिस व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगा दिए जाते हैं, उसके लिए केवल अदालत में बरी हो जाना पर्याप्त न्याय नहीं है।कई बार मुकदमा वर्षों चलता है। वकील की फीस, अदालत की तारीखें, पुलिस जांच, नौकरी या कारोबार पर असर, परिवार की चिंता और समाज में बदनामी—इनका कोई सीधा मुआवजा नहीं होता।और यदि वर्षों बाद अदालत यह कह दे कि आरोप सिद्ध नहीं हुए, तब भी आरोपी की जिंदगी में जो नुकसान हो चुका होता है, उसे पूरी तरह वापस लाना मुश्किल होता है। इसलिए झूठा मुकदमा भी सामाजिक हिंसा का एक रुप बन सकता है। फर्जी मुकदमों की चर्चा करते समय यह मान लेना कि एससी-एसटी एक्ट या पॉक्सो एक्ट में दर्ज अधिकांश मामले झूठे हैं—एक खतरनाक और गलत निष्कर्ष होगा। जातीय अत्याचार और बच्चों के खिलाफ यौन अपराध वास्तविक समस्याएं हैं। अनेक पीड़ित सामाजिक दबाव, डर और आर्थिक कमजोरी के कारण शिकायत तक नहीं कर पाते।

इसलिए कानून को कमजोर करने की नहीं, कानून के निष्पक्ष इस्तेमाल को मजबूत करने की जरूरत है। ऐसे मामलों में पुलिस जांच की गुणवत्ता निर्णायक भूमिका निभाती है। जांच में घटनास्थल, डिजिटल साक्ष्य, मेडिकल रिकॉर्ड, कॉल रिकॉर्ड, सीसीटीवी, स्वतंत्र गवाह, दस्तावेज, आयु संबंधी प्रमाण और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों को निष्पक्ष रूप से देखा जाना चाहिए। केवल शिकायतकर्ता का बयान ही अंतिम सत्य नहीं हो सकता और केवल आरोपी का इनकार भी जांच समाप्त करने का आधार नहीं हो सकता। यदि किसी मामले में जांच के बाद आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन यदि जांच या न्यायिक प्रक्रिया से स्पष्ट हो कि किसी निर्दोष व्यक्ति को जानबूझकर झूठे आरोपों में फंसाया गया, तो कानून में उपलब्ध प्रावधानों के अनुसार जिम्मेदार व्यक्ति के विरुद्ध भी कार्रवाई पर विचार होना चाहिए। इससे एक महत्वपूर्ण संदेश जाएगा कि कानून का संरक्षण पीड़ित के लिए है, लेकिन कानून का दुरुपयोग करने की छूट किसी को नहीं है।

# गीडा बना पूर्वांचल का प्रमुख निवेश हब, औद्योगिक विकास को मिली नई गति

**गीडा की बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों का असर रोजगार के क्षेत्र में भी दिखाई दे रहा है। वर्तमान में गीडा क्षेत्र के विभिन्न उद्योगों में 50,000 से अधिक लोग तकनीकी, कुशल और अर्ध-कुशल भूमिकाओं में कार्यरत हैं। इससे पूर्वांचल के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे शहरों की ओर पलायन करने के बजाय अपने ही क्षेत्र में बेहतर अवसर मिल रहे हैं। बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों की स्थापना से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। अडानी सीमेंट प्लांट जैसे बड़े प्रोजेट में लगभग 70 प्रतिशत कार्यबल गोरखपुर मंडल और पूर्वांचल के विभिन्न क्षेत्रों से है। गीडा का वर्तमान एरिया लगभग 3,600 एकड़ का औद्योगिक क्षेत्र पूरी तरह भर चुका है। औद्योगिक भूमि की बढ़ती मांग और निवेशकों की रुचि को देखते हुए अब प्राधिकरण ने लगभग 2,000 एकड़ का नया लैंड बैंक तैयार किया है। इसे धुरियापार औद्योगिक टाउनशिप के रूप में विकसित किया जा रहा है।**

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में औद्योगिक विकास की नई तस्वीर तेजी से उभर रही है। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) इस बदलाव का प्रमुख केंद्र बनकर सामने आया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के विजन प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के अनुरूप गीडा ने पिछले नौ वर्षों में रु0 20,000 करोड़ से अधिक का निवेश आकर्षित किया है। इस निवेश ने न केवल औद्योगिक गतिविधियों को गति दी है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के हजारों नए अवसर भी सृजित किये हैं। गीडा की बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों का असर रोजगार के क्षेत्र में भी दिखाई दे रहा है। वर्तमान में गीडा क्षेत्र के विभिन्न उद्योगों में 50,000 से अधिक लोग तकनीकी, कुशल और अर्ध-कुशल भूमिकाओं में कार्यरत हैं। इससे पूर्वांचल के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे शहरों की ओर पलायन करने के बजाय अपने ही क्षेत्र में बेहतर अवसर मिल रहे हैं। बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों की स्थापना से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। अडानी सीमेंट प्लांट जैसे बड़े प्रोजेक्ट में लगभग 70 प्रतिशत कार्यबल गोरखपुर मंडल और पूर्वांचल के विभिन्न क्षेत्रों से है। गीडा का वर्तमान एरिया लगभग 3,600 एकड़ का औद्योगिक क्षेत्र पूरी तरह भर चुका है। औद्योगिक भूमि की बढ़ती मांग और निवेशकों की रुचि को देखते हुए अब प्राधिकरण ने लगभग 2,000 एकड़ का नया लैंड बैंक तैयार किया है। इसे धुरियापार औद्योगिक टाउनशिप के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह विस्तार गीडा के औद्योगिक विकास के अगले चरण की शुरुआत माना जा सकता है। धुरियापार औद्योगिक टाउनशिप की रणनीतिक स्थिति इसकी सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक है। यह क्षेत्र पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के बीच स्थित है। बेहतर सड़क संपर्क के कारण यहां स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाइयों को कच्चे माल की आपूर्ति, तैयार उत्पादों के परिवहन और विभिन्न बाजारों तक पहुंच में सुविधा मिलेगी। गोरखपुर से लखनऊ की दूरी भी बेहतर कनेक्टिविटी के चलते लगभग तीन घंटे में तय की जा सकती है। इससे गीडा और आसपास के क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं और मजबूत हुई हैं। नई औद्योगिक टाउनशिप में निवेशकों का भरोसा भी दिखाई देने लगा है। अडानी और श्रेयास डिस्टिलरीज को कुल 115 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। बड़े निवेशकों की मौजूदगी से यह संकेत मिलता है कि धुरियापार आने वाले वर्षों में पूर्वांचल के महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित हो सकता है। गीडा की पहचान अब केवल स्थानीय औद्योगिक क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि बड़े राष्ट्रीय और वैश्विक ब्रांडों के निवेश गंतव्य के रूप में भी बन रही है। एनएसई में सूचीबद्ध गैलेंट ग्रुप, हाल में आईपीओ लाने वाली क्रेजी स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड, कोका-कोला और पेप्सिको जैसी कंपनियों के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट यहां संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा आईजीएल, अपोलो एपीआई स्टील ट्यूब्स और तत्व पॉलीप्लास्टिक जैसी कंपनियां भी गीडा के औद्योगिक आधार को मजबूती प्रदान कर रही हैं। बड़े उद्योगों की मौजूदगी से क्षेत्र में सहायक उद्योगों के विकास की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। किसी बड़े औद्योगिक निवेश के साथ परिवहन, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स, सर्विस सेक्टर, मेंटेनेंस और अन्य सहायक गतिविधियों में भी रोजगार और कारोबार के नए अवसर पैदा होते हैं। इस प्रकार गीडा का विस्तार केवल औद्योगिक इकाइयों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र में एक व्यापक औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में बढ़ रहा है। औद्योगिक विकास के साथ गीडा ने निवेश प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल सुविधाओं पर भी विशेष जोर दिया है। निवेश मित्र 2.0 से निवेश मित्र 3.0 पर अपग्रेड के बाद उद्यमियों को स्वीकृत पत्र, प्रोत्साहनों और अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं से जुड़ी 21 ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे निवेशकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता कम हुई है और आवेदन तथा स्वीकृति की प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक बनी है। वन मैप पोर्टल भी निवेशकों के लिए उपयोगी डिजिटल माध्यम के रूप में सामने आया है। इसके जरिए निवेशक उपलब्ध भूखंडों की स्थिति को लाइव देख सकते हैं और पारदर्शी ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। भूमि आवंटन की प्रक्रिया में तकनीक के इस्तेमाल से पारदर्शिता बढ़ी है और निवेशकों को उपलब्ध विकल्पों की जानकारी आसानी से मिल रही है। निवेशकों को स्थानीय स्तर पर सहायता उपलब्ध कराने के लिए इन्वेस्ट यूपी के तहत तैनात उद्यमी मित्र भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वे निवेशकों के लिए सिंगल-पॉइंट फैसिलिटेशन के रूप में कार्य करते हुए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर आवश्यक स्वीकृतियां और प्रक्रियाओं को सरल बनाने में मदद कर रहे हैं। इससे निवेशकों को परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में अपेक्षाकृत कम समय लग रहा है। गीडा का विकास पूर्वांचल की बदलती आर्थिक तस्वीर का महत्वपूर्ण केन्द्र विन्दु है। लंबे समय तक औद्योगिक विकास के लिहाज से अपेक्षाकृत पीछे माने जाने वाले पूर्वांचल में अब बड़े उद्योगों, बेहतर कनेक्टिविटी, आधुनिक औद्योगिक क्षेत्रों और डिजिटल निवेश सुविधाओं का मजबूत नेटवर्क तैयार हो रहा है। गोरखपुर इस परिवर्तन का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। धुरियापार औद्योगिक टाउनशिप के विकास के साथ आने वाले समय में गीडा में निवेश की नई संभावनाएं बनी हुई हैं। पर्याप्त भूमि, एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी, कुशल मानव संसाधन, बड़े उद्योगों की मौजूदगी और निवेशक-अनुकूल व्यवस्थाएं इस क्षेत्र को विनिर्माण गतिविधियों के लिए आकर्षक बना रही हैं। आज गीडा केवल उद्योगों को जमीन उपलब्ध कराने वाला औद्योगिक क्षेत्र नहीं, बल्कि पूर्वांचल की आर्थिक क्षमता को नई दिशा देने वाला एक व्यापक औद्योगिक केंद्र बन चुका है। यहां हो रहा निवेश स्थानीय रोजगार, कारोबार और बुनियादी ढांचे को गति देने के साथ क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर रहा है। अगले चरण में धुरियापार औद्योगिक टाउनशिप के विकास से इस औद्योगिक विस्तार को और गति मिलने की संभावना है। बेहतर कनेक्टिविटी, बड़े औद्योगिक निवेश, डिजिटल सुविधाओं और रोजगार के बढ़ते अवसरों के साथ गोरखपुर पूर्वांचल के औद्योगिक विकास का नया केंद्र बन रहा है। गीडा की यह प्रगति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के औद्योगिक और आर्थिक विकास के व्यापक विजन में पूर्वांचल की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है। आने वाले वर्षों में गीडा न केवल गोरखपुर बल्कि पूरे पूर्वांचल को विनिर्माण, रोजगार और निवेश के एक प्रतिस्पर्धी केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

**सरिता वर्मा, सूचना अधिकारी**




**मेष**-नई नौकरी की तलाश कर रहे जातकों को आज अच्छी खबर मिल सकती है। रोजगार के बेहतर अवसर मिलने के योग हैं। पारिवारिक जीवन में संयम से काम लें, अपनों से मतभेद हो सकते हैं।

**वृषभ** -जीवन के सभी क्षेत्रों में संतुलन बनाकर चलना आपके लिए लाभदायक रहेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। भाई-बहनों के व्यवहार में रूखापन रह सकता है, इसलिए बातचीत में मधुरता रखें। यात्रा को टालना बेहतर रहेगा।

**मिथुन**-कामकाज में दूसरों पर अधिक निर्भर रहने से बचें। कार्यक्षेत्र में कुछ कठोर और महत्वपूर्ण फैसले लेने पड़ सकते हैं। मुश्किल समय में मित्रों और करीबियों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क**-मेहनत और बौद्धिक क्षमता के बेहतर तालमेल से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए नए प्रयोग सफल रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण काम में परिवार का पूरा सहयोग मिलने में समय लग सकता है।

**सिंह**-दूसरों को अवसर देते हुए धैर्य बनाए रखें। पुरानी बचत का कुछ हिस्सा खर्च हो सकता है, लेकिन इससे खुशी मिलेगी। यात्रा के दौरान विशेष सावधानी बरतें।

**कन्या** -शैक्षणिक और बौद्धिक कार्यों में एकाग्रता बढ़ेगी। समयबद्ध तरीके से काम करने पर बेहतर सफलता मिलेगी। नकारात्मक विचार रखने वाले लोगों से दूरी बनाकर रखना आपके हित में रहेगा।

**तुला**-अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए मेहनत करनी होगी। इवेंट प्रबंधन और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को नए अनुबंध और अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिणाम मिलने के संकेत हैं।

**वृश्चिक**-संपत्ति से जुड़े विवादों में आपका पक्ष मजबूत रहेगा। निर्माण और बुनियादी ढांचे से जुड़े कारोबार में सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों में पुरानी समस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक बातचीत होगी।

**धनु** -जिद और टकराव से बचकर धैर्य एवं सहजता से काम लें। माता-पिता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता हो सकती है। अनजान लोगों पर जल्द भरोसा करने से बचें।

**मकर**-आपकी कार्यक्षमता और निष्ठा से उच्च अधिकारियों का विश्वास बढ़ेगा। व्यक्तिगत संबंधों में साथी की बात भी ध्यान से सुनें। आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**कुंभ**-राजनीतिक और सार्वजनिक मामलों में सावधानी बरतें। करीबी लोगों से धोखा मिलने की आशंका के चलते सतर्क रहना जरूरी है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मीन**-कार्यस्थल पर सहकर्मियों और मेहनती लोगों का सहयोग मिलेगा। पुराना रुका हुआ धन प्रयास करने पर वापस मिल सकता है। अचल संपत्ति से जुड़े नए अवसर मिलने के योग हैं।

# पर्यटन के मानचित्र पर चमकने को तैयार अमेठी

उत्तर प्रदेश का अमेठी जनपद अपनी स्थापना के डेढ़ दशक से अधिक की यात्रा पूरी कर अब राज्य के पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक गंतव्य के रूप में स्थापित हो रहा है। वर्ष 2010 में विधिवत अस्तित्व में आने के उपरांत लंबे समय तक सीमित पर्यटन विकास का सामना करने वाले इस क्षेत्र में वर्ष 2017 के उपरांत बुनियादी ढांचे में गुणात्मक और व्यापक परिवर्तन देखा गया है। प्रदेश सरकार की सुदृढ़ प्राथमिकताओं, बहुआयामी कार्ययोजनाओं और समग्र दृष्टिकोण के चलते जनपद में ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय धरोहरों के कायाकल्प को अभूतपूर्व गति मिली है। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2017 से वित्तीय वर्ष 2026-27 की अवधि के दौरान जनपद अमेठी के लिए लगभग 30.39 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी पर्यटन विकास परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इन स्वीकृतियों के माध्यम से न केवल प्राचीन धार्मिक व आध्यात्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, बल्कि ईको-टूरिज्म, ग्रामीण पर्यटन और आधुनिक नागरिक सुविधाओं का एकीकृत विस्तार भी सुनिश्चित हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप जनपद में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आमद में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त आधार मिल रहा है। जनपद के विभिन्न विकासखंडों में आध्यात्मिक महत्व के प्रमुख स्थलों पर निर्माण और सुदृढ़ीकरण के कार्य समयबद्ध रूप से संचालित किए जा रहे हैं। जायस कस्बे में स्थित बाबा गोरखनाथ की पावन तपोस्थली को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस परिसर में गुरु गोरखनाथ की ध्यानस्थ योग मुद्रा में 25 फीट ऊंची भव्य कांस्य प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इसके साथ ही परिसर में सत्संग भवन, ध्यान कक्ष, सुव्यवस्थित परिक्रमा मार्ग, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, लैंडस्केपिंग और आधुनिक जनसुविधाओं का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को उच्चस्तरीय सुविधाएं मिल सकें। इसी क्रम में जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित पौराणिक हनुमानगढ़ी गौरा परिसर के समग्र विकास और सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस परियोजना के अंतर्गत मंदिर परिसर के आसपास सुगम पहुंच मार्ग, इंटरलॉकिंग, विश्राम शेड, स्वच्छ पेयजल बूथ, आधुनिक शौचालय ब्लॉक और सोलर हाई-मास्ट लाइटों की स्थापना की जा रही है। इन कार्यों से पर्वों और उत्सवों के दौरान जुटने वाली भारी भीड़ का प्रबंधन अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगा। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में बहादुरपुर विकासखंड के ग्राम पीढ़ी स्थित प्राचीन तपेश्वर नाथ धाम मंदिर का व्यापक पुनरुद्धार किया जा रहा है। इसी परिक्षेत्र में स्थित परम संत कबीर साहेब की ऐतिहासिक बैठक का भी समग्र कायाकल्प कराया जा रहा है। इस स्थल को संत परंपरा और भक्ति आंदोलन के एक प्रेरक अध्ययन एवं साधना केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे संत कबीर के मानवतावादी संदेशों और स्थानीय लोक विरासत को नई पीढ़ी तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। धार्मिक पर्यटन के विकेंद्रीकृत विस्तार के अंतर्गत मुसाफिरखाना तहसील के ग्राम नारा अढ़नपुर स्थित प्रसिद्ध बाबा महावीर दास मंदिर को सुसज्जित पर्यटन केंद्र का स्वरूप दिया जा रहा है। इस स्थल पर आने वाले स्थानीय और क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बाउंड्री वॉल, मुख्य प्रवेश द्वार, छायादार वृक्षारोपण, सिटिंग बेंच, पार्किंग स्थल और सुरक्षात्मक अवसंरचना का विकास किया गया है। जनपद की प्राकृतिक और पर्यावरणीय संपदा के संरक्षण हेतु काटूनाला वन्यजीव क्षेत्र को एक प्रमुख ईको-टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य ईको-टूरिज्म विकास बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप इस हरित क्षेत्र में पर्यावरण-अनुकूल लकड़ी के वॉकिंग ट्रैक, बर्ड वाचिंग टावर, नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर और औषधीय पादप वाटिका का निर्माण कराया जा रहा है। यह स्थल प्रकृति प्रेमियों, पर्यावरण शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के लिए जैव विविधता अध्ययन का एक उत्कृष्ट केंद्र बन रहा है। धार्मिक और प्राकृतिक महत्व के अतिरिक्त जनपद के अन्य प्रमुख आस्था केंद्रों जैसे नंदमहर धाम, दुर्गन भवानी धाम, उल्टा गढ़ा धाम और ऐतिहासिक स्थलों के समग्र विकास की रूपरेखा भी तैयार की गई है। इन सभी स्थलों को मुख्य राजमार्गों से जोड़ने वाली सड़कों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया गया है, जिससे जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित धरोहरों तक पर्यटकों का आवागमन सरल और निर्बाध हो गया है। अमेठी में संचालित ये बहुआयामी परियोजनाएं केवल ढांचागत निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये स्थानीय स्तर पर आजीविका संवर्धन का एक मजबूत माध्यम बन रही हैं। पर्यटन स्थलों के विकास से हस्तशिल्प, स्थानीय खान-पान, आतिथ्य सत्कार, परिवहन, पूजन सामग्री और लघु कुटीर उद्योगों से जुड़े ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के व्यापक अवसर सृजित हो रहे हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नकदी प्रवाह (कैश फ्लो) बढ़ा है और पलायन पर प्रभावी अंकुश लगा है। जिला प्रशासन और संबंधित तकनीकी विभागों द्वारा सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है। प्रत्येक परियोजना में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांचने के लिए त्रिस्तरीय निरीक्षण प्रणाली लागू की गई है। साथ ही निर्माण कार्यों में स्थानीय वास्तुकला की पारंपरिक पहचान और आधुनिक नागरिक सुविधाओं के बीच उत्कृष्ट संतुलन स्थापित किया गया है। जनपद अमेठी का यह तीव्र कायाकल्प 'उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022' के दूरदर्शी और व्यावहारिक प्रावधानों का प्रत्यक्ष प्रतिफल है। प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई इस नीति का मूल उद्देश्य राज्य को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पसंदीदा पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करना और पर्यटन क्षेत्र को राज्य की अर्थव्यवस्था के प्रमुख संवाहक के रूप में विकसित करना है। इस पर्यटन नीति के अंतर्गत राज्य में होटल और आतिथ्य सत्कार क्षेत्र को उद्योग का विधिवत दर्जा प्रदान किया गया है। इस ऐतिहासिक निर्णय के फलस्वरूप पर्यटन इकाइयों को जल, विद्युत और संपत्ति कर की दरें व्यावसायिक के बजाय रियायती औद्योगिक दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस व्यवस्था ने निजी क्षेत्र के निवेशकों के लिए निवेश की लागत को काफी कम कर दिया है, जिससे जनपद स्तर पर भी आधुनिक होटलों, रिसॉर्ट्स और रेस्तरांओं की स्थापना को प्रोत्साहन मिला है। पूंजीगत निवेश को आकर्षित करने के लिए नीति में आकर्षक वित्तीय उपादान (कैपिटल सब्सिडी), स्टांप शुल्क में शत-प्रतिशत छूट, विकास शुल्क में छूट और भूमि उपयोग परिवर्तन की प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया गया है। महिला उद्यमियों, दिव्यांगजनों तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यमियों द्वारा स्थापित पर्यटन इकाइयों के लिए अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन का प्रावधान कर सामाजिक और आर्थिक समावेशिता को प्राथमिकता दी गई है। राज्य में पर्यटन को सुनियोजित रूप देने के लिए 12 प्रमुख पर्यटन परिपथों (थीमैटिक सर्किट्स) का चिन्हांकन कर उनका समन्वित विकास किया जा रहा है। इनमें रामायण सर्किट, कृष्ण सर्किट, बौद्ध सर्किट, महाभारत सर्किट, शक्तिपीठ सर्किट, सूफी-कबीर सर्किट, बुंदेलखंड ऐतिहासिक दुर्ग सर्किट, जैन सर्किट, क्राफ्ट सर्किट, स्वतंत्रता संग्राम सर्किट, वेलनेस सर्किट और वाइल्डलाइफ एवं ईको-टूरिज्म सर्किट शामिल हैं। इन सर्किट्स के माध्यम से पूरे प्रदेश के पर्यटन स्थलों को एक सूत्र में पिरोया गया है। अमेठी का भौगोलिक स्थान इन प्रमुख पर्यटन परिपथों, विशेषकर अयोध्या के रामायण सर्किट, वाराणसी एवं प्रयागराज के सांस्कृतिक कॉरिडोर के मध्य स्थित होने के कारण रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग और निकटवर्ती अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों (अयोध्या एवं लखनऊ) से बेहतर कनेक्टिविटी के कारण बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों पर आने वाले पर्यटकों का अमेठी के प्रमुख स्थलों की ओर भ्रमण अत्यंत सुगम हो गया है।

**सूचनाधिकारी जनपद अमेठी /
डॉ0 सीमा गुप्ता (से0नि0 सहा0निदे0)**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, सम्पादक रवि कुमार अवस्थी , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, R.NI NO. UPHIN/2012/43078 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### वायरल वीडियो के बाद सामने आया पैतृक संपत्ति विवाद, मारपीट के मुकदमे में भेजा जा चुका आरोपपत्र

**देवरिया।** जनपद के लार थाना क्षेत्र के चुरिया गांव निवासी व सेना के जवान वीर बहादुर सिंह का सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की। पुलिस के अनुसार, विवाद वीर बहादुर सिंह के पिता राजा सिंह और उनके दो भाइयों के बीच पैतृक संपत्ति को लेकर चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, 31 दिसंबर 2025 को पंचायत के सामने तीनों भाइयों के बीच पैतृक मकान और जमीन को लेकर समझौता हुआ था। इसमें राजा सिंह और रामनारायण सिंह द्वारा अपने हिस्से की जमीन सुग्रीव सिंह को दिए जाने की बात तय हुई थी। समझौते के बाद भी विवाद समाप्त नहीं हुआ और दोनों पक्षों के बीच तनाव बना रहा। पुलिस के अनुसार, 26 फरवरी 2026 को हुई मारपीट की घटना के संबंध में लार थाने में मुकदमा अपराध संख्या 61/26 दर्ज किया गया था। मामले में विवेचना पूरी कर आरोपपत्र न्यायालय भेजा जा चुका है। इस सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया गया, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। पैतृक संपत्ति से संबंधित विवाद का मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। पुलिस ने वायरल वीडियो में लगाए गए आरोपों के संबंध में जांच के बाद स्थिति स्पष्ट की है।

### अकीदत के साथ निकला 12 रबीउल अव्वल का जुलूस

**सुरियावां।** 12 रबीउल अव्वल के अवसर पर बुधवार को सुरियावां में पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब की पैदाइश की खुशी में जुलूस बड़े ही जोश और अकीदत के साथ निकाला गया। थाना क्षेत्र में विभिन्न कमेटियों और मदरसों की ओर से करीब 15 जुलूस निकाले गए। आमद-ए-मुस्तफा एकता कमेटी कुंदनपुर, आशिक-ए-रसूल कमेटी पुरानी बाजार, कमेटी सुभाषगंज, मदरसा इस्लामिया सिराजुल उलूम कुंदनपुर, कमेटी फाटक गली, आतिशबाज मोहल्ला भटेवरा, झिंगतपुर, मदरसा गुलशन-ए-मदीना और मदरसा अल्फला सहित विभिन्न स्थानों से जुलूस निकाले गए। लोगों ने पूरे उत्साह और अकीदत के साथ इसमें भाग लिया।

# अपराध के मामलों को लेकर दीपक यादव उर्फ नंगा चर्चा में, पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खजनी/गोरखपुर** जिले के खजनी थाना क्षेत्र में रावत डॉडी निवासी दीपक यादव उर्फ नंगा यादव का नाम पिछले कुछ समय से दर्ज आपराधिक मुकदमों को लेकर चर्चा में है। उसके खिलाफ खजनी सहित आसपास के थानों में विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज होने की बात सामने आई है। गंभीर प्रकृति के मामलों में नाम सामने आने के बावजूद उसके बेखौफ रहने को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। हालांकि, किसी भी मामले में दोष सिद्ध होना न्यायालय के अंतिम निर्णय पर निर्भर करता है। हाल में एक व्यक्ति पर चाकू से हमला किए जाने का मामला भी सामने आया है। इस प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। स्थानीय लोगों का सवाल है कि यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ लगातार आपराधिक मामलों में नाम सामने आ रहा है तो पुलिस की कार्रवाई कितनी प्रभावी है और पुराने मामलों की विवेचना किस स्थिति में पहुंची है।

क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि कई मामलों में मुकदमा दर्ज होने के बाद कार्रवाई की गति धीमी पड़ जाती है। ऐसे में पुलिस को पुराने और नए सभी मुकदमों की निष्पक्ष समीक्षा कर यह स्पष्ट करना चाहिए कि किन मामलों में विवेचना पूरी हो चुकी है, किनमें आरोपपत्र दाखिल हुआ है और किन मामलों में कार्रवाई अभी लंबित है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार दीपक यादव उर्फ नंगा के नाम से खजनी थाने में मुकदमा संख्या 0272/2026, 0131/2026, 0143/2025, 0206/2022, 0404/2024 और 0412/2024 दर्ज होने का उल्लेख है। इसके अलावा 0101/2026 थाना हरपुर बुदहट तथा 0197/2019 से संबंधित मुकदमे का भी रिकॉर्ड बताया जा रहा है। इनमें एससी/एसटी एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं के शामिल होने की बात कही गई है। इन मुकदमों की वास्तविक स्थिति और धाराओं की पुष्टि पुलिस अभिलेख से होना जरूरी है।

अब बड़ा सवाल यह है कि इतने मामलों में नाम सामने आने के बाद पुलिस ने अब तक क्या प्रभावी कार्रवाई की है? क्या पुराने मुकदमों में आरोपपत्र दाखिल हो चुके हैं, क्या न्यायालय में सुनवाई चल रही है और हालिया चाकू हमले के मामले में पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ क्या कदम उठाए हैं? इन सवालों के जवाब खजनी पुलिस की कार्रवाई से ही सामने आएंगे। क्षेत्रवासियों की मांग है कि पुलिस सभी संबंधित मुकदमों की स्थिति सार्वजनिक करते हुए कानून के मुताबिक निष्पक्ष कार्रवाई करे, ताकि अपराधियों में कानून का भय कायम रहे और आम लोगों का पुलिस पर भरोसा मजबूत हो।

## राजकीय बाल गृह में बच्चों संग मनाया रक्षाबंधन, वन स्टॉप सेंटर का भी औचक निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही ने बुधवार को देवरिया स्थित राजकीय बाल गृह बालक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बच्चों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए आयोग की सदस्य ने उनसे आत्मीय संवाद किया। इसके बाद उन्होंने बाल गृह में बच्चों के रहने, भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा समेत विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को बच्चों की देखभाल में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद सदस्य ने वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सेंटर में महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सहायता, काउंसलिंग, विधिक सहायता समेत अन्य सेवाओं की जानकारी ली। महिला हिंसा से जुड़े मामलों में पीड़ित महिलाओं को त्वरित और संवेदनशील सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी सेवाओं का प्रभावी ढंग से संचालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान महिला कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और संबंधित संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बारावफात जुलूस पर पुलिस की पैनी नजर, चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा का पहरा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** बारावफात जुलूस को लेकर देवरिया पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। संवेदनशील स्थानों, जुलूस मार्गों, प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारी लगातार भ्रमण कर व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन में कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। थाना प्रभारियों और क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस को भी तैनात किया गया है। पुलिस ने जुलूस मार्ग और आसपास के इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी नजर रखी है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भ्रामक, आपत्तिजनक या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट और संदेशों पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों को किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने आमजन से निर्धारित मार्ग और यातायात व्यवस्था का पालन करने तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है।

### अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू न हुआ तो विधानसभा का होगा घेराव

लालगंज, प्रतापगढ़। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर सितंबर माह से निकाली जाने वाली तीसरे चरण की प्रदेशव्यापी यात्रा को लेकर बुधवार को यहां वकीलों की रणनीतिक बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि सरकार और सभी जिम्मेदार संस्थान अधिवक्ताओं की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर लगातार खामोशी बरते हुए है। उन्होने कहा कि एसोसिएसन द्वारा दो चरणों में निकाली गयी सुरक्षा यात्रा को प्रदेश के साथियों का भरपूर समर्थन मिला। राष्ट्रीय महासचिव अनिल तिवारी महेश ने साथियों को बताया कि तीसरे चरण की यात्रा के बाद एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट को लंबित रखने के विरोध में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता प्रान्तीय संयोजक विकास मिश्र व संचालन विपिन शुक्ल ने किया। इस मौके पर संतोष पाण्डेय, शिव नारायण शुक्ल, आशीष तिवारी, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, सुमित त्रिपाठी, प्रभाकर पाल, मस्तराम पाल, मिथलेश त्रिपाठी, सिंटू मिश्र, रमेश पाण्डेय, संजय सिंह, जितेन्द्र कनौजिया, राम अभिलाष यादव, पारसनाथ सरोज आदि अधिवक्ता रहे।

## देखें, सीखें और करें: मखाना, केला और हल्दी की खेती से बढ़ेगी किसानों की आमदनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवरिया।** खेती में नई संभावनाएं तलाश रहे किसानों को अब मखाना, केला और हल्दी जैसी अधिक आय देने वाली फसलों की व्यावहारिक जानकारी भी दी जा रही है। मखाना विकास योजना के तहत तकनीकी प्रशिक्षण के बाद किसानों को कुशीनगर के खड्डा विकासखंड स्थित प्रगतिशील किसानों के खेतों और तालाबों का फील्ड भ्रमण कराया गया। मंगलवार को किसान ग्राम रामपुर जंगल पहुंचे, जहां प्रगतिशील मखाना एवं कमल उत्पादक धर्मेंद्र जायसवाल के तालाब पर मखाना उत्पादन की बारीकियां समझीं। किसानों ने मौके पर फसल की तकनीक, उत्पादन प्रक्रिया और जलीय खेती की संभावनाओं को करीब से देखा।

जिला उद्यान अधिकारी संदीप गुप्ता ने बताया कि सोमवार को कृषि ज्ञान केंद्र में 60 से अधिक किसानों को मखाना उत्पादन की आधुनिक तकनीक की जानकारी दी गई थी। प्रशिक्षण के अगले चरण में किसानों को खेत-तालाब तक ले जाकर उन्हें व्यावहारिक अनुभव कराया गया, ताकि वे तकनीक को केवल सुनें नहीं, बल्कि देखकर समझ सकें। भ्रमण के दौरान किसानों ने खड्डा विकासखंड के ग्राम दरगौली में उमेश की केले की बागवानी और ग्राम रामनगर में पप्पू साहनी की व्यावसायिक हल्दी खेती का भी अवलोकन किया। किसानों को अलग-अलग फसलों के उत्पादन, प्रबंधन और व्यावसायिक संभावनाओं की जानकारी दी गई।

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि मखाना की बढ़ती मांग को देखते हुए पूर्वांचल में इसे जलीय फसल के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। चालू वर्ष में जिले में पांच हेक्टेयर क्षेत्रफल में किसानों के तालाबों में मखाना उत्पादन के लिए अनुदान दिया जा रहा है। किसानों से योजना का लाभ उठाकर मखाना उत्पादन से जुड़ने की अपील की गई। उद्यान निरीक्षक रणजीत यादव ने किसानों से पारंपरिक खेती के साथ उद्यान एवं जलीय फसलों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि फसल का चयन स्थानीय जलवायु, खेत की जरूरत और जल संरक्षण को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। योजना प्रभारी ने ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई की स्थापना पर 90 प्रतिशत तक अनुदान की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को जल संरक्षण के साथ खेती की लागत घटाने के उपाय भी बताए। इस दौरान विभागीय फील्ड स्टाफ गिरिजा शंकर यादव, प्रगतिशील किसान सुरेंद्र चौहान समेत प्रशिक्षण में शामिल किसान मौजूद रहे।

## दंगल देखने गए युवक की बाइक चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार; चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर,** बड़हलगंज थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उन्हें न्यायालय भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, अपराधों पर अंकुश लगाने और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक बड़हलगंज के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रविभूषण राय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 379/2026 से संबंधित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तौफिक उर्फ कोलाधर पुत्र हजरत और गुलशन पुत्र समतुल, दोनों निवासी ग्राम समय स्थान पडौली, थाना बड़हलगंज, गोरखपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। बरामदगी के आधार पर दर्ज मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) की बढ़ोतरी की गई है।

**दंगल देखने गया था युवक, वापस लौटा तो बाइक गायब**

पुलिस के अनुसार घटना 17 अगस्त की रात करीब दो बजे की है। वादिनी का नाती मोटरसाइकिल खड़ी कर दंगल देखने गया था। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटा तो मौके से मोटरसाइकिल गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। इसके बाद थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने जांच और सुरागरसी के बाद आरोपियों तक पहुंच बनाई और चोरी की बाइक बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी तौफिक उर्फ कोलाधर के खिलाफ वर्ष 2023 में भी बड़हलगंज थाने में मुकदमा दर्ज है। वहीं गुलशन के खिलाफ इसी चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज है। पुलिस दोनों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रविभूषण राय, कांस्टेबल विवेक गौड़ और कांस्टेबल आशीष यादव शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## युवक को रजाई की खोल में बंद कर ताल में फेका बेहोशी हालत में मिला युवक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवा** थाना क्षेत्र के गोविंदपुर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक युवक को रजाई की खोल में बंद कर ताल में फेंक दिया गया। अगले दिन शौच के लिए गए लोगों ने रजाई को खोल के देखा तो उसमें गांव का ही राम प्रवेश साहनी बेहोशी के हालात में पड़ा था। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी लेकर गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में हालत गंभीर बनी हैं पीड़ित के स्वजनों ने घघसरा चौकी पर गुहार नहीं सुनने का आरोप लगाया है। सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोविंदपुर निवासी राम प्रवेश साहनी का गांव में एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है।

स्वजनों का आरोप है कि दो दिन पहले अचानक रात को राम प्रवेश साहनी गायब हो गए। काफी तलाश के बाद नहीं मिलने पर स्वजनों ने खोजबीन के बाद पुलिस से शिकायत की। बुधवार की सुबह गांव के लोग कोटिया ताल के तरफ शौच करने गए। देखा कि ताल में किनारे के तरफ एक सिंगल रजाई के खोल में कुछ बांध के फेंका गया।

खोलने पर उसके अंदर बेहोश पड़े राम प्रवेश साहनी को देख ग्रामीण शोर मचाए। स्वजन मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए सीएचसी लेकर गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में घायल की हालत गंभीर बनी हुई है और अभी बात नहीं कर पा रहा है। स्वजनों का कहना है कि गांव का एक परिवार रात को पीड़ित राम प्रवेश को जबरन उठा ले गए और बुरी से मारने पीटने के बाद बोरा में भर कर तालाब में फेंक दिया। थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्र ने कहा कि मंगलवार की रात को राम प्रवेश के स्वजन गुमशुदगी का केस दर्ज कराए है। प्रेम प्रसंग का मामला है। जांच की जा रही है।

## शौच के लिए निकले 70 वर्षीय बुजुर्ग की गहरे पानी में डूबने से मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी/गोरखपुर।** सिकरीगंज थाना क्षेत्र के पिडरी गांव में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में 70 वर्षीय बुजुर्ग की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिडरी ग्राम सभा निवासी हरिनारायण शुक्ला पुत्र स्व. गंगाशरण शुक्ला बुधवार को शौच के लिए घर से बाहर निकले थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान वह गांव के आसपास गहरे पानी वाले स्थान के पास पहुंचे। अचानक पैर फिसल जाने से वह अनियंत्रित होकर गहरे पानी में जा गिरे। पानी अधिक गहरा होने के कारण वह उसमें समा गए और डूबने से उनकी मौत हो गई।

काफी देर तक हरिनारायण शुक्ला के घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। उनकी तलाश शुरू की गई। इसी दौरान गहरे पानी में उनके डूबने की जानकारी सामने आई। ग्रामीणों की मदद से उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सिकरीगंज थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में ले लिया। आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हरिनारायण शुक्ला की मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के कारण कई स्थानों पर पानी भर गया है और कुछ जगहों पर पानी काफी गहरा हो गया है, जिससे लोगों के लिए आवागमन के दौरान खतरा बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति और स्पष्ट होगी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पेड़ काटने का विरोध पड़ा भारी, महिला समेत परिवार पर धारदार हथियार से हमला




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला बाजार, गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के दुरई गांव में दरवाजे पर लगे नीम के पेड़ को काटने का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि पेड़ काटने से रोकने पर एक पक्ष के सात लोगों ने एकजुट होकर महिला समेत परिवार के सदस्यों पर धारदार हथियार और लाठी-डंडे से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में परिवार के कई लोग घायल हो गए। पीड़िता की तहरीर पर गोला पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में दुरई गांव निवासी गुड्डी देवी पुत्री जोखन ने आरोप लगाया कि बुधवार दोपहर करीब एक बजे उनके दरवाजे पर लगा नीम का पेड़ राजू पुत्र बेचन् काट रहा था। परिवार के लोगों ने जब इसका विरोध किया तो आरोप है कि राजू, प्रदीप पुत्रगण बेचन्, अमन और करन पुत्रगण विजय, सुमित पुत्र राजू तथा परमा पुत्र बेचन् और संध्या पत्नी राजू व सावित्री पत्नी बेचन् ने एकजुट होकर मारपीट शुरू कर दी। तहरीर के मुताबिक आरोपियों ने गुड्डी देवी, उनके पिता जोखन, बहन बबीता पत्नी जोखन और भाई दीपक पुत्र जोखन पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला किया। हमले में गुड्डी देवी की नाक कटने, उनके पिता का हाथ टूटने और बहन के सिर में गंभीर चोट लगने का आरोप है। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान उनकी बहन के कपड़े भी फाड़ दिए गए और आरोपी लगातार हमला करते रहे।

शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया, जिसके बाद परिवार के सदस्यों की जान बच सकी। पीड़िता ने बताया कि उनके पिता करीब एक माह से लकवा से पीड़ित हैं। घटना के बाद परिवार में भय का माहौल है। गोला पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 191(2), 191(3), 190, 115(2), 117(2), 324(4), 118(1) और 76 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बड़ी सिद्दत के साथ मनाया गया ईद उल मिलादुन्नबी का त्योहार, मदरसों के बच्चो ने की प्रभात फेरी

**मुहम्मद साहब के सिद्धांतों को ध्वनि विस्तारक से किया प्रचार**



**खजनी गोरखपुर** मुहम्मद साहब भाई चारे और आपसी प्रेम के हिमायती थे वह इन्सान, इंसाफ,और ईमान तथा अल्लाह की इबादत में विश्वास करते थे उनका विचार था कि समाज में फैली बुराईयों को दूर कर समाज में एकता भाईचारा स्थापित किया जाय वह आजीवन दीन,हीन,गरीब, वंचित,शौषितो और मजलूमों का मदद करने तथा समाज में फैली उंच नीच की बुराईयों को खत्म करने का प्रयास व संघर्ष किया वह कहां करते थे कि सभी लोग एक ही खुदा के बंदे हैं। उक्त बातें मदरसों के बच्चों के साथ प्रभात फेरी करते वक्त ध्वनि विस्तारक से गौसिया मस्जिद के इमाम एवं गौसिया मदरसे के हेडमास्टर कारी रियाजउद्दीन ने कही और मुल्क में अमन-चैन की दुआएं की। उक्त अवसर पर मदरसे के शिक्षक, और प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के अलावा उप जिलाधिकारी खजनी, सी ओ खजनी, तहसीलदार खजनी, प्रभारी निरीक्षक खजनी जयंत कुमार सिंह, चौकी प्रभारी उनवल अविनाश कुमार सिंह मय हमराहियों सहित जूलूस के साथ साथ भ्रमण कर शांति और सूरक्षा पर नजर रखे हुए थे।

# पूर्वांचल में बूथ स्तर तक कांग्रेस को मजबूत करने पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव, उत्तर प्रदेश के सहप्रभारी एवं पूर्वांचल जोन के नवनियुक्त प्रभारी अभिषेक दत्त बुधवार को टाउन हॉल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। प्रथम देवरिया आगमन पर जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से पार्टी पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं, पूर्व प्रत्याशियों, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, ब्लॉक अध्यक्षों और विभिन्न विभागों व फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की तैयारियों और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा की गई। अभिषेक दत्त ने कहा कि पूर्वांचल कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है और यहां संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसका कार्यकर्ता है। बूथ से जिला स्तर तक कार्यकर्ताओं के साथ लगातार संवाद और समन्वय के जरिए संगठन को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय और सशक्त बनाना जरूरी है।

कार्यकर्ता कांग्रेस की नीतियों, कार्यक्रमों और जनहित से जुड़े मुद्दों को जनता तक पहुंचाएं। कांग्रेस उत्तर प्रदेश में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए अभिषेक दत्त ने कहा कि महंगाई, अपराध और अन्य जनसरोकार के मुद्दों पर सरकार प्रभावी ढंग से काम करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी और लोकतंत्र, संविधान व सामाजिक न्याय की आवाज मजबूती से उठाएगी। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि अभिषेक दत्त का देवरिया आगमन संगठन के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उनके मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं से संवाद से संगठन में नई ऊर्जा आई है। जिला कांग्रेस कमेटी बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी सक्रियता से काम कर रही है। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व प्रत्याशी, जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, ब्लॉक अध्यक्ष, फ्रंटल संगठनों एवं विभिन्न विभागों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### श्रावण माह में बाबा का भव्य श्रृंगार भक्तो के लिए मनोहारी, उमड़े श्रद्धालु



**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रावण माह को लेकर बुधवार को पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में शिव भक्तों के द्वारा श्री रूद्राभिषेक एवं ऊँ नमः शिवाय के जाप में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। वहीं श्रावण माह को लेकर बाबा के गर्भगृह व मंदिर परिसर में विशेष सजावट को भी श्रद्धालु निहारते दिखे। मंदिर परिसर में जगह जगह वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भक्तों ने रूद्राभिषेक कर भगवान शिव का पूजन अर्चन किया। धाम में श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन कर आयोजित भण्डारों में प्रसाद भी ग्रहण किया। बुधवार को अयोध्या श्रीधाम से भी भक्तों का समूह वाहनों में बाबा का जयघोष करते दर्शन पूजन को उमड़ा दिखा। महंत मयंक भाल गिरि के संयोजन में हुई बाबा की मंगला आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ हर हर महादेव के जयघोष में मंत्रमुग्ध दिखी। वहीं बाहर से आये श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक कर धाम में बने गंगा सरोवर व सई के मध्य विराजे भगवान शिव प्रतिमा व पैदल सेतु आदि को भी निहारते दिखे।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं को निःशुल्क बस सेवा का तोहफा, पुलिस लाइन सभागार में हुआ भव्य कार्यक्रम

## महिला सशक्तिकरण के तीन आयाम सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन पर दिया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर मातृशक्ति को सम्मान देने के उद्देश्य से प्रदेश की महिलाओं के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू की गई है। इसी क्रम में पुलिस लाइन सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति, सदर विधायक मनीष असीजा, टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर, जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, मेयर कामिनी राठौर, महानगर उपाध्यक्ष रामनरेश कटारा, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी वि. एवं रा. कल्पना जायसवाल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



**सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन पर जोर**

मुख्य अतिथि धर्मवीर प्रजापति ने महिला सशक्तिकरण के तीन प्रमुख आयामों सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सर्वांगीण विकास, सुरक्षा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ लगातार महिलाओं तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की माताओं और बहनों के लिए निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस सुविधा का उद्देश्य महिलाओं को आवागमन के लिए किसी पर निर्भर न रहने देना है। मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था काफी सुदृढ़ हुई है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रही है।

**बहनें भाइयों के साथ सैनिकों को भी बांधें रक्षा सूत्र**

सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि सरकार ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की सभी बहनों के लिए तीन दिनों तक निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा शुरू की है। उन्होंने बहनों से अपील की कि वे अपने भाइयों के साथ-साथ देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों को भी रक्षा सूत्र बांधकर उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट करें। टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर ने कहा कि सरकार द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर योजना का शुभारंभ किया गया है। रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा का तोहफा देकर सरकार ने मातृशक्ति को सम्मान देने का कार्य किया है। मेयर कामिनी राठौर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण एवं सरकार द्वारा महिलाओं के हित में संचालित योजनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए।

**मतदाता सूची में 18 वर्ष की महिलाओं के नाम जुड़वाने की अपील**

कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी जिन महिलाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल होने से रह गए हैं, वे अपने नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं। जिलाधिकारी ने महिलाओं से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सुदर्शन कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

# खबर का हुआ असर 48 घंटे से बंद पड़ी विद्युत व्यवस्था हुई संचालित

## अधिकारियों ने लिया संज्ञान शुरू कराई विद्युत सप्लाई





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** नवाबगंज तहसील के विकासखंड भदपुरा में स्थित क्यों लड़ियां विद्युत उपकेंद्र है यहां से विकासखंड के 78 ग्रामों को बिजली सप्लाई की जाती है जो 48 घंटे तक बंद पड़ी रही भाग के किसी भी अधिकारी कर्मचारियों ने फोन तक उठाना संभव नहीं समझा इसके बाद इस खबर को स्वतंत्र प्रभात अखबार द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया इस पर अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लेते हुए। विद्युत व्यवस्था को संचालित कराया गया क्षेत्र में बिजली आपूर्ति शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली और स्वतंत्र प्रभात अखबार को बधाई दी ज्ञात रहे 48 घंटे तक बिजली व्यवस्था चालू न होने के कारण यहां के विकास कार्यालय के सभी कप्यूटर बंद पड़े रहे कोईभी सरकारी कार्य नहीं हो सका इससे पूरे क्षेत्र में बिजली केलिए हा हा कार मच गया था। विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा फोनभी ना उठाए जाने से लोग सकते में आ गए इसकी शिकायत एसडीम नवाबगंज सचिन यादव सेकी गई आयुक्त बरेली मंडल शंभूकुमार से की गई थी इसी खबर का प्रकाशन होने के बाद अधिकारियों की मेहनत रंगलाई और क्षेत्र की जनता को बिजली आपूर्ति प्राप्त हो गई।

# रामलीला आयोजन को लेकर नगर रामलीला कमेटी की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला** – श्री शिव समाधि मंदिर नगर रामलीला कमेटी टूण्डला की एक आवश्यक बैठक रामलीला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह (रघु धाकरे) ने की। बैठक में आगामी नगर रामलीला महोत्सव को भव्य एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित कराने को लेकर पदाधिकारियों ने विचार-विमर्श किया। बैठक में रामलीला के आयोजन, व्यवस्थाओं तथा नगर में होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्ष रघु धाकरे ने बताया कि रामलीला मंचन स्थान को लेकर उच्च न्यायालय में जो पिल दाखिल की गई है, पिल दाखिल करने वाले पक्ष के लोगों से बात की गई है, उन्होंने नवीन रामलीला कमेटी को बधाई दी है,और कहा है कि उच्च न्यायालय का जो भी निर्णय निकलेगा उसमे ठोस सहयोग किया जाएगा। अध्यक्ष रघु धाकरे ने नगर की जनता को अवगत कराया है कि इस बार रामलीला का मंचन भव्य और सुन्दर रूप से किया जाएगा। कमेटी पदाधिकारियों ने कहा कि भगवान श्रीराम की लीला का आयोजन नगर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। रामलीला के माध्यम से समाज में भगवान श्रीराम के आदर्शों,मर्यादा, सत्य और धर्म का संदेश पहुंचता है। कमेटी की ओर से सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ सहयोग करने का आह्वान किया गया। साथ ही नगरवासियों से भी रामलीला महोत्सव में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की गई। बैठक में नगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह (रघु धाकरे)कोषाध्यक्ष ऋषि यादव बंटी यादव,महामंत्री शशांक प्रताप सिंह आशु परमार हनी जादौन रूपेश शुक्ला संजय सिंह एडवोकेट शशांक प्रताप सिंह गौरव धाकरे सत्य प्रकाश बघेल पारस जैन ललित जैन धर्मेंद्र नौहवार भोला श्रोतिया मुकुल चौधरी जीतू चौधरी कुलदीप जादौन, कुलदीप चौधरी, लक्ष्मी देवी,ओमवती,शारदा देवी आशा देवी अनीता सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कानपुर।** थाना शिवराजपुर पुलिस ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबंध में अभद्र टिप्पणी करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान टीकम सिंह चौहान (47) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध थाना शिवराजपुर में मुकदमा अपराध संख्या 188/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(2), 352 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 में अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय माती, कानपुर देहात के समक्ष पेश करने के लिए भेज दिया।

# पार्क प्रकरण में मुख्यमंत्री कार्यालय का हस्तक्षेप, नगर विकास विभाग को भेजा गया मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** गोविंद नगर ब्लॉक-8 स्थित सार्वजनिक पार्क में कथित अतिक्रमण, धार्मिक संरचना एवं नवीन निर्माण के मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण को नगर विकास तथा नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव को अग्रसारित किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से यह कार्रवाई 18 अगस्त 2026 को की गई है। जनहित याचिका संख्या 1023/2026 के याचिकाकर्ता प्रकाश वीर आर्य की ओर से मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी गई शिकायत में कहा गया है कि माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 22 अप्रैल 2026 को सार्वजनिक पार्क को अतिक्रमणमुक्त कर उसके मूल स्वरूप में बहाल करने तथा पार्क की भूमि का उपयोग पार्क/खेल मैदान के रूप में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसके बावजूद जिलाधिकारी कार्यालय को भेजे गए प्रकरण में उद्यान विभाग द्वारा 21 जुलाई 2026 को ऐसी जांच आख्या प्रस्तुत की गई, जिसमें विवादित निर्माण को 'पूर्व से निर्मित मंदिर' बताया गया, जबकि उनके अनुसार निरीक्षण के समय भी संबंधित संरचना पर गुंबद का निर्माण कार्य चल रहा था और नवीन निर्माण के प्रत्यक्ष प्रमाण मौजूद थे। शिकायत में जांच आख्या पर सवाल उठाते हुए कहा गया है कि यदि संबंधित भूमि नगर निगम/केडीए के अभिलेखों में सार्वजनिक पार्क/ओपन स्पेस के रूप में दर्ज है तो विवादित निर्माण के निर्माण वर्ष, आयु, स्वीकृति, अनुमति तथा वैधानिक अभिलेखों का परीक्षण किया जाना चाहिए था। केवल स्थल का फोटो लेकर किसी निर्माण को 'पूर्व से निर्मित' बता देना अभिलेखीय एवं निष्पक्ष जांच का विकल्प नहीं हो सकता। प्रकाश वीर आर्य ने मुख्यमंत्री कार्यालय से 21 जुलाई की जांच आख्या को निरस्त कर स्वतंत्र एवं वरिष्ठ अधिकारी से पुनः जांच कराने की मांग की है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि विवादित निर्माण को 'पूर्व से निर्मित मंदिर' बताने का आधार स्पष्ट किया जाए और यह बताया जाए कि इसके समर्थन में कौन-कौन से सरकारी अभिलेख, स्वीकृति, अनुमति अथवा अन्य वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध हैं। शिकायत में पार्क में कथित अतिक्रमण एवं नवीन निर्माण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका और पूर्व एवं वर्तमान कार्यप्रणाली की भी जांच कर व्यक्तिगत जवाबदेही निर्धारित करने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री कार्यालय से माननीय हाईकोर्ट के 22 अप्रैल 2026 के आदेश का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा पार्क को सभी अवैध अतिक्रमण एवं नवीन निर्माण से मुक्त कर उसके मूल स्वरूप में बहाल कराने का भी अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा 18 अगस्त को प्रकरण नगर विकास विभाग के उच्च अधिकारियों को अग्रसारित किए जाने के बाद अब इस मामले में शासन स्तर पर होने वाली कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# विधायक का प्रयास लाया रंग: ढीमरपुरा और सजेहरा की सड़क शासन से स्वीकृत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- माधोगढ़ विधानसभा के अंतर्गत नदीगांव ब्लॉक क्षेत्र के अति पिछड़े गांव ढीमरपुरा और सजेहरा से मध्यप्रदेश की सीमा तक डामरयुक्त नई सड़क के निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति दिलाए जाने में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन का प्रयास रंग लाया है। विधायक की पहल पर उक्त दोनों प्रमुख सड़कों सहित कोंच क्षेत्र की कुछ अन्य सड़कों के भी निर्माण कार्य को शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने पर संबंधित ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक का आभार जताया है। बुधवार को जानकारी देते हुए विधायक मूलचंद्र निरंजन ने बताया कि क्षेत्र के अति पिछड़े गांव ढीमरपुरा में आवागमन के लिए अभी तक कोई पक्की सड़क नहीं है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने ग्रामीणों की इस समस्या को गंभीरता से लेकर शासन स्तर पर पैरवी की जिससे नई सड़क के निर्माण कार्य को आखिरकार मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि ढीमरपुरा गांव से एमपी सीमा की ओर 1.100 किमी लंबी दूरी तक 7 मी. चौड़े मिट्टी के प्लेटफॉर्म पर पौने 4 मी चौड़ी डामरयुक्त सड़क डाली जाएगी, सड़क निर्माण कार्य में 1 करोड़ 11 लाख रुपए की लागत खर्च की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही नदीगांव ब्लॉक क्षेत्र के ही गांव सजेहरा से लेकर एमपी सीमा तक 2.350 किमी लंबी दूरी की सड़क का निर्माण कार्य 2 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से कराया जाएगा जिसकी स्वीकृति शासन से हो गई है और जल्द ही टेंडर आदि प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुणवत्तायुक्त सड़क बनाई जाएगी। वहीं क्षेत्र के कोंच-महेशपुरा मार्ग पर जुझारपुरा गांव से हिंगुटा गांव तक और कैलिया रोड से ऊमरी गांव तक संपर्क मार्ग की मरम्मत कार्य को भी स्वीकृति मिल गई है। विधायक ने कहा कि आवागमन जैसी मूलभूत समस्या क्षेत्र में नहीं रहने दी जाएगी, जो भी कुछ सड़कें नए सिरे से बनने के लिए बाकी रह गई हैं वह क्रमबद्ध तरीके से बनवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के हित में कार्य करना उनका दायित्व के साथ कर्तव्य भी है जिससे वह कभी पीछे नहीं हटेंगे।

**गौरतलब हो कि नदी किनारे स्थित ढीमरपुरा गांव में आवागमन के लिए अभी तक कोई पक्की सड़क नहीं है। उक्त गांव एमपी और यूपी सीमा के बीच फंसा हुआ है जिससे इस गांव में मूलभूत समस्याये व्याप्त हैं और ग्रामीण लंबे समय से गांव के विकास की बाट जोह रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि स्वीकृत इस सड़क निर्माण कार्य से उन्हें पूरी तरह से लाभ नहीं मिल सकेगा, ग्रामीणों की मांग है कि यूपी के हिस्से की 1.100 किमी सड़क निर्माण के बाद भी उन्हें एमपी सीमा तक 2.200 किमी दूरी का रास्ता (एमपी का हिस्सा) कच्चा ही तय करना पड़ेगा। उनका कहना है नदी पर पुल बन जाने से उनकी सड़क की समस्या हल हो सकती है।**

# नगर में शानो-शौकत से निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन)**- सरकार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा, नवी की आमद मरहबा। आमना का लाल आया रसूल या रसूल के नारों की गूंज और हरे परचमों के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी पूरी शानो-शौकत के साथ बुधवार को नगर में निकाला गया। उधर सुबह से हो रही बारिश ने जुलूस में खासा खलल डाला जिसके चलते जुलूस अपने निर्धारित समय से देर में उठ सका। पैगम्बर ए इस्लाम मोहम्मद साहब की यौमें विलादत जश्न ए ईद मिलादुन्नबी पर तंजीम गुलामाने मुस्तफा सोसायटी के जेरे एहतमाम में दोपहर नमाज जोहर के बाद मस्जिद जीनतुल इस्लाम तिलक नगर से कमेटी के सदर हाफिज अताउल्लाह खां गौरी एवं जुलूस के सदर शमशुद्दीन मंसूरी सभासद ने हरी झंडी दिखाकर जुलूस को रवाना किया। जुलूस कटरा बाजार, स्टेट बैंक, खेरा चौराहा, आराजी लैन से होता हुआ आजाद नगर पहुंचा। मानिक चौक पर जुलूस के सदर शमशुद्दीन मंसूरी को मो.उमर ने पगड़ी बांधी जबकि कमेटी के प्रबंधक हामिद हुसैन कादरी ने सनद भेंट की। जुलूस में शामिल लोग झंडे लहराते हुए डीजे पर बज रहे गानों पर झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे जबकि बच्चे घोड़ों पर सवार थे। जुलूस में चल रहे अकीदतमंदों को कई स्थानों पर हलुवा, खीर और शर्बत बांटा गया, साथ ही फूल बरसाए गए। जुलूस में कमेटी अध्यक्ष हाफिज अताउल्लाह खां गौरी, सेकेट्री हाजी मोहम्मद अहमद, प्रबंधक हामिद हुसैन कादरी, सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, सांसद प्रतिनिधि राजू अहिरवार, अशफाक गौरी, हाजी सेठ नासिर, सभासद आजादउद्दीन, मो.जाहिद, अहमद खां, काजी जहीरूद्दीन, मो.वसीम सिद्दीकी, कांग्रेस जिला महासचिव अनिल पटैरया, जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर पुरोहित, नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, सपा नगर अध्यक्ष और सभासद अमित यादव, सपा छात्रसभा जिलाध्यक्ष रामानंद कुशवाहा, बसपा नेता आशीष पांडेय, सभासद दंगल यादव, माधव यादव, महावीर यादव, शकील मकरानी, सुल्तान राईन, सनी मंसूरी, मो. गनी सिद्दीकी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। जुलूस देर शाम जामा मस्जिद पुरानी तहसील पर सलातो सलाम के साथ व मुल्क में अमन चैन की दुआ के साथ संपन्न हुआ जिसके बाद तबर्रुक बांटा गया। वहीं, जुलूस में सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा। एसडीएम अभिनव कुमार एवं सीओ परमेश्वर प्रसाद के निर्देशन व कोतवाल निगवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल मुस्तैद रहा।

# सलैया पुल पर बारिश से मिट्टी कटान होने पर चारपहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक



**कोंच(जालौन)**- लगातार हो रही बारिश से पहूंज नदी का बहाव भी तेज हो गया है। ग्राम सलैया पर बने पुल के समीप तेज बहाव से हो रही कटान को देखते हुए प्रशासन ने अब चारपहिया वाहनों के आने-जाने पर भी रोक लगा दी है। वहीं नदीगांव पुल के पास भी तेज बहाव से मिट्टी धसक गई जिससे सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है, यहां पर बेरिकेटिंग लगा दी गई है। मंगलवार से लगातार हो रही बारिश को देखते हुए एसडीएम अभिनव कुमार ने सीओ परमेश्वर प्रसाद और पीडब्ल्यूडी के जेई शिवलखन सिंह के साथ कैलिया और नदीगांव क्षेत्र का भ्रमण कर बारिश के पानी का जायजा लिया है। एसडीएम ने बताया कि सलैया पुल पर तेज बहाव से हो रही कटान को देखते हुए चारपहिया वाहन बंद कर दिए गए हैं और पुलिस पिकेट लगा दी गई है। उधर नदीगांव में बने पुल पर मध्यप्रदेश की तरफ तेज बहाव से मिट्टी धसक गई है। यहां पर एई नंदकिशोर द्वारा बेरिकेटिंग कराई जा रही है। एई ने बताया कि फिलहाल अभी कोई खतरा नहीं है, बारिश से पुल के किनारे की मिट्टी धसकी है जिसकी भराई जल्द ही कराई जाएगी। एसडीएम ने बताया कि बारिश को देखते हुए लेखपालों को टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। अभी तक तहसील क्षेत्र में 8 से 10 मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है जिसको लेकर जरूरी कार्रवाई की जा रही है।

# उल्लास के साथ निकाली गई कांवड़ यात्रा, भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- भोलेनाथ के प्रति आस्था से परिपूर्ण पावन श्रावण मास के अवसर पर अयोध्यावासी स्वर्णकार समाज के तत्वावधान में बुधवार को रामकुंड कोंच से कौशलेश्वर महादेव मंदिर तक कांवड़ यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। यात्रा में समाज की महिला पुरुषों और बच्चों समेत बड़ी संख्या में नगरवासियों ने भाग लिया। कांवड़ यात्रा में सम्मिलित शिवभक्तों ने रामकुंड से अपने पात्रों में कुंड का जल भरा और शिव स्तुति के साथ पूजा-अर्चना कर भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए मंदिर के लिए प्रस्थान किया। कांवड़ यात्रा में शामिल



कांवड़िए 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' का जयघोष करते हुए आगे बढ़े। यात्रा मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने कांवड़ियों का स्वागत किया, साथ ही जलपान की व्यवस्था की। नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने भी कांवड़ यात्रा का स्वागत किया। रास्ते भर शिवभक्ति का माहौल देखने को मिला। वहीं यात्रा के कौशलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने पर कांवड़ियों ने भगवान शिव का पवित्र जल से जलाभिषेक किया और भोलेनाथ से परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। उक्त आयोजन को लेकर समाज के अध्यक्ष मुकेश सोनी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ ही सद्भाव एवं धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं। कांवड़ यात्रा में ज्ञान सोनी, अरविंद सोनी, सुरेश सोनी, प्रह्लाद कौशल, जयप्रकाश सोनी, मनोज कौशल, हरदयाल सोनी, मनीष सोनी, बाबा रामू सोनी, मुन्ना सोनी, आनंद सोनी, सचिन सोनी, सत्यम सोनी, अनिल सोनी, प्रदीप सोनी आदि शामिल रहे।

# लगातार बारिश बनी मुसीबत,कहीं जलभराव तो कहीं कच्चे घर गिरे

**कोंच(जालौन)**- मंगलवार से ही लगातार हो रही बारिश ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। नगर का कई इलाके बुरी तरह जलमग्न हो गए हैं तो कहीं कच्चे घर जमींदोज हो जाने से गरीबों के सिर से छत छिन गई है। हालांकि रुक रुक कर हो रही बारिश ने बुधवार की सुबह तेजी पकड़ ली और मूसलाधार बारिश ने खेतों को तो तालाब बना ही दिया है, सड़कें और गलियां भी बुरी तरह जलमग्न हो गए। बारिश के चलते नगर के मोहल्ला आराजीलेन में रहम इलाही कुरैशी के मकान से लेकर कुरैशियान मस्जिद के आसपास के इलाके में अच्छा खासा जलभराव हो गया। स्थिति यह है कि बगल से निकले नाले का गंदा पानी मुख्य सड़क पर घुटनों तक भर गया जिससे लोगों को गंदे पानी में से होकर आवागमन करना पड़ रहा है। इलाकाई लोगों का कहना है कि इसी रास्ते से जुलूस-ए-मोहम्मदी का जुलूस भी निकलना है और जलभराव के चलते गंदे पानी में से होकर जुलूस निकालना कैसे संभव है। लोगों का कहना है कि जुलूस के मद्देनजर कमेटी के लोगों द्वारा पानी की निकासी के लिए पहले ही प्रशासन और नगर पालिका ईओ को अवगत करा दिया गया था लेकिन इस विकट और गंभीर समस्या पर ध्यान ही नहीं दिया गया जो अब परेशानी और चिंता का सबब बन गया है। इलाकाई लोगों का कहना है कि मोहल्ला आराजीलेन और भगत सिंह नगर इलाके में स्थित पुराने ताल-तलैया और नाले-नालियों पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर पक्के निर्माण कर लिए गए हैं जिससे पानी की निकासी पूरी तरह से बंद हो गई है, फलस्वरूप जरा सी ही बारिश में जलभराव की समस्या से यहां के लोगों को दो-चार होना पड़ जाता है।

# घर जाते समय रास्ते में मारी गई गोली

## बाइक सवार आरोपियों ने रास्ते में मारी गोली, दाहिने पैर के जांघ में लगी गोली,जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**गोंडा।** जिले में खरगूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जानकीनगर पोखरा गांव के पास मंगलवार देर रात्रि 10:00 बजे के करीब उसे समय हड़कंप मच गया। जब इटियाथोक थाना क्षेत्र अंतर्गत बसंतपुर राजा गांव के रहने वाले 50 वर्षीय आनंद कुमार मिश्रा को घर जाते समय रास्ते में बाइक स्वरों ने रोक करके गोली मार दिया। बताया जा रहा है कि पहले बाइक सवारों और आनंद कुमार मिश्रा से आपसी कहासुनी और गाली गलौज हुआ। फिर इसके बाद में बाइक सवारों ने गोली मारी जो उनके बाएं पैर के जांघ में लगी है। तत्काल स्थानीय लोगों द्वारा गोंडा मेडिकल कॉलेज लाकर के आनंद कुमार मिश्रा को भर्ती कराया गया है जहां आनंद कुमार मिश्रा का गोंडा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। आनंद कुमार मिश्रा ने अपने ही सगे रिश्तेदारों पर गोली मारने का आरोप लगाया है हालांकि इन सभी बिंदुओं को लेकर के खरगूपुर थाने की पुलिस पूरे मामले को लेकर गंभीरता पूर्वक जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे आनंद कुमार मिश्रा के मोबाइल कॉल डिटेल को भी देख रही है। बताया जा रहा है कि आनंद कुमार मिश्रा अपने भाई अरुण कुमार मिश्रा और परिवार के साथ उनके ससुराल बलरामपुर में आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए हुए थे। वहां से शामिल होकर के आनंद कुमार मिश्रा अपने गांव बसंतपुर राजा पहुंचे वहां पर अपने चार पहिया वाहन को खड़ा करके अपनी एक मोटरसाइकिल लिए और फिर जानकी नगर पोखरा गए हुए थे। जहां जानकी नगर पोखरा से घर बसंतपुर राजा लौटते समय रास्ते में यह घटना हुई है। पीड़ित भाई अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि जिस समय घटना हुई है उसे समय हमारे ससुराल के लोग हमारे साथ थे। जिन पर आरोप लगाया जा रहा है वह हमारे ससुराल के लोग हैं और हमारे भाई हमारे घर पर कार्यक्रम में शामिल होकर के पहुंच गए थे। अब पुलिस जांच करें कि किसने गोली मारी और कैसे गोली लगी है हम लोग इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच और कार्रवाई चाहते हैं। वही खरगूपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि फिलहाल सभी बिंदुओं पर हम लोग जांच कर रहे हैं। गोली को कैसे लगी किसने मारा किन परिस्थितियों में मारा या आपस के ही रिश्तेदारों पर आरोप लगा रहे हैं। वही गोंडा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर प्रकाश भदौरिया सिंह ने बताया कि बसंतपुर राजा गांव के रहने वाले आनंद कुमार मिश्रा है। जिन्हें गोली लगी है बाएं पैर के जांघ में तत्काल हम लोगों ने इलाज करके इन्हें यहां पर भर्ती कर लिया है और इलाज इनका किया जा रहा है।

# मवैया देवी धाम में नव निर्माण के लिए विधायक ने किया भूमि पूजन

## 62 लाख रुपयों की लागत से होगा निर्माण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़** माँ विंध्यवासिनी के स्वरुप में क्षेत्र में आम जन द्वारा पूजित माता मवैया देवी के, ग्राम मवैया स्थित धाम में, मंदिर के पास दर्शनार्थियों की सुविधाओं हेतु होने वाले निर्माण के लिए विधायक अनुराग सिंह ने बुधवार को बिधिवत पूजन किया।

करीब 62लाख की लागत से एक हाल के अलावा इंटरलाकिंग व अन्य कार्य के साथ ही पेयजल के लिए बोरिंग भी कराई जाएगी।उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम की सोनभद्र ईकाई द्वारा निर्माण कराया जायेगा। भूमि पूजन के पूर्व सर्व प्रथम अनुराग ने माता रानी के चरणों में शीश नवा कर बिधिवत पूजन व दर्शन किया। पं बृजेश चतुर्वेदी की अगुवाई में अचार्यों के समूह ने बिधि विधान से पूजन संपन्न करवाया।अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में हिन्दू आस्था के केंन्द्रो के विकास व सौंदर्यईकरण के लिए समुचित धन आवंटित किये गये हैं। पूर्व की सरकारों में कब्रिस्तानों के लिए धन दिया जाता था।मंदिर के चबूतरे पर पत्थर लगाने व चबूतरे को सुदृढ़ करके रेलिंग लगाने के कार्य को आगे कराने का बचन दिया।

इसके लिए भी प्रस्ताव भेजा गया था। आगामी 30 अक्टूबर रविवार को माँ विंध्यवासिनी के प्राकट्य तिथि पर आयोजित उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में आकर मातारानी के दर्शन लाभ व प्रसाद लेने का आग्रह किया। इस दौरान चंद्रशेखर सिंह, ग्राम प्रधान दिनेश चौबे, अनूप कुमार सिंह, रामकलेश सिंह, संतोष सिंह, आलोक सिंह, विजय सिंह भारद्वाज, राजेश्वर सिंह, पन्नालाल सिंह, चन्द्रहास गुप्ता, बह्मानंद कुशवाहा, अनमोल सिंह, अखिलानन्द तिवारी सहित कार्यदाई संस्था के अधिकारी, ठेकेदार पार्टी कार्यकर्ता व नागरिकगण उपस्थित थे।

# शीतलेश्वर महादेव का हुआ भव्य श्रृंगार, विशाल भंडारे में उमड़े श्रद्धालु



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़ संवाद।** क्षेत्र के अदलपुरा आराजी लाइन सुल्तानपुर स्थित शीतला धाम में शीतलेश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सावन माह के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।सुबह से ही मंदिर में भक्तों का आना-जाना शुरू हो गया था। पुजारियों ने विधि-विधान से भगवान शीतलेश्वर महादेव का गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से पंचामृत अभिषेक किया। इसके बाद भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया गया। बेलपत्र, भांग, धतूरा, गुलाब और बेला के फूलों की मालाओं से शिवलिंग को सजाया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।श्रृंगार के बाद भगवान की महाआरती की गई। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर '? नमः शिवाय 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।मंदिर समिति की ओर से विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया । आसपास के दर्जनों गांवों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक भंडारा चलता रहा।मंदिर के पुजारी ने बताया कि सावन में शीतलेश्वर महादेव के दर्शन और जलाभिषेक का विशेष महत्व है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है।इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्य एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### कोर्ट में हाजिर न होने पर आरोपी के घर 82 सीआरपीसी की कार्रवाई, विंध्याचल पुलिस ने की मुनादी

**मीरजापुर/विंध्याचल।** लगातार कोर्ट में हाजिर न होने पर फरार चल रहे अभियुक्त के खिलाफ विंध्याचल पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार मुकदमा अपराध संख्या 21/24 व 20/24 में वांछित अभियुक्त विकास विंद पुत्र चंद्रबली, निवासी दादर कला, थाना विंध्याचल, जनपद मीरजापुर लंबे समय से फरार चल रहा था और न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था। न्यायालय के आदेश पर विंध्याचल पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी( अब बीएनएसएस की धारा 84) के तहत उद्घोषणा की कार्यवाही की गई। पुलिस टीम ने अभियुक्त के घर पहुंचकर डुगडुगी पिटवाकर मुनादी कराई और नोटिस चस्पा किया। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि अभियुक्त निर्धारित समयावधि में न्यायालय के समक्ष हाजिर नहीं होता है तो उसके विरुद्ध कुर्की (83 सीआरपीसी) की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस का कहना है कि फरार अभियुक्तों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह का सीखड़ में भव्य स्वागत



**मीरजापुर।** क्षेत्र के सीखड़ में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष का मझवां व सीखड़ में भव्य स्वागत किया। बता दे की विकास खण्ड सीखड़ के प्राथमिक विद्यालय प्रथम के प्रधानाध्यापक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष संजय कुमार सिंह को जिलाध्यक्ष बनाए जाने एवं सीखड़ ब्लाक में प्रथम आगमन पर साथी शिक्षकों ने माल्यार्पण कर गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया इस दौरान मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष ने साथी शिक्षकों से कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके कुशल नेतृत्व, ऊर्जावान मार्गदर्शन और दूरदर्शी सोच से हमारा संगठन प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा। शिक्षकों के सम्मान, उनके हितों की रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए हम आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए संकल्पित हैं।इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार राय व अध्यापक आनंद प्रकाश सिं, अकबाल सिंह, राजबहादुर साहनी, अमरेंद्र सिंह, विकासचंद्र, शशिकांत सिंह, मोहन लाल, ललित सिंह, अभिनव त्रिपाठी, विनोद यादव, धीरज त्रिपाठी आदि ने माल्यार्पण कर जिलाध्यक्ष का स्वागत किया।

### धूमधाम से मनाया गया ईद ए मिलादुनब्बी पर्व




**चुनार, मीरजापुर।** पालिका क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय द्वारा बारावफात का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दरगाह शरीफ सराय टेकौर, पिरवाजी शाहिद, मोची टोला, आदि स्थानों से जुलूस निकाले गए। बारावफात को ईद ए मिलादुन्नबी के नाम से भी जाना जाता है। यह त्योहार इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन मुस्लिम समुदाय पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के मानवता, प्रेम और भाईचारे के संदेशों को याद करता है। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा मस्जिदों में नमाज अदा किया गया ।इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद ने बड़ी संख्या में गरीबों को दान खैरात किए। इस अवसर पर तारीक अहमद, वकील अहमद, नईम खान,अख्तर अली, यासीन राईन शिबू अंसारी, रहीम खान, मुन्ना खां, शेराज खां सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहें।

# एनएच-135 पर लावारिस पशुओं का आतंक, रोज हो रहे हादसे; एनएचएआई की चुप्पी पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** मीरजापुर से ड्रमंडगंज जाने वाले नेशनल हाईवे-135 पर लावारिस पशुओं का बढ़ता जमावड़ा वाहन चालकों के लिए लगातार जान का खतरा बनता जा रहा है। हाईवे पर बड़ी संख्या में पशु सड़क के बीचों-बीच बैठे और घूमते नजर आते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बाइक सवारों को उठानी पड़ रही है, क्योंकि तेज रफ्तार में अचानक सड़क पर पशु सामने आ जाने से चालक को संभलने तक का मौका नहीं मिलता और बाइक सवार हादसे का शिकार हो जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि एनएच-135 पर पशुओं की भारी भरमार के बावजूद एनएचएआई

की ओर से कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं की जा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक रात के समय हाईवे की निगरानी और पेट्रोलिंग के लिए पर्याप्त वाहन तक नजर नहीं आते, जिसके कारण लापरवाही और बढ़ जाती है। सड़क पर बैठे पशुओं के कारण जहां आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, वहीं बड़ी संख्या में पशु भी वाहनों की चपेट में आकर मौत का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन एनएच-135 की जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। एक तरफ बाइक सवार अपनी जान हथेली पर रखकर सफर करने को मजबूर हैं तो दूसरी तरफ बेजुबान पशु भी सड़क पर मौत का शिकार हो रहे हैं। इसके बावजूद एनएचएआई

चुप्पी साधे बैठा है और सरकार की ओर से भी समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम दिखाई नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने तीखे सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर किसी बड़े हादसे का इंतजार क्यों किया जा रहा है? क्या कई लोगों की जान जाने के बाद ही जिम्मेदार अधिकारियों की नींद खुलेगी? ग्रामीणों ने मांग की है कि एनएच -135 पर चौबीसों घंटे प्रभावी पेट्रोलिंग व्यवस्था की जाए, सड़क पर घूम रहे लावारिस पशुओं को तत्काल हटाया जाए और दुर्घटना संभावित स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी एनएचएआई और संबंधित जिम्मेदार विभागों को तय करनी होगी। एन एच-135 पर मौत का यह खेल कब रुकेगा, यही सवाल अब ग्रामीणों और राहगीरों के सामने खड़ा है।

# टूटी सड़क ने ली हादसे को दावत, शुक्ला ढाबा के पास गाड़ी पलटी

## चालक बुरी तरह घायल, एनएचएआई की लापरवाही पर उठे सवाल




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, मीरजापुर।** लालगंज क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर सड़क की बदहाल स्थिति एक बार फिर हादसे का कारण बन गई। शुक्ला ढाबा के पास टूटी हुई सड़क के चलते एक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें चालक बुरी तरह घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटनाग्रस्त वाहन का नंबर एम एच 05 एम एच 878 बताया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और घायल चालक को आवश्यक मदद उपलब्ध कराने के साथ ही घटनास्थल पर सुरक्षा व्यवस्था संभाली। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हाईवे पर कई स्थानों पर सड़क क्षतिग्रस्त होने के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से समय रहते मरम्मत नहीं कराई जा रही है, जिससे वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। शुक्ला ढाबा के पास टूटी सड़क हादसे का बड़ा कारण बनी, जिसके चलते वाहन पलट गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने NHAI की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मांग की है कि हाईवे की क्षतिग्रस्त सड़क को तत्काल दुरुस्त कराया जाए तथा हादसे संभावित स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। फिलहाल पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहा और दुर्घटना स्थल पर यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को नियंत्रित किया गया।

### कार एक्सीडेंट से पैतालीस वर्षीय व्यक्ति की मौत



**सुरियावां।** के दुर्गागंज सुरियावा फोर लेन सड़क के विहियापुर के पास समय नौ बजे के लगभग पट्टीवेजाव निवासी भोनू गौतम उम्र पैतालीस अपने पिता चंद्रबली को बैठाकर ज्ञानपुर ट्रेन पकड़कर गोवा जाते। जैसे बाइक विहियापुर पहुंची एक साइकिल सवार को बचाने में गिर गए इनका एक पैर का चप्पल सड़क पर फेका गया चप्पल लेने के लिए सड़क पर गए तेज रफ्तार कार ने एक्सीडेंट कर दिया तो कार भा नहीं पाई लोग रोक लिए एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां बांडी को लाया गया मृत घोषित कर दिया थानाध्यक्ष अश्वनी त्रिपाठी और पुलिस के जवान साथ रहे लिखापढ़ी के बाद शव मर्चरी हाउस ज्ञानपुर भेजा गया। मृतक की पत्नी मीरा देवी, एक लड़की अंजलि बारह साल, बाबूलाल दस साल कुद्दू पांच साल का है।

# प्रियांशु विश्वकर्मा के मौत पर परिजनों के बीच पहुंचे कांग्रेस जिला महासचिव-जजलाल राय

## परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया और दुख कि घड़ी में सांत्वना दी-जिला महासचिव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** कांग्रेस कमेटी भदोही के जिला महासचिव जजलाल राय ने चौरी क्षेत्र के संवरपुर गांव में 14 वर्ष के प्रियांशु विश्वकर्मा पुत्र सुभाष विश्वकर्मा की तालाब में डूबने से मौत के बाद परिजनों के बीच बुधवार को उनके आवास पर पहुंचे और इस दुख की घड़ी में सांत्वना दी, और सपरिवार में ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि संवरपुर के पार्वती तालाब में नहाने के दौरान प्रियांशु 14 वर्षीय छात्र की डूबने से जिस प्रकार मौत हुई है यह एक बहुत ही दुख भरी घटना है।

कहां की मृतक प्रियांशु कक्षा 9 का छात्र था और परिवार का इकलौता बेटा था और वह पढ़ने लिखने में काफी तेज और होनहार भी था, लेकिन जिस प्रकार से यह घटना हुई यह हम सभी के लिए दुख की घटना है। श्री राय ने कहा कि मृतक के दो बहने हैं, और रक्षाबंधन का त्यौहार शुक्रवार को है, भाई-बहन का पवित्र त्यौहार वर्ष में एक बार आता है, आज उसी घर में दोनों बहने अपने भाई की कलाई पर रखी बाधने के लिए इंतजार कर रही हैं, और रो रो कर भाई की याद में बुरा हाल हो गया है।

**भदोही प्रशासन से आर्थिक सहायता का किया मांग-राय** कांग्रेस कमेटी भदोही के जिला महासचिव जजलाल राय ने भदोही जिलाधिकारी से इस पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके। उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही होने के नाते आपकी इस दुख की घड़ी में हर समय, हर वक्त खड़े हैं।

### यूपी-112 पीआरवी बनी जीवनरक्षक, आत्महत्या का प्रयास कर रहे युवक को सुरक्षित बचाकर बचाई जान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में तथा शुभम अग्रवालअपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में यूपी-112 द्वारा जनपदवासियों को त्वरित, प्रभावी एवं संवेदनशील पुलिस सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 25.08.2026 को समय 20:20 बजे यूपी-112 को इवेंट के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना सुरियावां क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 कस्बा सुरियावा में एक युवक कमरा बंद करके आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा है। सूचना प्राप्त होते ही पीआरवी-7675 बिना विलंब किए घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर उपस्थित कॉलर ने बताया कि मेरा छोटा भाई पत्नी से कहासुनी करने के उपरांत कमरे का दरवाजा बंद कर छत के पंखे से फांसी लगाने का प्रयास कर रहा है। पीआरवी कर्मियों ने तत्परता, सूझबूझ एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए दरवाजा तोड़कर युवक तीर्थराज उपाध्याय पुत्र स्वर्गीय बाबूनाथ उपाध्याय को फांसी के फंदे से नीचे उतारा तथा आत्महत्या का प्रयास विफल कर उसकी जान बचाई। परिजन द्वारा ईलाज हेतु सीएचसी सुरियावां में भर्ती गया है। यूपी-112 की इस त्वरित एवं सराहनीय कार्यवाही से एक अनमोल जीवन सुरक्षित बचाया जा सका। स्थानीय लोगों ने पुलिस की संवेदनशील कार्यशैली एवं तत्परता की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए यूपी-112 की कार्यप्रणाली की सराहना की। पीआरबी टीम कमांडर आरक्षी श्याम जी रावत पायलट होमगार्ड जीत नारायण थाना सुरियावां से हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार तिवारी।

### अवैध शस्त्र के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से नाजायज चाकू बरामद

**भदोही।** उड़िया बाबा आश्रम के पास से चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा रोका गया। पूछताछ और जामा तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक अवैध लोहे का नुकीला व धारदार चाकू बरामद हुआ। इस संबंध में थाना कोइरौना पर मु0अ0सं0 164/26 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। अभिनव त्यागी,पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शुभम अग्रवाल,अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 26/08/2026 को थाना कोइरौना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में गश्त और चेकिंग के दौरान उड़िया बाबा मंदिर के पास से अभियुक्त जय गौड़ को गिरफ्तार किया गया।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार ज्ञानपुर का किया आकस्मिक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



» जेल की सुरक्षा, स्वच्छता, चिकित्सा एवं भोजन व्यवस्था की हुई समीक्षा, बंदियों को सभी सुविधाएं समय से उपलब्ध कराने के निर्देश

» बंदियों द्वारा तैयार किए गए कालीनों की सराहना

**भदोही:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार ज्ञानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने जेल में बन्द कैदियों को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली, तथा जेल अधीक्षक को सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं को समय से बन्दियों को मुहैया कराने का निर्देश दिया। इस दौरान ज्ञानपुर जिला जेल में निरुद्ध जनपद भदोही के पुरुष/महिला बैरकों में जाकर सरकार द्वारा उन्हें दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने कारागार में बंदियों द्वारा तैयार किए जा रहे एवं बनाए गए बेहतरीन कालीनों का भी अवलोकन किया। अधिकारियों ने कालीनों की बुनाई, डिजाइन, गुणवत्ता एवं कारीगरी को ध्यानपूर्वक देखा तथा बंदियों की प्रतिभा एवं हुनर की सराहना की। उन्होंने कहा कि बंदियों को कौशल विकास एवं रचनात्मक कार्यों से जोड़ना उनके व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने रसोई घर, स्टोर खाद्यान, महिला बैरक/पुरुष बैरक/किशोर बैरक, के निरीक्षण के साथ ही जेल कैम्पस में ही संचालित डिस्पेन्सरी का भी निरीक्षण किया। तत्पश्चात सभी अधिकारियों ने महिला बैरक में पहुच कर उन्हें जेल प्रशासन द्वारा मुहैया करायी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की तथा उन्हें सरकार द्वारा प्रदत सभी सुविधाएं समय पर मुहैया कराये जाते रहने का निर्देश दिया। उपर्युक्त लोगों ने पेयजल व्यवस्था, शौचालय, साफ-सफाई आदि का निरीक्षण के साथ ही मुलाकाती पंजिका का भी अवलोकन किया। कारागार अधीक्षक ने कारागार का अवलोकन कराया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, अज्ञात चार पहिया चालक पर मुकदमा दर्ज

**सुरियावां (भदोही):** थाना क्षेत्र के विहियापुर गांव के पास मंगलवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पट्टी बेजाव निवासी भोलू प्रसाद (40 वर्ष) पुत्र चन्द्रबली मंगलवार रात करीब 8:15 बजे अपनी बाइक (यूपी62सीके6862) से जानपुर रोड स्टेशन की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह विहियापुर गांव के पास पहुंचे, तभी छनौरा की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार चार पहिया गाड़ी (यूपी70ईडब्ल्यू8686) के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद पीछे दूसरी बाइक से आ रहे मृतक के पिता चन्द्रबली व छोटे भाई नीरज मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपी चालक अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। परिजनों द्वारा आनन-फानन में भोलू प्रसाद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सुरियावां ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में मृतक के पिता चन्द्रबली की लिखित तहरीर पर सुरियावां पुलिस ने एफआईआर संख्या 0287/2026 दर्ज की है।

## संक्षिप्त खबरें

### कार मे युवती से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार हुआ

**संवाददाता प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के वादी ने पुलिस को तहरीर दी कि उसकी पुत्री कटरा मेदनीगंज स्थित मां शीतला देवी मन्दिर दर्शन करने गई। दर्शन कर वापस जाने के लिए साधन का इंतजार कर रही थी कि इसी दौरान मो. आरिश पुत्र मो. आरिफ निवासी घोसियाना बेगम वार्ड कोतवाली नगर ने उसके पिता को जानने की बात कहकर कार मे बैठा लिया और एटीएल ग्राउंड ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकत व छेड़खानी करने लगा। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने कार में नाबालिग लड़की को देखकर हस्तक्षेप किया तब मो. आरिश कार लेकर मौके से भागने लगा। उस व्यक्ति ने परिजनों व पुलिस को सूचित किया। पुलिस व वादी पक्ष द्वारा पीछा किए जाने पर कार को करनपुर सिविल लाइन स्थित बीटू मॉल के पास रोककर पकड़ लिया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आरोपी मो. आरिश को जेल भेज दिया।

### बारावफात पर गाजे बाजे के साथ निकला जुलूस, मांगी गई मुल्क में मोहब्बत की दुआ



**प्रतापगढ़।** बरावफात पर ग्रामीण एवं नगरीय इलाकों में जुलूसे मोहम्मदी सल्लाहू अलहे वसल्लम को लेकर अकीदतमंदों में उत्साह का माहौल देखा गया। लालगंज टाउन एरिया में गाजे बाजे के साथ निकले जुलूस में लोग परवर दिगार ए आलम से मुल्क में मोहब्बत की दुआ भी करते देखे गये। जुलूस में बड़ी संख्या में बुजुर्गो के साथ युवाओं का भी जोश देखा गया। हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर निकले जश्नी जुलूस मे बुजुर्ग व बच्चे जोश के साथ शामिल हुए। खानापट्टी स्थित मदरसा दारूल उलूम बाबुननबी से निकले जुलूस में बड़ी तादात में लोग शामिल हुए। डीजे की धुन पर उत्साहित युवाओं को शामिल हुए देखा गया। जुलूस की अगुवाई हजरत मौलाना रहमानी मियां ने किया। यह जुलूस घुइसरनाथ रोड होते हुए चौक से तहसील तथा कालाकांकर रोड होते हुए संगम चौराहे से मदरसा वापस पहुंचा। इधर बाजार मे भी बरावफात का जुलूस शानोशौकत से निकला। एसडीएम वाचस्पति सिंह व सीओ राजीव द्विवेदी, लालगंज कोतवाल आलोक कुमार भी फोर्स के साथ सुरक्षा बंदोबस्त में मशक्कत करते दिखे।इधर इलाके के रामपुर बावली, जलेशरगंज बाजार, रानीगंज कैथौला, सगरा सुंदरपुर, डीहमेंहदी, दीवानगंज, अठेहा, सेमरा, कुम्भीआइमा, नसीरपुर आदि इलाकों में भी बरावफात का जुलूस धूमधाम से निकला।

# 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा

## मंत्री डॉ. संजय निषाद बोले- मातृशति को मिलेगा निःशुल्क सफर का लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश की 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना का शुभारम्भ एवं रक्षाबंधन का त्यौहार मातृशक्ति को उपहार 27 अगस्त से 29 अगस्त 2026 तक शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से किया गया। जिसका लाइव प्रसारण प्रदेश सरकार के मंत्री मत्स्य, डा0 संजय निषाद, जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह के साथ लोहिया कला भवन में देखा गया।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री मत्स्य, डा0 संजय निषाद ने कहा कि यह गौतम बुद्ध की धरती है। आज इस कार्यक्रम में मातृशक्ति का सम्मान किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश की 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना का शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है। पूरे प्रदेश में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकती है। रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की माताओं/बहनों को एक सहयात्री के साथ 27 अगस्त से 29 अगस्त 2026 तक निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया । हमारे देश में मातृशक्ति की पूजा होती है। सरकार द्वारा पात्र लाभार्थियों को आवास दिया गया है। निःशुल्क राशन दिया जा रहा है। सरकार रोजगार देने का काम कर रही है। आज यह ऐतिहासिक दिन है। राजमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना शुरू की गयी है। आधी आबदी को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा गया है। पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना था समाज के अन्तिम व्यक्ति को सभी योजनाओं का लाभ मिले। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ सरकार काम कर रही है। अटल आवासीय विद्यालय में गरीबों के बच्चें शिक्षा ग्रहण कर रहे है। बेटिया अपने पैरों पर खड़ी होगी तभी समानता आयेगी। सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दिया।

जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने इस अवसर पर सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के पर्व पर प्रदेश की माताओं एवं बहनों को अपने एक सहयात्री के साथ प्रदेश में परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा आधी आबादी का सम्मान बढ़ाया गया है। इस अवसर पर मंत्री मत्स्य, उत्तर प्रदेश सरकार डा0 संजय निषाद, जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह द्वारा महिलाओं को वस्त्र एवं मिठाई दिया गया। इस दौरान सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एसपीअग्रवाल, उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, एवं अन्य संबधित अधिकारी/कर्मचारी व अन्य संबधित उपस्थित रहे।

# प्राचीन पांडुलिपियां अतीत की जीवंत आवाज, संरक्षण

## इनके संरक्षण से अगली पीढ़ी तक पहुंचेगी ज्ञान की विरासत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रातापगढ़।** भारतीय ज्ञान, चिंतन-परंपरा, कला और संस्कृति इतनी अधिक प्राचीन है कि इसे ज्यादा प्राचीन और पूर्ण संस्कृति विश्व में दूसरी कोई नहीं है। अपनी विरासत को संरक्षित करने का जुनून ही इस महान संस्कृति का वाहक है। उक्त विचार जिला अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने मंगलवार को प्रताप बहादुर पीजी कालेज और राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय (संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश) प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पाण्डुलिपियों की चित्र प्रदर्शिनी एवं व्याख्या माला का उद्घाटन करते समय कहीं।उन्होंने इस विरासत को बचाने के लिए युवाओं और आमजनों से आगे आने की अपील की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता और कालेज के प्रबंधक राजा अनिल प्रताप सिंह ने कहा की पांडुलिपियां अतीत के पृष्ठ मात्र नहीं है।

वे समय की जीवित आवाजें हैं, जिनसे हम अपनी सभ्यता को न केवल जान सकते हैं बल्कि उसे नए अर्थो में समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये प्रदर्शनी केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं बल्कि ज्ञान, स्मृति और भविष्य के बीच संवाद का एक महत्तवपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय अभिलेख अधिकारी राकेश कुमार वर्मा ने अभिलेखऔर पांडुलिपियों के संरक्षण और सर्वेक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान समय एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियों का संरक्षण और सर्वेक्षण कार्य संपादित हुआ है, जिसमें प्रतापगढ़ के किसान आंदोलन और स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित अनेक दस्तावजों का भी सर्वेक्षण किया गया है। राजकीय पांडुलिपि पुस्तकाय के हंसचंद्र दुबे ने युवाओं और आमजन से अपील की कि यदि किसी भी व्यक्ति की जानकारी में इस प्रकार की हस्तलिखित प्राचीन पांडुलिपियां अथवा दस्तावेज उपलब्ध हों तो उन्हें संरक्षित करने के लिए जानकारी प्रदान करें जिसे उनके महत्व को नष्ट होने से बचाया जा सके।

## विश्व ताइक्वांडो चैंपियनशिप के पदक विजेता खिलाड़ियों का रेलवे स्टेशन पर हुआ भव्य स्वागत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** ताईक्वांडो एकेडमी के चार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक एवं एक रजत पदक जीतकर शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश और भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया। हैदराबाद में 21 अगस्त से 23 अगस्त को आयोजित हुए प्रथम विश्व ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर बुधवार को घर वापस लौटने पर चारों होनहार खिलाड़ियों व कोच बजरंगी राजपूत का शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन पर मिठाई खिलाकर और भारत का आन बान शान तिरंगा झण्डा के साथ फूल - मालाओं से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सौम्य प्रताप सिंह ने स्वर्ण पदक, प्रिंस ने स्वर्ण पदक, महक चौधरी ने स्वर्ण पदक तथा अंकिता कन्नौजिया ने रजत पदक हासिल कर ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की। खिलाड़ियों के साथ में मौजूद कोच बजरंगी राजपूत ने कहा कि खिलाड़ियों की जीत देश की जीत है। अगर खिलाड़ियों को संसाधन व उचित वातावरण व सही मार्गदर्शन मिले तो जनपद की माटी से तमाम होनहार क्षितिज की ऊंचाइयों को छू सकेंगें। शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचने पर पदक विजेता खिलाड़ियों का भारतीय मानवाधिकार, सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष राजेंद्र रुंगटा , सभासद राजकुमार मोदनवाल एवं पी.पी.एस. पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पाटेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव, राहुल चौधरी दिनेश कुमार, संदीप कुमार, अमरेंद्र सिंह, विनीत चौधरी, प्रकाश चंद्र, भीम मोदनवाल आदि मौजूद रहे।

# शंकर विद्यालय इण्टर कालेज कटैया में अजगरा महान संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## आम नागरिक बनकर 'अजगरा महान संवाद' में शामिल हुए डीएम, सुने लोगों के विचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** विकास खंड लक्ष्मणपुर के शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया में 'अजगरा महान संवाद-2026' (द ग्रेट अजगरा डिबेट) का आयोजन किया गया। संवाद की प्राचीन परंपरा को पुनर्जीवित करने और जनकेंद्रित, लोकतांत्रिक एवं वैचारिक संवाद की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ क्षेत्रीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में कुल 42 प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए और सवालों के जवाब देकर अपनी तार्किक क्षमता एवं अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय अधिकारी की भूमिका में नहीं, बल्कि एक आम नागरिक के रूप में प्रतिभागियों के बीच कुर्सी पर बैठकर पूरे महासंवाद में शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां ध्यानपूर्वक सुनीं और उनके विचारों पर संवाद भी किया।

जिलाधिकारी ने कहा मैं यहां किसी अधिकारी के रूप में नहीं, बल्कि एक आम नागरिक बनकर लोगों के बीच इस संवाद का हिस्सा बनने आया हूं।जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के संवाद युवाओं में अपने विचार रखने, सवाल पूछने और अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का आत्मविश्वास विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि संवाद केवल विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में चिंतन और लोकतांत्रिक चेतना को मजबूत करने का प्रभावी जरिया भी है। उन्होंने यक्ष-युधिष्ठिर संवाद जैसी प्राचीन वैचारिक परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी समृद्ध संवाद परंपरा आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता कराना या विजेता चुनना नहीं है, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपरा, ज्ञान और वैचारिक विरासत से जोड़ना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर पढ़ने, प्रश्न पूछने और तार्किक ढंग से अपनी बात रखने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में नम्रता विश्वकर्मा ने प्रथम, आशुतोष सिंह ने द्वितीय तथा रिद्धिमान शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को ग्राम प्रधान रेनू सिंह के हाथों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य, परियोजना निदेशक दयाराम यादव, खंड विकास अधिकारी लक्ष्मणपुर संजय श्रीवास्तव, प्रधान प्रतिनिधि राजेश सिंह 'तूफान सिंह' सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना से 60 वर्ष से अधिक महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली-** उत्तर प्रदेश की 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना का शुभारंभ मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ से किया गया। इस अवसर पर विशेष बसों को फ्लैग-ऑफ किया गया। साथ ही, रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा माताओं, बहनों एवं बेटियों को उनके एक सहयात्री सहित निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा का भी शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में जनपद रायबरेली में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक केन्द्र, रतापुर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह ने प्रतिभाग किया, कार्यक्रम में मा0 विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजन द्वारा लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया तथा मा0 मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को सुना गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं तथा विशेष रूप से मातृशक्ति को सुगम एवं सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की गई।

ार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ के अंतर्गत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं महिला कल्याण विभाग की पात्र बच्चियों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत प्रमाण पत्र तथा स्वास्थ्य विभाग की जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को 1400 रुपए के डमी चेक वितरित किए गये, इसके साथ ही उपस्थित सभी लाभार्थियों को साड़ी व मिष्ठान दिया गया। इस अवसर पर उद्यान मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं स्वावलंबन को प्राथमिकता देते हुए निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना वरिष्ठ महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी पहल है। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की माताओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा मिलने से उन्हें आवागमन में सुविधा होगी और वे अपने परिजनों एवं धार्मिक स्थलों तक सुगमता से पहुंच सकेंगी। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर माताओं, बहनों एवं बेटियों को सहयात्री सहित निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करना प्रदेश सरकार की मातृशक्ति के प्रति संवेदनशीलता एवं सम्मान की भावना को दर्शाता है।

> ● रक्षाबंधन के पावन अवसर पर माताओं, बहनों एवं बेटियों को सहयात्री सहित निःशुल्क बस यात्रा का भी शुभारंभ
>
> ● महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल-उद्यान मंत्री
>
> प्रदेश सरकार ने महिलाओं को दिया सम्मान और सुरक्षा का भरोसा- विधायक अशोक कुमार

# 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना वरिष्ठ महिलाओं के लिए बड़ी सौगात-प्रो. जयन्त खोत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश की 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना का शुभारंभ बुधवार को किया गया। साथ ही रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर प्रदेश की सभी माताओं, बहनों एवं बेटियों को सहयात्री सहित उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की समस्त बसों में 27 अगस्त प्रातः 6 बजे से 29 अगस्त रात्रि 12 बजे तक निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना का शुभारंभ करते हुए विशेष बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रतापगढ़ के तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में किया गया। कार्यक्रम का अवलोकन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ के अध्यक्ष प्रो. जयन्त खोत, जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) आदित्य कुमार प्रजापति, उपजिलाधिकारी लालगंज वाचस्पति सिंह, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम प्रतापगढ़ डिपो के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. जयन्त खोत ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू की गई 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना प्रदेश की वरिष्ठ महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण और उपयोगी पहल है। योजना के अंतर्गत 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाएं उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में बिना शुल्क यात्रा की सुविधा का लाभ उठा सकेंगी। प्रो. खोत ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, रोजगार, खेल, प्रशासन, कला, विज्ञान और अन्य सभी क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ रही हैं।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रो. जयन्त खोत ने उपस्थित महिलाओं को मिष्ठान एवं परिधान भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।कार्यक्रम के अंत में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) आदित्य कुमार प्रजापति ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रतापगढ़ डिपो के अधिकारी एवं कर्मचारी सुरेश चन्द्र पाण्डेय, शिवाकान्त मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह, रत्नाकर तिवारी, बृजेश सिंह, जय प्रकाश, सत्य प्रकाश सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन कार्यालय सहायक प्रथम महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

# सिद्धार्थनगर में सरयू नहर में डूबकर बालक की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के पथरा थाना क्षेत्र के सिसई खुर्द टेढ़ीया गांव निवासी एक बालक की सरयू नहर में डूबकर मौत हो गई। बताया जाता है कि अंश अपने साथी के साथ शौच के लिए घर से कुछ दूर सरयू नहर के किनारे गया था। वहां पानी की बोतल नहर में गिरने पर उसे निकालने के लिए अंश पानी में उतरा और गहरे पानी में डूब गया। साथी ने उसे बचाने क प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका। लोगों ने उसे सरयू नहर से बाहर निकाला लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। बुधवार सुबह करीब आठ बजे हुई घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पथरा थाना क्षेत्र के सिसई खुर्द (टेढ़िया चौराहा) निवासी प्रदीप कसौधन का पुत्र अंश कक्षा पांच का छात्र था।

बुधवार सुबह वह एक साथी के साथ घर से कुछ दूरी पर सरयू नहर के किनारे शौच के लिए गया था। परिजनों के अनुसार, पिता ने उसे घर में बने शौचालय में जाने के लिए कहा था, लेकिन वह नहीं माना। पानी को बोतल अचानक पानी में गिर गई। उसे निकालने के लिए अंश नहर में उतरा और देखते ही देखते गहरे पानी में चला गया। साथी बालक ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हुआ। वह भागकर टेढ़िया चौराहा पहुंचा लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नहर में तलाश शुरू की। अंश को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अंश पास के निजी विद्यालय में कक्षा पांच में पढ़ता था। वह तीन भाइयों में बीच का था। उसके बड़े भाई का नाम आयुष और छोटे भाई का नाम पीयूष है। हादसे की खबर मिलते ही घर पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। बेटे की मौत से माता-पिता और स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। इस मामले में थानाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रशासन की निगरानी में जुलूस-ए- मोहम्मदी शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ में इस्लाम धर्म के आखिरी पैगंबर हज़रत मुहम्मद (स.) के जन्मदिन बारह रबी उल अव्वल पर बुधवार को जामा मस्जिद के सदर अलताफ हुसैन के नेतृत्व में जुलूस-ए- मोहम्मदी ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी व पुलिस बल की निगरानी में अकीदत के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। अक़ीक़दतमन्दों ने नबी के जन्मदिन पर जगह-जगह पटाखे फोड़े गए और जुलूस में पूरे रास्ते अकीदतमंद 'नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर' रसूल क़ई आमद मरहबा और 'पत्ती पत्ती फूल फूल, या रसूल अल्लाह' के नारे लगाकर आवाज़ को बुलंद किया। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना शाहिद रज़ा फैज़ी, मौलाना रज़ीउल्लाह और हाफिज कमाल अहमद समेत कई उलेमा ने जुलूस के दौरान नात और तकरीर पेश की। जुलूस जामा मस्जिद से शुरू होकर गुजरा मोहल्ला, रमज़ान गली, निबी दोहनी होते हुए पुरानी तहसील रोड पहुंचा। वहां से वापस रमज़ान गली के सामने से पुलिस पिकेट, राम जानकी मंदिर, तिरंगा तिराहा और रेलवे स्टेशन माल गोदाम से वापस होते हुए नगर पंचायत कार्यालय, गोल घर और अंसारी गली से होते हुए जुलूस वापस जामा मस्जिद पर अमन-चैन और भाईचारे की दुआ के साथ संपन्न हुआ। कस्बा में निकले जुलूस को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए। मुख्य मार्ग के चेतिया व मड़वा मोड़ पर बैरिकेडिंग कर लोगों को सुरक्षित व सुलभ रास्ता बताया। इस मौके पर जामा मस्जिद के सदर अलताफ हुसैन, शाहरुख नवाब खान, डॉ. सरफराज अंसारी, हाफिज अजाज अहमद, नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, डॉ. शादाब अंसारी, इंजीनियर एजाज अंसारी, डॉ. शाह आलम, व्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कौशल,असरफ अंसारी, वकील खान, एडीएम गौरव श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार, एसडीएम राजेश कुमार, सीओ मयंक द्विवेदी और थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर) । ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस निकाले गए। मुस्लिम समुदाय के लिए यह दिन बेहद खास होता है। इस्लाम धर्म के आखरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब आदर्शों को याद किया जाता है।इस मौके पर मुसलमान पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की याद में जश्न मनाते है। अकीदत के साथ शांति पूर्ण वतावरण में सपन्न हुआ।

# झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक में 7 सितंबर के धरने की रणनीति तय

## झामुमो पार्टी लोकतान्त्रिक तरीके से इस लड़ाई को लड़ेगा :- विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड :-** बीते बुधवार को झामुमो प्रखंड कार्यालय पाकुड़िया में प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा की अध्यक्षता में झामुमो प्रखंड समिति की एक आपातकालीन बैठक हुई।बैठक मे मुख्य रूप से महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी जिला पर्यावेक्षक के रूप मे जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, बुद्धिजीवी मोर्चा जिला अध्यक्ष देबीलाल हंसदाक शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 7 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा पारित खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) विधेयक 2026 के विरोध में आयोजित होने वाले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक मे मुख्य रूप से शामिल पंचायत के अध्यक्ष /सचिव को कहा गया की आप सभी पंचायतों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने काम करेंगे । इसके लिए पंचायत एवं गांव स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाने तथा लोगों को केंद्र सरकार द्वारा पारित इस काले विधेयक के संभावित प्रभावों की जानकारी देने की रणनीति बनाई गई तथा पार्टी ने जनहित मे यह भी निर्णय लिया कि आगामी 6 और 7 तारीख को प्रखंड मे कंही पर भी फुटबाल, भैसा या कुश्ती प्रतियोगिता ना हो।धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए पंचायत स्तर पर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई। विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने कहा की खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 देश के संघीय ढांचे व व्यवस्था को खत्म करने वाला काला विधेयक है जो राज्यों के संवैधानिक हक-अधिकार को छीनकर उसे गंभीर वित्तीय संकट में डालने और कमजोर करने का काम करेगा । चूंकि झारखण्ड खनिज आधारित प्रदेश है और झारखण्ड की कुल गैर-कर-राजस्व का 84% राजस्व लगभग 14,000 करोड़ रुपये सालाना झारखण्ड को खनन से ही प्राप्त होता, परन्तु इस विधेयक के प्रभावी होने पर झारखण्ड को इससे हाथ धोना पड़ेगा जिसके फलस्वरूप राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं पर इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस विधेयक को वापस लेने के लिए बहुत लम्बी लड़ाई लड़नी है आप सब झामुमो पार्टी के सच्चे सिपाही है आप सब एक दिवसीय धारण प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने के किए आज और अभी से जुट जाये सभी हाट बजार मे प्रचार प्रसार कर के लोगों को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन मे आने के लिए जागरूक करें ।झामुमो पार्टी लोकतान्त्रिक तरीके से इस लड़ाई को लड़ेगा। जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य है और यहां के जल, जंगल, जमीन एवं खनिज संपदा पर राज्य की जनता का अधिकार और हित सर्वोपरि है। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा पारित इस काले कानून से झारखंड के हितों पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों के खिलाफ झामुमो शांतिपूर्ण तरीके से धारण प्रदर्शन को सफल बनाएगी। प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा ने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरी एकजुटता और अनुशासन के साथ 7 सितंबर के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की तैयारी में जुट जाएं। पंचायत स्तर पर बैठक एवं जनसंपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को धरना प्रदर्शन में शामिल कराने का आह्वान किया। बुद्धिजीवी मोर्चा के जिला अध्यक्ष देबीलाल हंसदाक ने कहा कि 7 सितंबर का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से समय पर प्रखंड मुख्यालय पहुंचने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक मे कलम मुर्मू, महेन्द्र टुडू, मुनीराम मरांडी, मुखिया सुशीला मरांडी , निवारन मरांडी, अब्दुल बनीज, शिबलाल टुडू , मैनेजर हेमब्रोम सहित झामुमों के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

# पाकुड़िया बाजार में जगह-जगह पसरी गंदगी,स्वच्छता व्यवस्था पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** सामाजिक प्रगति में साफ-सफाई की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी उद्देश्य से सरकार नगर से लेकर गांवों तक बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाती है और इस पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, ताकि लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। हालांकि, इन दिनों पाकुड़िया बाजार में स्वच्छता अभियान का अपेक्षित असर दिखाई नहीं दे रहा है। बताया जाता है कि पाकुड़िया-पाकुड़ पीडब्ल्यूडी मुख्य सड़क से लेकर हाट प्रांगण, ग्रामीण बैंक से राम-सीता चौक तथा राम-सीता चौक से जिला परिषद और डाक बंगला तक सड़क के आसपास कई स्थानों पर कचरे का ढेर जमा है। इनमें प्लास्टिक, पॉलीथिन, विभिन्न प्रकार के गुटखा पैकेट तथा अन्य कचरा शामिल है। कई स्थानों पर बोरियों में भरी गंदगी भी पड़ी हुई है। वहीं, तालाबों में कचरा और पक्की नालियों में दूषित पानी जमा होने से स्थिति और गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में चर्चा के दौरान स्थानीय नागरिकों ने बताया कि अधिकांश लोग अपने घरों और आसपास की सफाई तो कर लेते हैं, लेकिन कचरे को निर्धारित स्थान पर जमा कर उसका उचित निपटारा नहीं करते। कई लोग प्लास्टिक और अन्य कचरे को बोरे में भरकर सड़क किनारे, तालाबों के आसपास तथा खाली स्थानों पर फेंक देते हैं। इससे धीरे-धीरे पूरे बाजार में गंदगी फैल रही है। पाकुड़िया बाजार के विभिन्न टोलों की सड़कों, खाली स्थानों और तालाबों के आसपास कचरा फेंके जाने से स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गंदगी के कारण वातावरण प्रदूषित होने के साथ-साथ बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। गंदगी से बचाव के लिए पंचायतों में सरकार की ओर से डस्टबिन उपलब्ध कराए गए थे, लेकिन वर्तमान में कई स्थानों पर डस्टबिन दिखाई नहीं देते। हालांकि, सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहों पर अपेक्षाकृत कम गंदगी देखने को मिलती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वच्छता की समस्या के समाधान में नागरिकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। लोगों को कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालना चाहिए और सार्वजनिक स्थलों, तालाबों तथा नालियों में कचरा फेंकने से बचना चाहिए।

इसके साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को भी स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए नियमित निगरानी और आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि सरकारी स्वच्छता अभियान अपने उद्देश्य में सफल हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### पटना में ठंडी कोल्ड ड्रिंक नहीं मिली तो भड़का युवक, दुकानदार और दोस्त पर चाकू से हमला

**पटना।** श्रीकृष्णापुरी थाना क्षेत्र के कस्तूरबा पथ नाला स्थित शिव मंदिर के पास ठंडी कोल्ड ड्रिंक नहीं मिलने पर विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक ने दुकानदार और उसके दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में दुकानदार नीतीश और उसका दोस्त निशांत घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है। बताया गया कि आरोपित ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचा और कोल्ड ड्रिंक खरीदी। बोतल ठंडी नहीं होने पर वह नाराज हो गया और उसे वापस लेकर पैसे लौटाने का दबाव बनाने लगा। इसी बात को लेकर दुकानदार से उसकी बहस शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपित ने कथित तौर पर चाकू निकाल लिया और दुकानदार नीतीश पर हमला कर दिया। उसे बचाने के लिए आगे आए दोस्त निशांत पर भी आरोपित ने हमला कर दिया। घटना में एक युवक के पेट और दूसरे की पीठ में चोट आई है। चाकूबाजी के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आरोपित को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही श्रीकृष्णापुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### रक्षाबंधन पर बिहार सरकार का बहनों को तोहफा, दो दिन सरकारी बसों में मुफ्त सफर

**पटना।** रक्षाबंधन के अवसर पर बिहार सरकार ने महिलाओं को बड़ी राहत दी है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में महिलाएं दो दिन तक बिना टिकट यात्रा कर सकेंगी। यह सुविधा 27 अगस्त की सुबह छह बजे से 28 अगस्त की रात 10 बजे तक लागू रहेगी। इससे रक्षाबंधन पर अपने भाइयों के घर जाने वाली महिलाओं को बस किराये का भुगतान नहीं करना पड़ेगा। परिवहन विभाग के अनुसार, निगम की करीब 1,075 बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। इनमें वातानुकूलित, सामान्य, डीलक्स, प्रधानमंत्री ई-बस तथा सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल से संचालित बसें शामिल हैं। यह सुविधा अंतरजिला और अंतरराज्यीय मार्गों पर भी लागू रहेगी। मुफ्त यात्रा का लाभ केवल रक्षाबंधन पर भाइयों को राखी बांधने जाने वाली महिलाओं तक सीमित नहीं रहेगा।

### अररिया में नहर में बाइक गिरने से दो युवकों की मौत, एक गंभीर

**रानीगंज (अररिया)।** रानीगंज थाना क्षेत्र के खरसाई पंचायत के वार्ड संख्या 11 स्थित राजा घाट साइफन के पास मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब एक बाइक पर सवार तीन युवक मेहमानी के लिए खरसाई जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, भरगामा थाना क्षेत्र के जयनगर निवासी अनिल ऋषिदेव (32), मौजहा निवासी राजेश ऋषिदेव (40) और जयनगर निवासी गुलाबचंद ऋषिदेव मंगलवार शाम मौजहा निवासी राजेश ऋषिदेव के घर मेहमानी में आए थे। रात करीब 10 बजे तीनों एक ही बाइक से किसी रिश्तेदार के घर खरसाई जा रहे थे। इसी दौरान राजा घाट साइफन के पास बाइक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। रात का समय होने के कारण दुर्घटना की जानकारी तत्काल किसी को नहीं हो सकी। बुधवार सुबह शौच के लिए नहर की ओर गए ग्रामीणों ने तीनों युवकों को नहर में गिरा देखा। जयनगर निवासी अनिल ऋषिदेव और मौजहा निवासी राजेश ऋषिदेव की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि जयनगर निवासी गुलाबचंद ऋषिदेव की सांस चल रही थी।

# छात्र नेता के समर्थन में उतरे प्रेस क्लब अध्यक्ष, बोले- होनहारों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो आंदोलन के समर्थन में बुधवार को चौपारण पहुंचे। यहां प्रेस क्लब चौपारण के अध्यक्ष शंकर यादव ने पूरी टीम के साथ उनका स्वागत किया और छात्र हित में अपना समर्थन जताया। शंकर यादव ने अपनी बाइक से देवेंद्र महतो की टीम के साथ चौपारण चतरा मोड़ से केंदुआ मोड़ तक रैली निकाली। इस दौरान शंकर यादव ने कहा कि प्रतिभावान छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी स्तर पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छात्र-छात्राएं बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर वर्षों तक मेहनत करते हैं। ऐसे में किसी लापरवाही, मनमानी या विवाद के कारण उनके भविष्य पर असर पड़ना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में दबाव या पक्षपात के बजाय तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। छात्रों के अधिकार और भविष्य से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। देवेंद्र महतो के समर्थकों ने कहा कि उनका संघर्ष किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि छात्रों के अधिकार और न्याय के लिए है। जब तक मामले का उचित समाधान नहीं होता, तब तक लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाई जाती रहेगी। शंकर यादव ने कहा कि पत्रकारिता और सामाजिक सरोकारों से जुड़े लोगों की जिम्मेदारी है कि विद्यार्थियों की समस्याओं को प्रमुखता से सामने लाया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जल्द हस्तक्षेप कर मामले का समाधान कराने की मांग की, ताकि किसी भी होनहार छात्र का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित न हो। रैली में अजय ठाकुर, शशि शेखर, उमेश पासवान, वीरेंद्र शर्मा, अरविंद कुमार सिंह, अभिमन्यु सिंह, कृष्णा पासवान, चंदन कुमार, मोनू सिंह, मो. फैजान अजमेरी, संतोष कुमार, मिथुन कुमार समेत बड़ी संख्या में छात्र और समर्थक शामिल थे।

# एमएमडीआर विधेयक पर रघुवर दास का हमला

## बोले- हेमंत सरकार ने झारखंड को बनाया लूटखंड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंडः-** MMDR संशोधन विधेयक को लेकर झारखंड में पक्ष-विपक्ष के बीच जारी सियासी घमासान के बीच पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हेमंत सरकार पर तीखा हमला बोला है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत में उन्होंने MMDR संशोधन का समर्थन करते हुए कहा कि झामुमो इसे गलत बताकर जनता को गुमराह कर रहा है। रघुवर दास ने राज्य में कथित अवैध कोयला खनन और DMFT फंड के इस्तेमाल को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार ने झारखंड को 'लूटखंड' बना दिया है। उन्होंने कहा कि माइनिंग टैक्स और वैधानिक भुगतान की करीब 90 प्रतिशत राशि राज्यों को मिलती है और संशोधन से राज्य का हित प्रभावित नहीं होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए एक रुपये में संपत्ति रजिस्ट्री और किसानों को प्रति एकड़ पांच हजार रुपये की सहायता जैसी योजनाएं वर्तमान सरकार ने बंद कर दीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने महिलाओं, किसानों और युवाओं के साथ विश्वासघात किया है। साथ ही कहा कि छ्रस्स्नज्ञ फंड में कथित अनियमितताओं की स्थिति भी सबके सामने है।

### हाईवे किनारे खड़े 114 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में सड़क सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए कानपुर नगर के प्रमुख हाईवे पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात निरीक्षकों एवं सीसीटीवी टीम प्रभारियों ने हाईवे के किनारे अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों को हटवाया। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को सड़क किनारे वाहन खड़ा नहीं करने और निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने के लिए जागरूक किया। वाहन खराब होने की स्थिति में रिफ्लेक्टर, चेतावनी त्रिकोण, पार्किंग लाइट आदि सुरक्षा संकेतकों का प्रयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश भी दिए गए। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 114 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि हाईवे या मुख्य मार्गों के किनारे अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करें और सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

# ईद-मिलादुन्नबी पर्व पर पाकुड़िया में निकला विशाल जुलूस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** ईद-मिलादुन्नबी पर्व को लेकर बुधवार, 26 अगस्त को पाकुड़िया में चहल-पहल रही। पर्व के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने धार्मिक झंडों के साथ विशाल जुलूस निकाला और धार्मिक नारे लगाते हुए आगे बढ़े। जुलूस में बालक-बालिकाएं भी उत्साह के साथ शामिल हुए और हाथों में झंडे लेकर धार्मिक नारे लगाते रहे। जुलूस के आगे पुलिस वाहन पेट्रोलिंग करते हुए चल रहा था। जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए ग्रामीण पुलिस के जवान भी साथ चल रहे थे। पर्व को लेकर पाकुड़िया प्रखंड मुख्यालय सहित सोल्ला, पलियादह, डोमनगड़िया, गोपालनगर, मोंगलाबांध, राजपोखर, लकड़ापहाड़ी, श्यामसुंदरपुर, बागजोबरा, फुलझिंझरी, धोबाना, ढेकीडूबा और बाबुझुटी गांव में हर्षोल्लास का माहौल रहा। विशेषकर बालक-बालिकाओं में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर बैंक सहित सभी सरकारी कार्यालय बंद रहे। त्योहार को शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सिविल एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा।

# छोटकी चलंगा में फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन,जिला परिषद उपाध्यक्ष ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचुंवा पंचायत के ग्राम छोटकी चलंगा में भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को लेकर स्थानीय खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर मैदान में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, विशिष्ट अतिथि अमर यादव की उपस्थिति रही। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल को खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे के साथ खेलने का संदेश दिया। टूर्नामेंट के दौरान मैदान में खिलाड़ियों का जोश देखते ही बन रहा है। टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। खिलाड़ी अपनी-अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए पूरे उत्साह और जुनून के साथ मैदान में पसीना बहा रहे हैं। वहीं स्थानीय ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है। खेल से युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सकारात्मक सोच का विकास होता है। प्रतियोगिता का सफल संचालन आयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल सोरेन, सचिव विनय कुमार, उपाध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह, कोषाध्यक्ष राजदेव प्रसाद यादव एवं संचालक पिंटू कुमार यादव के कुशल नेतृत्व में किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा खिलाड़ियों एवं दर्शकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। टूर्नामेंट के दौरान स्थानीय ग्रामीणों की भारी उपस्थिति से आयोजन स्थल पर उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। खेलप्रेमी मुकाबलों का भरपूर आनंद ले रहे हैं और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। आयोजकों ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना तथा युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना है।

# सरस्वती विद्यापीठ में राखी प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** कोनरा बरही स्थित सरस्वती विद्यापीठ कोचिंग संस्थान में राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कोचिंग संस्थान के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने हाथों से आकर्षक राखियां तैयार कीं। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगों, सजावटी सामग्रियों और अपनी कल्पनाशीलता का उपयोग कर सुंदर एवं आकर्षक राखियां बनाईं। बच्चों में प्रतियोगिता को लेकर काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, कला-कौशल और भारतीय संस्कृति एवं भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के प्रति भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई राखियों का अवलोकन करने के बाद निर्णायकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन किया। पवन कुमार ने प्रथम स्थान, लक्ष्मी कुमारी ने द्वितीय स्थान तथा रोशन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कोचिंग संस्थान के शिक्षक गौतम कुमार, गौरव कुमार, आलोक कुमार बर्णवाल, दामोदर साव एवं विष्णु कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। शिक्षकों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों की छिपी प्रतिभा सामने आती है और उनमें आत्मविश्वास एवं रचनात्मक सोच का विकास होता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए आयोजन को सफल बनाया। संस्थान की ओर से भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित करने की बात कही गई।

### बिहार में 12 बड़े खनिज क्षेत्र कैलेंडर में होंगे शामिल

**पटना।** बिहार में बड़े खनिज ब्लाकों को विकसित करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। केंद्र से आवंटित 14 वृहद खनिज ब्लाकों में से करीब 12 अलग-अलग चरणों में पहुंच चुके हैं। खान एवं भूतत्व विभाग इनकी प्रगति के आधार पर खनिज कैलेंडर में शामिल करने की तैयारी कर रहा है। विभाग का लक्ष्य इस वर्ष छह से आठ ब्लाक में खनन शुरू कराने का है। इन खनिज ब्लाकों में निकेल, क्रोमियम, पीजीई, वैनेडियम मैग्नेटाइट, टिन, टंगस्टन, रेयर अर्थ, लाइम स्टोन, मैग्नेटाइट और कापर-लेड-जिंक जैसे खनिज शामिल हैं। इनसे राज्य को आने वाले वर्षों में बड़ा राजस्व मिलने की उम्मीद है। रोहतास के पिपराडीह-मुरवा ग्लूकोनाइट ब्लाक में 24 में से 23 बोरहोल की खुदाई पूरी हो चुकी है। चुटिया-नौहट्टा ब्लाक में 37 में से 20 बोरहोल पूरे किए जा चुके हैं। वहीं, दो ब्लाकों की नीलामी प्रक्रिया शुरू होने वाली है। कुछ ब्लाकों में पर्यावरण और वन संबंधी मंजूरी की प्रक्रिया चल रही है। एक लाइम स्टोन ब्लाक की माइनिंग योजना को भारतीय खान ब्यूरो से मंजूरी भी मिल चुकी है। विभाग का कहना है कि जरूरी प्रक्रियाएं पूरी होते ही इन्हें खनिज कैलेंडर में शामिल किया जाएगा।

# सड़क हादसे में गंभीर घायल आकाश के इलाज के लिए आर्थिक मदद की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही/ चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही में 22 अगस्त 2026 को हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में चौपारण देहर निवासी आकाश कुमार पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनकी हालत गंभीर होने के बाद चिकित्सकों को उनकी जान बचाने के लिए एक पैर काटना पड़ा। वर्तमान में उनका इलाज लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची में चल रहा है। परिवार की ओर से जारी अपील के अनुसार, दुर्घटना के बाद से लगातार इलाज चल रहा है और अब तक दो लाख रुपये से अधिक खर्च हो चुके हैं। चिकित्सकों ने आगे के इलाज में भी काफी खर्च होने की संभावना जताई है। आर्थिक स्थिति को देखते हुए परिवार ने लोगों से सहयोग की अपील की है। आकाश कुमार पांडेय, धीरज कुमार पांडेय के पुत्र हैं और चौपारण क्षेत्र के देहर गांव से संबंधित बताए गए हैं। परिवार ने कहा है कि इस कठिन समय में मिलने वाली छोटी-बड़ी आर्थिक सहायता भी आकाश के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। परिवार की ओर से लोगों से अपील की गई है कि वे अपनी क्षमता के अनुसार आर्थिक सहयोग करें और इस अपील को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि आकाश के इलाज में मदद मिल सके। सहयोग के लिए फोन पे, गूगल पे नंबर 7323287635 जारी कर सहयोग की अपील की है। परिवार ने सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि इस मुश्किल घड़ी में लोगों का सहयोग आकाश के लिए नई उम्मीद बन सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब में चार युवाओं को मिली सरकारी नौकरी, कैबिनेट मंत्री गुरमीत खुड्डियां ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**चंडीगढ़।** पंजाब के पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने मंगलवार को पंजाब सिविल सचिवालय में विभाग के चार नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इनमें तीन क्लर्क और एक ग्रुप-डी कर्मचारी शामिल हैं। मंत्री खुड्डियां ने नवनियुक्त कर्मचारियों को लगन, ईमानदारी और सेवा भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाने के लिए प्रेरित किया। खुड्डियां ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने सत्ता संभालने के बाद से विभिन्न सरकारी विभागों में 69,000 से अधिक नौकरियां प्रदान की हैं। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के निदेशक परमदीप सिंह वालिया सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, इससे पहले पंजाब के होनहार कबड्डी खिलाड़ी गुरजीत सिंह तूत के निधन से परिवार को हुए दुख में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने उनके परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की थी। मुख्यमंत्री ने गुरजीत सिंह तूत के परिवार के साथ दुख साझा करते हुए कहा कि उनके असमय निधन से पैदा हुई कमी को शब्दों में बयां करना बेहद मुश्किल है।

### जालंधर हाइट्स से गिरकर 21 वर्षीय छात्रा की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**जालंधर।** जालंधर हाइट्स से गिर कर शनिवार देर शाम 21 वर्षीय बीए अंतिम वर्ष की छात्रा की मौत हो गई। मृतका की पहचान महकप्रीत कौर के रूप में हुई है। वह जालंधर हाइट्स स्थित एक फ्लैट में रहती थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना सदर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में घटना आत्महत्या से जुड़ी होने की आशंका जताई जा रही है, लेकिन अधिकारियों ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। ऐसे में घटना के पीछे के कारणों को लेकर पुलिस विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, महकप्रीत शनिवार शाम टहलने के लिए निकली थी। इसके बाद वह फ्लैट की बालकनी से नीचे गिर गई। ऊंचाई से गिरने के बाद उसे गंभीर चोटें आईं। स्वजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

### मान सरकार ने वेतन में की बंपर बढ़ोतरी

**चंडीगढ़।** राज्य सरकार ने आदर्श स्कूलों में सेवाएं दे रहे शिक्षकों के वेतन में 120 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री भगवंत मान कहा कि सरकार के इस फैसले से प्रदेश के करीब 1,100 शिक्षकों को लाभ मिलेगा। इन शिक्षकों का मासिक वेतन करीब 10 हजार रुपये से बढ़कर 22 हजार रुपये से अधिक हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को यह निर्णय शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के बाद लिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं और उन्हें सम्मान के साथ उचित वेतन मिलना चाहिए। इसीलिए करीब दो दशक से कम वेतन पर सेवाएं दे रहे आदर्श स्कूलों के शिक्षकों की जायज मांग को सरकार ने स्वीकार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीबीएसई से मान्यता प्राप्त इन आदर्श स्कूलों में 15 हजार से अधिक विद्यार्थी शिक्षा हासिल कर रहे हैं। ऐसे में शिक्षकों को आर्थिक सुरक्षा और बेहतर सेवा सुविधाएं उपलब्ध कराना विद्यार्थियों के भविष्य के लिए भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक सुरक्षित और सम्मानित महसूस करेंगे तो वे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकेंगे।

# प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, बोर्ड को मिली वसूली की शक्ति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नोएडा।** प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों और अन्य संस्थाओं पर अब कार्रवाई और प्रभावी हो सकेगी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वैधानिक शक्तियों के तहत पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति निर्धारित करने के साथ उसकी वसूली भी कर सकते हैं। हालांकि, ऐसी कार्रवाई में निर्धारित प्रक्रिया और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करना आवश्यक होगा। इस फैसले के बाद उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लिए प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों, निर्माण एजेंसियों और अन्य जिम्मेदार संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई करने में तेजी आने की उम्मीद है। पहले पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की वसूली को लेकर अधिकार और प्रक्रिया पर कानूनी विवाद बना हुआ था। उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जुलाई 2025 में एक मामले में कहा था कि बोर्ड के पास स्वतंत्र रूप से पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाने और वसूलने का वैधानिक अधिकार नहीं है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के फैसले से इस कानूनी स्थिति में महत्वपूर्ण बदलाव आया।

**वसूली की प्रक्रिया में आएगी तेजी**

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अब प्रदूषण के मामलों में पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की कार्रवाई को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकेगा। इससे प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों पर आर्थिक जिम्मेदारी तय करने और पर्यावरण को हुए नुकसान की भरपाई की दिशा में कार्रवाई तेज होने की उम्मीद है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि क्षतिपूर्ति लगाने या वसूलने की शक्ति का इस्तेमाल निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत ही किया जाना चाहिए। संबंधित पक्ष को उचित अवसर देना और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करना आवश्यक होगा।

**लंबित मामलों पर भी नजर**

प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े पुराने मामलों में लंबित पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की वसूली को लेकर भी अब कार्रवाई तेज होने की संभावना है। नई कानूनी स्थिति से प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ अधिक प्रभावी तरीके से कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। इससे उद्योगों और अन्य संस्थाओं पर पर्यावरणीय नियमों के पालन का दबाव बढ़ेगा और प्रदूषण नियंत्रण की मुहिम को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### चीनी-चावल की बढ़ती कीमतों पर कांग्रेस का हल्लाबोल, चंडीगढ़ में प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** बढ़ती महंगाई और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के विरोध में पंजाब कांग्रेस ने बुधवार को चंडीगढ़ में प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-15 स्थित पंजाब कांग्रेस भवन से केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए चंडीगढ़ पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। कांग्रेस भवन से करीब एक किलोमीटर पहले ही बैरिकेडिंग कर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। इससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चीनी, चावल और अन्य खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ रोष जताया। नेताओं ने कहा कि रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुएं महंगी होने से आम परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई का सीधा असर आम लोगों की रसोई और घरेलू खर्च पर पड़ रहा है। परिवारों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पहले से अधिक पैसा खर्च करना पड़ रहा है।

# लगातार बारिश से भरभरा कर गिरे दो कच्चे घर





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** मंगलवार की रात से ही हो रही लगातार बारिश के चलते सुबह करीब 9 बजे दो कच्चे घर भरभरा कर गिर पड़े । दोनों हादसों में एक किशोरी एवं एक महिला मलबे में दब कर घायल हो गई जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने किशोरी की हालत गंभीर देख उसे उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, नगर के मुहल्ला भगत सिंह नगर रामतलैया पर अतर सिंह पुत्र लालू अपनी पत्नी राखी (32) और तीन बच्चों के साथ कच्चे घर में रहता है। लगातार बारिश होने के कारण बुधवार की सुबह करीब 9 बजे अचानक भरभरा कर उसका घर गिर गया। हादसे में महिला राखी मलबे में दबकर घायल हो गई। परिजनों और पड़ोस के लोगों ने उन्हें मलबे में से बाहर निकाला और सीएचसी में भर्ती कराया। परिजनों के अनुसार सरकारी आवास के लिए करीब दो साल पहले उन्होंने आवेदन किया था लेकिन अभी तक सरकारी आवास का लाभ उन्हें नहीं मिल सका है। वहीं दूसरी घटना तहसील क्षेत्र के ग्राम महेशपुरा में हुई। यहां सुनील वर्मा की 17 वर्षीय बेटी महक अपने दो भाइयों के साथ कच्चे घर के भीतर थी तभी सुबह करीब 6 बजे घर गिरने से महक मलबे में दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। दैनिक कार्यों से निवृत होकर उसके माता पिता घर लौटे तब उन्होंने मलबे में से बेटी को बाहर निकाला और सीएचसी लेकर गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## कांग्रेस सेवा दल ने मनाई संस्थापक डॉ. हार्डिकर की पुण्यतिथि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** आज कांग्रेस सेवा दल, कानपुर नगर ग्रामीण द्वारा संस्थापक, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम महाराजपुर, छावनी विधानसभा स्थित कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. हार्डिकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उन्हें नमन किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण दीक्षित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ. हार्डिकर ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, अनुशासन और संगठन को समर्पित किया। उनके द्वारा स्थापित कांग्रेस सेवा दल आज भी सेवा, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर कांग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष/हमीरपुर प्रभारी सेवक सुशील सोनी ने कहा कि ट्ठ 'डॉ. हार्डिकर ने युवाओं को संगठित कर कांग्रेस सेवा दल की नींव रखी थी। उनका मूल मंत्र ड्यूटी, डिवोशन और डिसिप्लिन था। आज हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है और गरीब, असहाय लोगों की सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।' इस अवसर पर मानव सेवा के संकल्प के साथ फल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष/हमीरपुर प्रभारी सेवक सुशील सोनी, शहर अध्यक्ष मोहम्मद तारीख, जिला सचिव डॉ. आरके सिंह, उपाध्यक्ष नीलम गुप्ता, महासचिव मनोज विमल, रवि कुमार, आयुष दीक्षित, सोनू कुमार, रमेश निषाद, विनय जायसवाल सहित नगर ग्रामीण के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया जश्न-ए-ईद-मिलादुन्नबी, सपा महानगर अध्यक्ष ने जुलूस-ए-मोहम्मदी का किया शानदार इस्तकबाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** शहर में आज ईद-मिलादुन्नबी का पर्व बड़े ही अकीदत, एहतराम और धूमधाम के साथ मनाया गया। पैगंबर मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश (जन्म दिवस) के इस मुबारक मौके पर पूरे शहर में रौनक नज़र आई और जगह-जगह जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। इस खास अवसर पर समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद की क़ियादत में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शहर के कई प्रमुख चौराहों पर जुलूस का बहुत ही भव्य इस्तकबाल किया। हाजी फ़ज़ल महमूद के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने जुलूस में शामिल अकीदतमंदों पर जगह-जगह फूलों की बारिश की और उन्हें गले लगाकर ईद-मिलादुन्नबी की दिली मुबारकबाद पेश की। इस दौरान शहर में कानपुर की पुरानी गंगा-जमुनी तहज़ीब और आपसी भाईचारे का खूबसूरत नज़ारा देखने को मिला। स्थान-स्थान पर लगाए गए कैंपों में जुलूस में चल रहे लोगों की ख़ातिरदारी के लिए ठंडे पानी, शरबत, चाय और तबर्रुक के वितरण का बेहतरीन इंतज़ाम किया गया था। इस मुबारक मौके पर हाजी फ़ज़ल महमूद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब का जीवन पूरी इंसानियत के लिए अमन, रहमदिली और आपसी मोहब्बत का पैग़ाम देता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में उनकी तालीमात (शिक्षाओं) पर चलना और उनके बताए रास्ते को अपनाना बेहद ज़रूरी है, ताकि समाज से नफ़रतें ख़त्म हों और हर तरफ़ अमन-चैन कायम हो सके। आगे उन्होंने जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल सभी आशिक़ान-ए-रसूल और शहरवासियों को पूरे खुलूस के साथ ईद-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी। हाजी साहब ने कहा कि पैगंबर साहब का दुनिया में आना पूरी इंसानियत के लिए अल्लाह की सबसे बड़ी रहमत है। उन्होंने अवाम से अपील की कि इस मुक़द्दस दिन पर हुज़ूर के बताए हक़ और सच्चाई के रास्ते पर चलने का संकल्प लें, गरीबों व बेसहारा लोगों की मदद करें और मुल्क की तरक्की व खुशहाली के लिए बारगाह-ए-इलाही में दुआएं करें। इस मुबारक मौके पर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, हाजी अबरार, शबाब अबरार, फैसल महमूद, जावेद महमूद, उमर महमूद,अहमर फजल, शुफियान, शाहनवाज खान शानू, फैसल बेग, अली, अयान, अजान आदि लोग प्रमुख रहे।

# मेडिकल इंटर्न्स का स्टाइपेंड बढ़ाने के कैबिनेट फैसले का अभाविप ने किया स्वागत

### अभाविप ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को ज्ञापन सौंपकर की थी वृद्धि की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने उत्तर प्रदेश कैबिनेट द्वारा प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों, संस्थानों और चिकित्सा विश्वविद्यालयों में एमबीबीएस एवं बीडीएस इंटर्न्स के मासिक मानदेय को 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये किए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। परिषद ने इसे मेडिकल विद्यार्थियों और इंटर्न्स की लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार किए जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। अभाविप के अनुसार, संगठन ने मेडिकल इंटर्न्स के सम्मानजनक मानदेय की मांग को लेकर शासन-प्रशासन के समक्ष लगातार विषय उठाया था। इसी क्रम में पूर्व में उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक को ज्ञापन सौंपकर स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग की गई थी। परिषद ने कहा कि मेडिकल इंटर्न स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इंटर्नशिप के दौरान उन्हें लंबे समय तक ड्यूटी, रात्रिकालीन एवं आपातकालीन सेवाओं के साथ मरीजों की देखभाल और चिकित्सकीय जिम्मेदारियों का निर्वहन करना पड़ता है। सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण कई इंटर्न्स को भोजन, आवागमन, आवास और अन्य आवश्यक खर्चों के प्रबंधन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**केंद्रीय संस्थानों से असमानता का मुद्दा उठाया था**

अभाविप ने कहा कि केंद्रीय संस्थानों और अन्य राज्यों की तुलना में उत्तर प्रदेश में मेडिकल इंटर्न्स को मिलने वाले स्टाइपेंड में असमानता का मुद्दा भी संगठन ने प्रमुखता से उठाया था। ऐसे में मानदेय में वृद्धि से इंटर्न्स को उनकी जिम्मेदारियों और परिश्रम के अनुरूप आर्थिक सहयोग मिलेगा। अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कहा कि मेडिकल इंटर्नशिप युवा चिकित्सकों के लिए सीखने के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण अवधि होती है। लंबे ड्यूटी आवर्स, रात्रिकालीन और आपातकालीन ड्यूटी तथा मरीजों की गंभीर स्थिति से निपटने की जिम्मेदारियों के बीच इंटर्न्स को अपनी पढ़ाई और व्यक्तिगत आवश्यकताओं का भी प्रबंधन करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि विशेषकर दूसरे शहरों में रहकर इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थियों के सामने आवास, भोजन और आवागमन का खर्च बड़ी चुनौती रहता है। ऐसे में स्टाइपेंड को 12 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये किया जाना उनके श्रम और जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय है। अभाविप ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन आगे भी विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से शासन के समक्ष उठाता रहेगा।

## ईद मिलादुन्नबी पर सर्वधर्म सम्मान से दिया सद्भावना का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर कुल हिंद जमीअतुल आवाम एवं अंजुमन आमदे रसूल कमेटी के संयुक्त जुलूस ए मिलाद जुलूस ए मोहम्मदी निकल गया साथ ही पैगंबर के जन्मदिन पर लंगर ए रसूल नातिया प्रोग्राम भी हुआ जश्ने चिराग के मौके पर संगठन के पदाधिकारी ने कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारियों एवं सम्मानित समाजसेवी को का सम्मान किया महबूब आलम खान ने बताया कि जुलूस सकुशल संपन्न हुआ एसीपी कलेक्टर गंज आनंद ओझा थाना प्रभारी राहुल कटिहार चौकी प्रभारी शादाब खान सहित पुलिस टीम को सम्मानित भी किया गया पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी के मौके पर रोशनी से कुली बाजार की गलियां जगमगा उठी जगह-जगह लोगों ने कुरान की तिलावत के लिए कुरान खान कराया लोगों ने स्टार लगाकर अपने नबी मोहम्मद साहब के नाम पर खूब बात सभी संगठन के लोगों ने अच्छे काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया इस मौके पर कल हिंद जमी अतुल आवाम द्वारा सम्मान समारोह किया गया इसी प्रकार उत्तर प्रदेश जमातुर राइन कानपुर जमातुर राइन के पदाधिकारियों ने कुली बाजार क्षेत्र की सभी अंजुमनों को मोमेंटो माला पहनकर सम्मानित किया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष हारून राइन जिला अध्यक्ष मेहताब सुल्तान आलम नगर अध्यक्ष हाजी अली वारिस मोहम्मद मेराज मोइनुद्दीन राइन मोहम्मद साबिर मुजम्मिल राइन आदि ने क्षेत्रीय पार्षद सुशील तिवारी गुड्डू चौधरी जावेद बबलू मोहम्मद रिजवान मोहम्मद आकिब गुलाम नबी अमित चौरसिया मोहम्मदी इमरान मोहम्मद रफी आदि लोगों को सम्मानित किया इसी प्रकार कामरेड मोहम्मद वास द्वारा स फ ई संगठन के पदाधिकारी यो की उपस्थिति में कैंप लगाकर जुलूस ए मिलाद का स्वागत किया।

### कल पंजाब के सरकारी दफ्तरों का काम रहेगा ठप

**चंडीगढ़।** पंजाब में सरकारी कामकाज कराने वाले लोगों के लिए 27 अगस्त का दिन परेशानी वाला रहेगा। सांझा मुलाजिम मंच पंजाब एंड यूटी के आह्वान पर प्रदेश के करीब तीन लाख से अधिक सरकारी कर्मचारी और चार लाख से अधिक पेंशनभोगी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय महाहड़ताल करेंगे। इसका असर सरकारी दफ्तरों, अस्पतालों, स्कूलों, तहसीलों से लेकर सरकारी बस सेवाओं तक देखने को मिलेगा। हालांकि संगठन ने स्पष्ट किया है कि यह पंजाब बंद नहीं, बल्कि सरकारी कर्मचारियों की महाहड़ताल है। बाजार, दुकानें और निजी संस्थान सामान्य रूप से खुले रहेंगे। महाहड़ताल में सरकारी विभागों के ड्राइवर भी शामिल होंगे। ऐसे में अधिकारियों की सरकारी गाड़ियां भी नहीं चलेंगी। पंजाब रोडवेज, पनबस और पीआरटीसी के नियमित ड्राइवर-कंडक्टर भी काम पर नहीं आएंगे। यूनियन के अनुसार बसों को डिपो से बाहर नहीं निकाला जाएगा। हालांकि किसी तरह का चक्का जाम नहीं किया जाएगा और निजी वाहनों की आवाजाही सामान्य रहेगी।

# गाजियाबाद औद्योगिक क्षेत्र में चला यूपीसीडा का बुलडोजर, एक हजार से अधिक अवैध कब्जे ध्वस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गाजियाबाद।** लोहा मंडी और एसएसजीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र में अतिक्रमण के कारण बढ़ रही जाम, गंदगी और आपराधिक गतिविधियों की शिकायतों के बाद यूपीसीडा ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। उप महाप्रबंधक सलिल यादव के नेतृत्व में टीम ने दोनों औद्योगिक क्षेत्रों में बुलडोजर चलाकर एक हजार से अधिक अवैध खोखे, झुग्गियां और ठेलियां हटाईं। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण करने वालों ने विरोध भी किया, लेकिन टीम ने अभियान जारी रखा। औद्योगिक संगठनों की ओर से लंबे समय से उद्योग बंधु की बैठकों में अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित होने, कूड़ा फैलने और अपराध बढ़ने की शिकायतें की जा रही थीं। विशेष रूप से शाम के समय फैक्ट्रियों से काम खत्म कर लौटने वाली महिला कामगारों के साथ छेड़खानी की शिकायतें सामने आने के बाद कार्रवाई की मांग तेज हुई थी। औद्योगिक क्षेत्र में सड़क किनारे लगे खान-पान के खोखे और ठेलियां धीरे-धीरे असामाजिक तत्वों के जमावड़े का स्थान बन गए थे। तीन दिन पहले एक महिला कामगार के साथ आमलेट के खोखे के पास खड़े शराबियों द्वारा छेड़खानी की घटना के बाद मौके पर हंगामा पर पुलिस भी पहुंची थी। खोखे और ठेलियों पर खाना खाने के बाद लोग दोना-पत्तल, पालिथीन और अन्य कूड़ा नाले-नालियों में डाल देते थे। इससे सफाई के बावजूद नाले बार-बार चोक हो जाते थे और बारिश या नालियों का पानी सड़क पर भर जाता था।

**स्ट्रीट लाइट से डाल रखी थी कटिया**

अतिक्रमणकारियों ने खोखों और दुकानों पर लाइट, पंखे और इन्वर्टर चलाने के लिए स्ट्रीट लाइट की लाइन में अवैध कटिया डाल रखी थी। अधिक लोड होने पर एमसीबी ट्रिप हो जाती थी, जिससे मार्ग की स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण अंधेरा छा जाता था। उद्यमियों के अनुसार अंधेरा होने से असामाजिक गतिविधियों की आशंका और बढ़ जाती थी।

**जाम के साथ अपराध भी बन गया था बड़ी समस्या**

औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क किनारे अवैध कब्जों के कारण वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। उद्यमियों के अनुसार मारपीट, लूटपाट और छेड़खानी जैसी घटनाओं की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। इससे फैक्ट्रियों में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ उद्यमियों को भी आने-जाने में परेशानी होती थी। अतिक्रमण हटने से यातायात व्यवस्था और सुरक्षा में सुधार की उम्मीद है।

**तीन-चार दिन और चलेगा अभियान**

यूपीसीडा उप महाप्रबंधक सलिल यादव ने बताया कि लोहा मंडी और एसएसजीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। पहले चरण में एक हजार से अधिक अवैध अतिक्रमण हटाए गए हैं। अभियान अभी तीन से चार दिन और जारी रहेगा। औद्योगिक क्षेत्रों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराने के साथ ही मार्गों को सुगम बनाने पर जोर है।

# नगर निगम घोटालों की जांच में एसआईटी ने दस्तावेज कब्जे में लिए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर नगर निगम में कथित घोटालों की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) बुधवार को नगर निगम पहुंचा। एडीसीपी डॉ. अर्चना सिंह के नेतृत्व में टीम ने करीब पांच घंटे तक अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ की तथा विकास कार्यों, निविदाओं, भुगतान और फर्म पंजीकरण से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। एसआईटी ने नामजद पांच फर्मों समेत अन्य फर्मों से जुड़े विकास कार्यों, टेंडर, भुगतान और पंजीकरण से संबंधित दस्तावेज अपने कब्जे में लिए। टीम ने मुख्य अभियंता एसएफए जैदी के कार्यालय में पहुंचकर संबंधित फाइलों की पड़ताल की। जांच के दौरान कैला देवी फर्म से जुड़े भुगतान संबंधी दस्तावेजों में कुछ कमियां भी सामने आने की बात कही जा रही है। टीम ने आवश्यक दस्तावेजों के फोटो और प्रिंटआउट भी लिए।

**अधिकारियों और कर्मचारियों से हुई पूछताछ**

एसआईटी सुबह करीब 11:30 बजे नगर निगम पहुंची और शाम लगभग पांच बजे तक जांच एवं पूछताछ जारी रही। टीम ने मुख्य अभियंता एसएफए जैदी के अलावा अधिशासी अभियंता दिवाकर भास्कर और आरके सिंह से भी पूछताछ की। इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारी भूपेंद्र सिंह और अजय पांडेय से भी आवश्यक दस्तावेज मांगे गए। ठेकेदारों के खिलाफ जिन अधिकारियों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुई है, एसआईटी ने उनके वीडियो बयान भी दर्ज किए। जांच में सहयोग के लिए अधिकारियों से निर्धारित प्रपत्र पर हस्ताक्षर भी कराए गए। एसआईटी की कार्रवाई से नगर निगम परिसर में काफी देर तक हलचल बनी रही। टीम अब कब्जे में लिए गए दस्तावेजों और जांच के दौरान सामने आई कमियों की पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है कि मुख्य सचिव की सख्ती के बाद नगर निगम से जुड़े मामलों में कार्रवाई तेज हुई है। मंगलवार को नगर आयुक्त के निर्देश पर सात फर्मों के खिलाफ छह अलग-अलग एफआईआर दर्ज कराई गई थीं। पुलिस ने दो ठेकेदारों को गिरफ्तार किया है, जबकि मामले में नामजद गोविंद शर्मा फरार बताया जा रहा है। वह आगरा का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार गोविंद शर्मा की फर्म को सबसे अधिक ठेके मिलने की बात सामने आई है। इसके अलावा करीब 100 करोड़ रुपये के टेंडर भी निरस्त किए गए हैं। एसआईटी अब फर्मों के पंजीकरण और भुगतान से जुड़े दस्तावेजों की गहनता से जांच कर रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# धोखाधड़ी कर लूट करने वाले तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** थाना नवाबगंज व एस0ओ0जी0/सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त पुलिस द्वारा सस्ता सोना का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी कर लूट करने वाले 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूट के ?11,00,000/- (ग्यारह लाख रुपये), 01 अवैध देशी तमंचा .315 बोर व 04 कारतूस .315 बोर, घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन बरामद । घटना का संक्षिप्त विवरण-मुकदमा वादी पंकज कुमार अग्रवाल पुत्र ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी दनियालपुर लालगोपालगंज थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा थाना नवाबगंज पर तहरीर दी गयी कि जुबैर अहमद पुत्र नईम अहमद निवासी जहिद्पुर लालगोपालगंज थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा योजनाबद्ध तरीके से अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सस्ते दामों में सोना (गोल्ड) बेचने का लालच देकर मुकदमा वादी को अपने विश्वास में ले लिया गया तथा दिनांक-19.08.2026 को अभियुक्त जुबैर अहमद उपरोक्त द्वारा मुकदमा वादी को पैसों के साथ थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत रामवनगमन पथ स्थित बिहरिया के पास ले जाकर रोड के दूसरी तरफ खड़ी बलेनों कार (चालक अभियुक्त फैसल उपरोक्त) में बैठाया गया तभी सामने से एक अन्य स्वीफ्ट डिजायर कार आकर रुकी, जिसमें सवार तीन अभियुक्त संदीप यादव, नागर गौतम व राजन दूबे बाहर निकले और असलहे के दम पर मुकदमा वादी के पास सोना (गोल्ड) खरीदने के लिए रखे हुए 18 लाख रूपये/- छोड़कर भाग जाने हेतु धमकाया, जिस पर मुकदमा वादी पैसे छोड़कर किसी तरह अपना जान बचाकर भाग गया, उक्त घटना के सम्बंध में मुकदमा वादी पंकज कुमार अग्रवाल उपरोक्त द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर दिनांक-25.08.2026 को थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0-366/2026 धारा-309(4)/3(5)/61(2)/351(3)/352/318(4) भा0न्या0सं0 बनाम 1. जुबैर अहमद पुत्र नईम अहमद निवासी जहिदपुर कस्बा लालगोपालगंज 2. फैसल पुत्र वसीमुद्दीन निवासी दनियालपुर नवाबगंज 3. राजन दुबे पुत्र अज्ञात 4. नागर गौतम 5. संदीप यादव पुत्रगण अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कर घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया । पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना नवाबगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-366/2026 धारा-309(4)/3(5)/61(2)/351(3)/352/318(4) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित अभियुक्त 1. फैसल पुत्र वसीमउद्दीन निवासी ग्राम दानियालपुर कस्बा लालगोपालगंज थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज, हाल पता ताजुद्दीनपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ 2. संदीप यादव पुत्र अर्जुन प्रसाद निवासी ग्राम बहरिया चौसा थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ 3. नागर गौतम पुत्र दशरथ लाल निवासी ग्राम ताजुद्दीनपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना नवाबगंज व एस0ओ0जी0/सर्विलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-26.08.2026 को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत गढ़वा खैराजपुर कानपुर -वाराणसी हॉइवे स्थित अन्डर पास के पास से गिरफ्तार किया गया । उक्त अभियुक्तो के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में लूट के ?11,00,000/- (ग्यारह लाख रुपये), 01 अवैध देशी तमंचा .315 बोर व 04 कारतूस .315 बोर, नकली जेवरात व घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन (01 बलेनो कार वाहन सं0-UP32RX3846 व 01 स्विफ्ट डिजायर कार वाहन सं0-UP14BY8215) बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) भा0न्या0सं0 व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना के सफल अनावरण पर श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर द्वारा टीम को 10,000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया । गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया है कि उपरोक्त अभियुक्तों का पांच सदस्यों का एक गिरोह है, जिसके सरगना जुबैर अहमद पुत्र स्व0 नईम निवासी मौहल्ला जहीदपुर कस्बा लालगोपालगंज थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज है, जिसके द्वारा भोले-भाले अच्छे व्यवसायियों को सस्ते दर पर सोना-जेवरात बेचने का लालच देकर विश्वास में लेकर उनसे पैसा रुपया एकत्रित करवाकर किसी सुनसान जगह पर साथ ले जाया जाता था तथा योजनाबद्ध तरीके से अन्य साथियों द्वारा वहां आकर व्यवसायी का लिया हुआ पैसा तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए रूपये छीन लिया जाता था एवं सरगना जुबैर अहमद को भी व्यवसायी के सामने डरा-धमका कर साथ में भगा दिया जाता था । बाद में गिरोह के सभी सदस्यों द्वारा एक साथ मिलकर ठगी व टप्पेबाजी से छीना गया रूपया आपस में बांट लिया जाता था । अभियुक्त राजन दूबे उपरोक्त व जुबैर अहमद उपरोक्त की गिरफ्तारी अभी शेष है, जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया है ।

# रेस्टोरेंट में चल रहे अवैध हुक्का बार पर पुलिस का छापा,दस हिरासत में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेस्टोरेंट में चल रहे अवैध हुक्का बार पर छापा मारकर मौके से 10 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने मौके से 14 हुक्का, 17 चिलम और भारी मात्रा में फ्लेवर तंबाकू सहित अन्य सामान बरामद किया है। सभी के विरुद्ध सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 की धारा 4/21 के तहत कार्रवाई की गई है।एफआईआर के अनुसार 25 को उपनिरीक्षक विक्की कुमार गुप्ता हमराह कांस्टेबल विकास उपाध्याय, जैकम सिंह और विश्वराज सिंह के साथ वांछित अभियुक्त व चेकिंग होटल-ढाबा में मामूर होकर खान चौराहे पर मौजूद थे। वहीं सेकेंड मोबाइल के उपनिरीक्षक रिषभ पटेल व रामकिशुन भी खान चौराहे पर मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर ने आकर सूचना दी कि काजूजा रेस्टोरेंट में हुक्का बार चल रहा है और कुछ लोग तंबाकू युक्त हुक्का पी रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने अधिकारियों को अवगत कराते हुए काजूजा रेस्टोरेंट के अंदर दबिश दी तो देखा कि 10 व्यक्ति हुक्का बार में हुक्का का सेवन कर रहे थे। पुलिस को देखकर वे सकपका गए और भागने का प्रयास किया, लेकिन सभी को घेरकर मौके पर पकड़ लिया गया।रेस्टोरेंट की तलाशी से 14 अदद हुक्का, 03 अदद हुक्का पाइप, 17 अदद चिलम, 01 अदद इलेक्ट्रिक हीटर, 14 अदद प्लास्टिक पाइप, 01 अदद चिमटा, 29 फ्लेवर तंबाकू बंद पैकेट, 05 अदद फ्लेवर तंबाकू खुला डिब्बा, एक इलेक्ट्रिक तराजू, एक हुक्का ब्लोअर और एक चारकोल का खुला डिब्बा बरामद हुआ।पूछताछ में कुल 10 लोग पकड़े गए।

## संक्षिप्त खबरें

### जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी युवक की हालत, जिला अस्पताल रेफर

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** हाईवे पर एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में युवक को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पूरनपुर-आसाम हाईवे पर बुधवार दोपहर लगभग एक बजे संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से एक युवक की हालत बिगड़ गई। गंभीर अवस्था में उसे उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी जिले के मैलानी थाना क्षेत्र के गांव खुशालपुर निवासी निकिल कुमार (19) पुत्र श्यामू पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रम्पुरा स्थित अपनी ससुराल आया हुआ था। बुधवार दोपहर उसने आसाम हाईवे पर संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख लोगों ने उसे उपचार के लिए आनन-फानन में सीएचसी पूरनपुर लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी चिकित्सक ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को भी भेजी है।

### रक्षाबंधन पर रोडवेज बसों में महिलाओं व उनके एक सहयात्री का सफर होगा मुफ्त

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** उत्तर प्रदेश शासन ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर महिलाओं को एक बड़ा तोहफा दिया है। विशेष सचिव उमा द्विवेदी द्वारा जारी सरकारी आदेश के अनुसार, रक्षाबंधन के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की सभी बसों में महिलाओं और उनके साथ एक सहयात्री को मुफ्त यात्रा सुविधा प्रदान की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मुफ्त यात्रा सेवा 27 अगस्त 2026 की सुबह 06 बजे से शुरू होकर 29 अगस्त 2026 की मध्य रात्रि 12 बजे तक लागू रहेगी। यह मुफ्त सुविधा सभी महिलाओं और उनके साथ यात्रा कर रहे किसी एक सहयात्री के लिए ही होगी। शासन की ओर से परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को इस आदेश के प्रचार-प्रसार और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

### हाईकोर्ट ने हाथरस पीड़िता के परिवार को दूसरी जगह बसाने में 'बेवजह रुकावट' डालने पर यूपी सरकार को फटकार लगाई।

**ब्यूरो।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि वह हाथरस गैंगरेप और हत्या की पीड़िता के परिवार को 3 महीने के भीतर गाजियाबाद या नोएडा में बसाए और उनके पुनर्वास की व्यवस्था करे। कोर्ट ने पाया कि राज्य सरकार उसके पहले के निर्देशों का पालन करने में 'बेवजह रुकावट' डाल रही थी। जस्टिस राजन रॉय और जस्टिस जसप्रीत सिंह की बेंच ने कहा कि 22 फरवरी 2025 को राज्य सरकार का जो फैसला आया था, जिसमें परिवार को कासगंज, एटा या अलीगढ़ में बसाने की पेशकश की गई, उसमें गाजियाबाद या नोएडा में बसाने की उनकी मांग पर विचार नहीं किया गया। इसलिए 'कानून की नज़र में यह कोई फैसला नहीं था '। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) अनुपालन हलफनामा दाखिल करें और चेतावनी दी कि अगर निर्देश का पालन नहीं किया गया तो उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होना होगा।

# दिल्ली पुलिस बनकर रंगदारी मांगने और फर्जी शिकायतें कर दबाव बनाने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर(पीलीभीत)।** दिल्ली पुलिस बनकर रंगदारी मांगने और फर्जी शिकायतें कर दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए ग्राम प्रधान व ग्राम रोजगार सेवक ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत तकिया दीनारपुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां के ग्राम प्रधान हुकुम सिंह और रोजगार सेवक विन्दर पाल ने अपने ही गांव के दो लोगों पर फर्जी दिल्ली पुलिस अधिकारी बनकर रंगदारी मांगने, धमकी देने और फर्जी शिकायतें कर विकास कार्यों में बाधा डालने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में ग्राम रोजगार सेवक विन्दरपाल सिंह पुत्र सीताराम और ग्राम प्रधान-प्रशासक हुकुम सिंह ने पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर को शिकायती पत्र देकर जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार गांव के ही महेश सिंह और उनका भाई सर्वेश सिंह पुत्र कामता सिंह व कामता सिंह पुत्र श्याम सिंह द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है। आरोप है कि महेश सिंह अपने भाई सर्वेश सिंह के नाम व मोबाइल से, जिसकी ट्रू-कॉलर पर पुलिस की फोटो लगी है, फर्जी शिकायतें करता है। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी खुद को दिल्ली पुलिस का सिपाही बताते हैं। वहीं धमकी देकर 'रुपये की मांग करते हैं और कहते हैं कि रुपये नहीं दोगे तो फिर तुम्हारी शिकायतें करेंगे और तुम्हारी प्रधानी चलने नहीं देंगे और रोजगार सेवक की नौकरी ले लेंगे। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जब-जब जांच अधिकारी मौके पर आते हैं, तो उनके सामने भी उक्त व्यक्ति दबंगई दिखाते हुए गाली-गलौज करके मारपीट पर आमादा हो जाते हैं, जिसकी वीडियो शिकायत कर्ताओं के पास सुरक्षित है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि उपरोक्त व्यक्ति 420 किस्म के दबंग व शातिर व्यक्ति हैं, जो लगातार धमकियां दे रहे हैं कि 'हमें पैसा नहीं दोगे तो मैं ऐसे ही तुम्हारी शिकायतें करते रहेंगे' वहीं तरह तरह की धमकियां देकर परेशान करने के भी आरोप हैं।

## दहेज उत्पीड़न और छेड़छाड़ के आरोप में सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** दहेज उत्पीड़न और छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने सात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की तहरीर पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धमकी और छेड़छाड़ के आरोप में सात ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी आठ अप्रैल 2026 को सुनगढ़ी क्षेत्र में मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी में मायके पक्ष ने करीब 20 लाख रुपये खर्च किए, लेकिन ससुरालीजन इससे संतुष्ट नहीं थे और अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। महिला ने आरोप लगाया कि पति के बाहर जाने के दौरान जेठ और ननदोई ने उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए जबरन गलत काम का प्रयास किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि जयपुर में पति ने शराब के नशे में पांच लाख रुपये की मांग करते हुए दुपट्टे से गला दबाने का प्रयास किया।

# शुआट्स में इंटर-हाउस बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2026-27 का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) के नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के खेल आयोजनों की शुरुआत इंटर-हाउस बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2026-27 के उद्घाटन के साथ हुई। टूर्नामेंट का उद्घाटन 25 अगस्त 2026 को विश्वविद्यालय के बास्केटबॉल मैदान में किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रोफ़ेसर (डॉ). सी. जे. वेस्ली, चेयरमैन, एथलेटिक्स कमेटी एवं रजिस्ट्रार, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्री आशीष मैसी, हेड, डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एवं सेक्रेटरी, एथलेटिक्स कमेटी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को खेल को सच्ची खेल भावना, अनुशासन और जुनून के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने बास्केटबॉल के खेल के विषय पर तकनीकी जानकारी दी और बताया कि जीत और हार से बड़ा एक खिलाड़ी के रूप में खेल प्रतियोगिता में भाग लेना होता है।टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच महिला वर्ग में रेड हाउस और एलो हाउस के बीच खेला गया, जिसमें येलो हाउस ने 18-0 से जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला पुरुष वर्ग का हुआ जिसमें येलो हाउस ने रेड हाउस को 38-28 से हरा दिया । इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ सौम्या, डॉ फैजान अहमद ,श्री माजिद, श्री राकेश साहू, श्री अशोक सिंह श्री तनवीर अहमद, सहित शारीरिक शिक्षा विभाग के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।टूर्नामेंट का आयोजन डॉ अचिंत टैरेंस गेम इंचार्ज के निर्देशन में किया जा रहा है। राकेश साहू ने यह जानकारी दी।

# 1501 साला जश्ने ईद मिलादुन्नबी का ऐतिहासिक जुलूस शान-ओ-शौकत के साथ निकला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी मे 1501 साला जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस अपनी शानो-शौकत के साथ निकला। पूरे देश में इस्लाम के आखरी पैगम्बर मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश का जुलूस जुलूसे मोहम्मदी बड़े धूम धाम से मनाया गया। इस बार नैनी मे ईद मिलादुन्नबी का जुलूस ऐतिहासिक जुलूस रहा। जुलूस नैनी के गंजिया, मुरादपुर, अरैल, क़र्बला, फ़तेह मिया का पुरवा, शाह जी का पुरा, ए डी ए, पी ए सी, महेवा इंदलपुर से आकर अरैल मोड़ पर इकट्ठा होकर एक सफ में पैगम्बर साहब के ऊपर दारूद पढ़ते हुए उनकी हमदोसना करते हुए डीजे, तबर्रूक व झांकी लेकर पैदल चकदोंदी के रास्ते होते हुए स्टेशन रोड से बाजार होते हुए शंकरढाल से पुनः अरैल मोड़ आकर फातिहा पढ़ते और अपने अपने क्षेत्र में रवाना हो जाते। वहीं जुलूस मे हर एक क्षेत्र के आशिके रसूल को सम्मानित किया गया व स्टेशन रोड स्थित नैनी ईदगाह कमेटी की तरफ से जबरदस्त लंगर भी बांटा गया।जुलूस में आये हुये अकीदतमंदों ने अमन चैन का पैगाम देते हुये भारत देश की तरक्की का व आपसी भाईचारा बना रहे इसकी दुआ की फिर जुलूस की रवानगी की। इस मौके पर व्यापारी नेता नाज़िम खान ने कहा की पूरे यमुनापार का इतिहास रहा है कि यहाँ पर हर त्यौहार पर गंगा जमुनी तहजीब की एक अलग मिसाल पेश होती है हमेशाआपसी सद्भाव बना रहता है। इस जुलूस को संपन्न कराने में नैनी थाने के पुलिस प्रशासन का व एसीपी करछना कुंजलता मैम का भी बड़ा सहयोग रहा नैनी कोतवाल भी जुलूस के साथ साथ मुस्तैद रहें।इस जुलूस में कारी युसूफ साहब, कारी अय्यूब साहब,आलिम साहब,मौलाना शफीक, हाफ़िज़ मो अनस, समाजसेवी नाजिम खान,पार्षद राकेश जायसवाल, सुभाष चंद केशरवानी, घनश्याम जायसवाल,वरिष्ठ भाजपा नेता नर सिंह, पार्षद रणविजय सिंह,हासिम खान,मो अरशद, मो. फरहान, मोहसिम खान ,शहजाद खान, शायर अनस रजा, हलीम भाई,मो नसीम, मो शकील, इस्तियाक अली, तारिक आफताब, शानू कुरैशी, अरिस सिद्दीकी,सलमान खान, शहजा खान, आरिफ व सभी आशिके रसूल मौजूद रहे।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर समाजसेवी ने उलेमाओ और कांवड़ियों का किया स्वागत, भाईचारे का दिया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए समाजसेवी व उनके पुत्रों ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जहां जुलूस ए मोहम्मदी में मौजूद उलेमाओं को सम्मानित किया वहीं कावड़ियों का स्वागत कर भाईचारे का संदेश दिया है। तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां निवासी समाजसेवी जेगम खां ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की। उन्होंने एक ओर जुलूस में शामिल अकीदतमंदों पर पुष्प वर्षा करते हुए उनका स्वागत किया। साथ ही जुलूस में तकरीर कर रहे उलेमाओं को सम्मानित किया। वहीं दूसरी ओर धनाराघाट स्थित शारदा नदी से जल लेकर लौट रहे कांवड़ियों पर भी पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने सभी से आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। समाजसेवी जेगम खां ने कहा कि भारत की खूबसूरती उसकी गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे में है। सभी धर्मों के लोगों को एक-दूसरे के त्योहारों का सम्मान करते हुए मिल जुलकर रहना चाहिए। उनके इस प्रयास की क्षेत्र में सराहना की गई। लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देते हैं। इस दौरान समाज से भी जगम खान के दोनों पुत्र बाबर खान व अरमान खां आदि मौजूद रहे।

## युवती को बहला-फुसलाकर भगाने के मामलें में चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामलें में पुलिस ने युवती के भाई की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24-25 अगस्त की रात आकाश निवासी उदयकरनपुर उसकी करीब 21-22 वर्षीय बहन को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि युवती को घर से ले जाने में आकाश के जीजा पृथ्वीराज, बहन सोनी देवी और भाई शरद कुमार उर्फ छोटे ने सहयोग किया। आरोप है कि सफेद रंग की चार पहिया वाहन से युवती को आकाश के साथ कहीं भेज दिया गया। जानकारी होने पर परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया कि सोनी देवी बहाने से युवती को अपने घर बुलाकर आकाश से बातचीत करवाती थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आकाश, पृथ्वीराज, सोनी देवी और शरद कुमार उर्फ छोटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए निःशुल्क बस यात्रा की अहिल्या बाई मातृशक्ति यात्रा योजना का शुभारम्भ।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली लोकमाता अहिल्या बाई मातृशक्ति यात्रा योजना के शुभारम्भ एवं रक्षाबंधन के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा माताओं, बहनों एवं बेटियों को 27 अगस्त से 29 अगस्त, 2026 तक सहयात्री सहित निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा से सम्बंधित कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को जनपद स्तर पर जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। प्रभारी मंत्री जल शक्ति विभाग स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री, औद्योगिक विकास नंद गोपाल गुप्ता नंदी, महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज रवीन्द्र कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारियों सहित भारी संख्या में मातृशक्तियों ने मुख्यमंत्र के लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा। इस अवसरपर जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में आयी हुई महिलाओं से राखी बंधवाई तथा उन्हें उपहार स्वरूप साड़ी एवं मिठाई प्रदान की। प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उपस्थित माताओं, बहनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश के लिए ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री जी के द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना का शुभारम्भ किया गया है, यह योजना माताओं, बहनों के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा सशक्त नारी के संकल्प की संकल्पना की पूर्ति हुई है। कहा कि आज 60 वर्ष से अधिक की माताओं, बहनों को निःशुल्क यात्रा का उपहार आजीवन भर के लिए मिला है। उन्होंने कहा कि इससे हमारी माताए, बहनें तीर्थाटन भी कर सकती है और अपने सगे-सम्बंधियों के यहां भी जाकर उनसे मिल सकती है। उन्होंने कहा कि इसके तहत 60 वर्ष से अधिक वर्ष की महिलाएं, बहने, आधार कार्ड, वोटर आईकार्ड या परिवहन निगम के द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले स्मार्ट कार्ड की सुविधा से निःशुल्क यात्रा कर सकती है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज लगभग 1 करोड़ महिलाएं 60 वर्ष से ऊपर की है। नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वाभिमान हमारे विकास के तीन स्तम्भ है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन व नेतृत्व की यात्रा में सहभागी है, हर बेटी, बहन, माता, आत्मनिर्भर महसूस करें, यही हमारी नीति है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही साथ रक्षा बंधन पर्व के उपलक्ष्य में सरकार के द्वारा 27 से 29 अगस्त तक महिलाओं व एक सहकर्मी को बस यात्रा की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रयागराज में लगभग 640 बसे है, जिसमें 26 इलेक्ट्रिक बसें है और आगामी दिनों में 22 और इलेक्ट्रिक बसे प्रयागराज आ रही है। उन्होंने कहा कि आप सभी का जीवन खुशहाल रहे, आप स्वावलम्बी बने, यही हमारी सरकार का लक्ष्य है। मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के द्वारा आयोजित लोकमाता अहिल्याबाई निःशुल्क यात्रा योजना कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं-बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते है मातृशक्ति, बहनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता को एक नई ऊचाई मिल रही है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति का स्थान हमारी संस्कृति में सदैव सर्वोच्च रहा है। आदिकाल से आधी आबादी यानी हमारी माताएं-बहनें, परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रगति की मुख्य आधार रही है। इसी भावना के साथ लोक माता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना का शुभारम्भ बेहद गौरव व सम्मान की बात है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आपूर्ति संजीव कुमार शाक्य, जिला विकास अधिकारी जी0पी0 कुशवाहा, उपायुक्त श्रमरोजगार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सिविल लाइन जयकरन प्रसाद सहित परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगणों के अलावा भारी संख्या में माताएं, बहने उपस्थित रही।

# मंडलायुक्त ने लेटे हनुमान जी कॉरिडोर के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण

## पिलर्स पर कराए जा रहे नकाशी कार्य में गुणवाा एवं फिनिशिंग में कमी पाए जाने पर ठेकेदार को कड़ी फटकार।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** मंडलायुक्त डॉ. लोकेश एम. ने आज प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे लेटे हनुमान जी कॉरिडोर के विभिन्न विकास कार्यों का उपाध्यक्ष, प्रयागराज विकास प्राधिकरण एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूरे कॉरिडोर के मैप एवं डिजाइन का अवलोकन करते हुए विभिन्न कार्यों की बिंदुवार जानकारी ली तथा उनकी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कॉरिडोर में रेड सैंडस्टोन से बनाए जा रहे पिलर्स एवं संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। पिलर्स पर कराई जा रही नक्काशी में अपेक्षित गुणवत्ता एवं फिनिशिंग न पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित ठेकेदार को फटकार लगाते हुए कार्य में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नक्काशी कार्य में निर्धारित गुणवत्ता एवं पूर्ण फिनिशिंग सुनिश्चित होने के बाद ही संबंधित कार्य का भुगतान किया जाए। उन्होंने कॉरिडोर क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष संभावित जलभराव को दृष्टिगत रखते हुए जल निकासी सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यात्री निवास के विस्तार के लिए कराए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण करते हुए उन्होंने उसके पैराफिट को कॉरिडोर के अन्य हिस्सों में बनाए गए पैराफिट के अनुरूप रखने के निर्देश दिए, ताकि पूरे कॉरिडोर में एकरूपता बनी रहे।

# अकीदत के साथ पूरनपुर, शेरपुर कलां व माधोटांडा आदि में निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी

## मरहबा या मुस्तफा, मरहबा या मुस्तफा के नारों से गूंज उठी सदा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बुधवार सुबह को पूरनपुर और शेरपुर कलां व माधोटांडा में धार्मिक उत्साह और अकीदत का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही लोगों में जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर खासा उत्साह रहा। निर्धारित समय पर जुलूस रवाना हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। जुलूस में शामिल अकीदतमंद नात पढ़ते हुए और 'सरकार की आमद मरहबा' के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। हाथों में परचम और सजावटी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जुलूस के रास्ते में स्थानीय लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कई स्थानों पर लोगों के लिए तबर्रुक और लंगर की व्यवस्था भी की गई।इस दौरान उलमा-ए-किराम ने पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सीरत पर रोशनी डालते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नबी-ए-करीम ने पूरी इंसानियत को मोहब्बत, भाईचारे, अमन और सद्भाव का पैगाम दिया। लोगों से समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई।ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम परिवारों में भी खास रौनक रही। घरों में पकवान बनाए गए और फातिहाख्वानी कराई गई। जुलूस के स्वागत के लिए कई स्थानों पर विशेष सजावट की गई थी। जुलूस की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी टीटीएस सहित अन्य अंजुमन ने संभाली। इस दौरान पूरनपुर में रविउल नूर पैगम्बर ऐ इस्लाम की यौमे विलादत के मुबारक मौके पर बड़ी ही शानो शौकत के साथ मदरसा अरबीया क़ादरिया में बाद नमाज परचम क़ुशाई के निकाला गया।



जुलुसे मोहम्मदी को अरवाऊस सालासिल कमेटी की देख रेख में निकाला गया। जुलूस में तक़रीर करते हुए मौलाना मुफ़्ती शेर मोहम्मद मिशवाही ने कहा कि सरकार हमारे इस कदर अपने हर उम्मती को चाहते हैं। सरकार ने फ़रमाया मेरे उम्मती को जब कांटा चुभता है तो उसे कम ताखलीफ होती है मुझे ज्यादा होती है ऐसा प्यार करते हैं। हमारे नबी अपने उम्मती से पूरी दुनिया में जब बेवा औरतों को हिकारत से देखा जाता था। उन्हें अच्छे कपड़े पहनने का भी हक़ नही था, वेवा दूसरी शादी नहीं कर सकती थी। ऐसे माहोल में प्यारे नबी ने एक बेवा हज़रत ख़ादिजा से शादी करके दुनिया को सबक दे दिया की बेवा को नफरत से मत देखो उन्हें भी जीने का हक़ है। आपने औरतों को परदे की नसीहत फरमाइ ताकि उन्हें बेहयाही से बचाया जा सके आज हालात आप के सामने है। रोज अख़बारों की सुर्खिया बनती हैं हया ईमान का जेवर है। जुलूस में मुख्य रूप से हाफिज कमर महबूब, हाफिज नूर अहमद अज़हरी, हाफिज उस्मान नूरी, हाफिज कारी हसन ने भी तक़रीर की। लजुलूस में तमाम ग्रुप शामिल हुए। सभी सरकार की नात पढ़ते हुए नये नये इस्लामी लिबासों में चल रहे थे। जुलूस में शामिल सभी ग्रुप्स को तौफ़ीक़ अहमद क़ादरी द्वारा सम्मानित किया गया। जुलूस में मुख्य रूप से तौफ़ीक़ अहमद क़ादरी, शाहिद रज़ा, आरिफ नादिर रज़ा बरकाती, मुन्ने मियां अनजाना, हाजी मुजाहिद खान, इमरान खान सहित हजारों की भीड़ थी। जुलुस का समापन ब्लॉक रोड स्थित साबरी अहाते में हुआ। शेरपुर कलां में जुलूसे मोहम्मदी शाही जामा मस्जिद के ग्राउंड से बड़ी शानो शौखत से निकाला गया। जिसमें हर वर्ष की भांति इस बार भी पूर्व प्रधान नाजिया खानम के कैंप कार्यालय पर जुलूस में नातिया कलाम एवं तकरीर करते चल रहे उलमाओं का हाजी रियाजत नूर खान ने अपनी टीम के साथ फूल मालाओं से इस्तकबाल कर स्वागत किया।

# क्या सुरक्षा का असली मतलब सिर्फ धागा है, या कुछ और भी?

## रक्षाबंधन पर 2030 का भारत ने लॉन्च किया लेट्स रीडिफाइन रक्षा कैंपेन।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** रक्षाबंधन के अवसर पर, भारत में शून्य भुखमरी (SDG 2), गुणवत्तापूर्ण शिक्षा (SDG 4) और स्वच्छ ऊर्जा (SDG 7) की दिशा में कार्यरत नोडल एजेंसी 2030 का भारत ने एक नया कैंपेन फिल्म रिलीज़ किया है, जिसका नाम है Let's Redefine Raksha '( लेट्स रीडिफाइन रक्षा )। फिल्म की शुरुआत कलाई पर बंधती राखी से होती है – एक ऐसा दृश्य जिसे हर भारतीय पहचानता है – और फिर कहानी आगे बढ़ती है एक युवा महिला के साथ, जो अपने ऑफिस में मीटिंग लीड करती है, आत्मविश्वास से शहर की सड़कों पर चलती है और पूरी तरह अपने आप में सहज दिखती है। संदेश स्पष्ट है – असली 'रक्षा' का मतलब किसी को बांधकर रखना नहीं, बल्कि उसे इतना अवसर, शिक्षा और सम्मान देना है कि वह खुद अपने दम पर आगे बढ़ सके। डॉ. अतुल मलिकराम, फाउंडर और चीफ़ एग्ज़ीक्यूटिव ऑफिसर, 2030 का भारत ने कहा, 'रक्षाबंधन हमेशा से सुरक्षा और स्नेह का प्रतीक रहा है। इस साल हमने सोचा कि 2030 के भारत के लिए सुरक्षा का असली अर्थ क्या है – और जवाब है अवसर। कक्षाओं में, सड़क विक्रेताओं के बीच और भूख से जूझते समुदायों के साथ काम करते हुए हम रोज़ देखते हैं कि सबसे मज़बूत सुरक्षा वही है जो किसी को अपने पैरों पर खड़ा होना सिखाए। ' 2030 का भारत एक नोडल एजेंसी है जो पूरे भारत में शून्य भुखमरी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वच्छ ऊर्जा को आगे बढ़ाने का काम करती है – तीन ऐसे सतत विकास लक्ष्य (SDG) जिन्हें रोज़मर्रा की ज़िंदगी में सबसे तेज़ी से बदलाव लाने के लिए चुना गया है। संस्था अब तक 25,000 से अधिक बच्चों और परिवारों तक पहुंच चुकी है।




# राखी का मतलब प्यार, विश्वास और सम्मान का अटूट रिश्ता : सूरज सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** बुधवार को सुवन्स मिलेनियम पब्लिक स्कूल, गोण्डा के प्रांगण में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रिंसिपल, शिक्षिकाओं एवं स्टाफ के साथ-साथ नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचीं सैकड़ों बहनों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रिंसिपल रीना तिवारी ने सूरज सिंह को तिलक लगाकर, आरती उतारकर तथा रक्षा सूत्र बांधकर की। इस दौरान भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास, सम्मान और एक-दूसरे की रक्षा की भावना को मजबूत बनाए रखने की प्रार्थना की गई। इसके बाद नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आई सैकड़ों बहनों ने सूरज सिंह की कलाई पर राखी बांधी। इस अवसर पर सूरज सिंह ने कहा कि 'भाई-बहन का रिश्ता अनमोल होता है, जिसे शब्दों में पूरी तरह व्यक्त नहीं किया जा सकता। बचपन के नटखटपन से शुरू होने वाला यह रिश्ता कब प्रेम, रक्षा, सम्मान और विश्वास के मजबूत बंधन में बदल जाता है, पता ही नहीं चलता। मेरी राखी का मतलब सिर्फ एक धागा नहीं, बल्कि बहनों के प्यार और विश्वास की जिम्मेदारी है। ' कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की शिक्षिका सुमन सिंह ने 'समझो न रेशम का तार भैया' गीत प्रस्तुत कर भाई-बहन के प्रेम को अभिव्यक्त किया। वहीं शैली पटेल ने 'माता भी तू, पिता भी तू...' गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में भावनात्मक रंग भर दिया। अध्ययनरत छात्रों के अभिभावक श्रीमती पूजा राय एवं मानसी चौहान ने भी रक्षाबंधन से जुड़े अपने अनुभव और संस्मरण साझा किए। उन्होंने पर्व की प्रासंगिकता और भाई-बहन के रिश्ते को और मजबूत बनाने के विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में सूरज सिंह ने उपस्थित सभी बहनों का मुंह मीठा कराया तथा उन्हें उपहार भेंट कर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यक्रम में भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और सम्मान की भावना देखने को मिली।



# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की लखनऊ में वकीलों के चैंबर गिराने के खिलाफ याचिका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो। सुप्रीम कोर्ट ने लखनऊ में वकीलों के चैंबर गिराने के खिलाफ याचिका, खारिज करदी। कहा– अवैध निर्माण को संरक्षण नहीं । कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें सार्वजनिक जमीन पर कथित अतिक्रमण कर और सड़कों को बाधित करके बनाए गए चैंबरों के संबंध में ध्वस्तीकरण नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने सेंट्रल बार एसोसिएशन, लखनऊ की याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस विक्रम नाथ ने स्पष्ट किया कि केवल इसलिए अवैध निर्माण को संरक्षण नहीं दिया जा सकता, क्योंकि उस पर वकीलों का कब्जा है। सुनवाई के दौरान जस्टिस नाथ ने निर्माण की जगह को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, 'यह निर्माण कहां स्थित है पहले यह बताइए। मुख्य सड़क पर क्यों?' जस्टिस नाथ ने कहा कि किसी बार एसोसिएशन के निर्वाचित पदाधिकारी होने के आधार पर भी अनधिकृत निर्माण को बनाए रखने का अधिकार नहीं मिल जाता। उन्होंने कहा, 'आप अवैध निर्माण करते हैं और फिर कहते हैं कि मैं एसोसिएशन का निर्वाचित अध्यक्ष हूं और संचालन समिति का सदस्य हूं, इसलिए मुझे इसे जारी रखने का अधिकार है? नहीं, सभी अवैध निर्माण हटाए जाने चाहिए।' जस्टिस नाथ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में वरिष्ठ जस्टिस के रूप में अपने कार्यकाल का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने खुद अदालत परिसर के आसपास की स्थिति देखी है और उन्हें पता है कि किस तरह सड़कों पर निर्माण करके यातायात बाधित किया गया। यह मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट के 6 अगस्त के आदेश से जुड़ा है। हाईकोर्ट के सामने करीब 72 कथित अतिक्रमणकर्ताओं का मामला था जिनमें ज्यादातर अधिवक्ता बताए गए हैं। आरोप था कि लखनऊ जिला अदालत परिसर के आसपास सार्वजनिक रास्तों या सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर चैंबर और अन्य निर्माण किए गए हैं। हाईकोर्ट ने लखनऊ नगर निगम को संबंधित कब्जाधारियों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया था। उन्हें निर्माण खाली करने या जमीन और निर्माण पर अपना वैध अधिकार साबित करने का अवसर दिया गया था। ऐसा नहीं कर पाने की स्थिति में निर्माण गिराने का निर्देश दिया गया था। ध्वस्तीकरण के नोटिस जारी होने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। प्रस्तावित कार्रवाई 30 अगस्त को किए जाने की बात सामने आई थी। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार की सुनवाई के दौरान सीनियर एडवोकेट आदिश अग्रवाला ने प्रभावित वकीलों को वैकल्पिक जगह दिए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने विवाद को मध्यस्थता के लिए भेजने की संभावना भी रखी।

हालांकि, जस्टिस नाथ इस सुझाव से सहमत नजर नहीं आए। उन्होंने सवाल किया, 'वकीलों के साथ मध्यस्थता?' पीठ ने अदालत परिसरों को अतिक्रमण से बचाने की जरूरत पर भी जोर दिया। जस्टिस नाथ ने कहा कि अगर अदालत परिसर पर ही अतिक्रमण हो जाए तो उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी होगी।

## कोलकाता नगर निगम की टीम ने लखनऊ की ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था का किया अध्ययन

**लखनऊ।** ठोस कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में लखनऊ नगर निगम द्वारा अपनाई जा रही व्यवस्थाओं और तकनीकों का अध्ययन करने के लिए कोलकाता नगर निगम की टीम बुधवार को लखनऊ पहुंची। टीम ने शहर में ठोस कचरा प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। कोलकाता नगर निगम की टीम में सुश्री सुभाषिनी ई., आईएएस, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, KMC (SHARP) तथा देबाशीष हलदार, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (सिविल), SWM विभाग, कोलकाता नगर निगम शामिल हैं। अध्ययन भ्रमण का उद्देश्य लखनऊ नगर निगम द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में अपनाई जा रही बेहतर कार्यप्रणालियों, विशेष रूप से शिवरी प्लांट में बायोरेमेडिएशन और कचरा प्रसंस्करण की व्यवस्था को समझना है। कोलकाता नगर निगम की टीम ने शिवरी स्थित प्रोसेसिंग साइट का दौरा किया। इस दौरान टीम ने लिगेसी वेस्ट के बायोरेमेडिएशन, फ्रेश वेस्ट के प्रसंस्करण तथा कचरे से निकलने वाले बाय–प्रोडक्ट के वैज्ञानिक निस्तारण की प्रक्रिया को देखा। अधिकारियों ने मौके पर संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी टीम को दी।

# बदहाल स्कूलों के वीडियो बनाने पर 8 ज़िलों में एफआईआर मेरठ में 2 गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में सरकारी स्कूल की बदहाल स्थिति को वीडियो के जरिए सामने लाने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस कार्रवाई का मामला सामने आया है। प्रदेश के कम से कम आठ जिलों में ऐसे वीडियो बनाए जाने और सोशल मीडिया पर साझा किए जाने के बाद FIR दर्ज की गई हैं। मेरठ में सरकारी स्कूल की बदहाली का वीडियो बनाने वाले दो लोगों को जेल भी भेजा गया है। वहीं, कई जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों ने बाहरी लोगों, YouTubers और सोशल मीडिया यूजर्स के स्कूल परिसर में बिना अनुमति प्रवेश कर फोटो–वीडियो बनाने पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं। हाथरस, बुलंदशहर, देवरिया, मेरठ, नोएडा, गाजीपुर, सिद्धार्थनगर और वाराणसी में सरकारी स्कूलों की स्थिति से संबंधित वीडियो सामने आने के बाद मामले दर्ज किए गए हैं। इसी बीच कई जिलों में बेसिक शिक्षा अधिकारियों ने स्कूल परिसरों में बिना अनुमति बाहरी लोगों के प्रवेश और फोटो या वीडियो बनाने को लेकर आदेश जारी किए हैं। योगी सरकार इस समय इस जिस बात से सबसे ज्यादा परेशान है, वो है करीब 10 साल से यूपी में बीजेपी सरकार है और उसकी नाकामी इस तरह सामने आ रही है। अधिकारियों ने इन प्रतिबंधों के पीछे विद्यार्थियों की सुरक्षा, पढ़ाई में व्यवधान और स्कूल के आधिकारिक रिकॉर्ड तक अनधिकृत पहुंच जैसी वजहें बताई हैं। फर्रुखाबाद के बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 17 अप्रैल को ऐसा पहला सर्कुलर जारी किया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि कुछ लोग पत्रकार बनकर सरकारी स्कूलों में प्रवेश कर रहे हैं, रिकॉर्ड देख रहे हैं और बच्चों तथा स्कूल की तस्वीरें व वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। इसके बाद शामली, अयोध्या, बलरामपुर, आगरा, हापुड़ और बिजनौर समेत अन्य जिलों में भी इसी तरह के निर्देश जारी किए गए। इन घटनाओं को लेकर विवाद तब और बढ़ा जब CJP ने 15 अगस्त से 'स्कूल ठीक करो' अभियान शुरू किया। अभियान के तहत अभिजीत दिपके ने स्वयंसेवकों से सरकारी स्कूलों का दौरा कर वहां की स्थिति रिकॉर्ड करने और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की थी। इसके बाद अलग–अलग जिलों से FIR की खबरें सामने आने लगीं। अभियान का उद्देश्य सरकारी स्कूलों की इमारतों, शौचालयों, पेयजल, पढ़ाई की सामग्री और अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति को सार्वजनिक करना बताया गया है। दूसरी ओर, प्रशासन और शिक्षा विभाग का कहना है कि स्कूल परिसरों में बिना अनुमति प्रवेश करना और बच्चों या रिकॉर्ड की वीडियो बनाना नियमों का उल्लंघन हो सकता है। विवाद के बीच कुछ सरकारी स्कूल शिक्षकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि समस्या केवल जर्जर भवनों, शौचालयों या अन्य बुनियादी सुविधाओं तक सीमित नहीं है। पाठ्यक्रम और अध्ययन सामग्री को लेकर भी समस्याएं हैं। एक शिक्षक ने बताया कि अगस्त का महीना खत्म होने के करीब होने के बावजूद पूरा अध्ययन–सामग्री सेट उपलब्ध नहीं हुआ था। उदाहरण के तौर पर कक्षा 11 की इतिहास की तीन पुस्तकों में से पहली पुस्तक के उपलब्ध नहीं होने की बात कही गई।

शिक्षक ने यह भी कहा कि वे खुलकर शिकायत नहीं कर सकते और बाहर की किताबों का इस्तेमाल करने पर शिक्षा अधिकारियों की ओर से कार्रवाई का डर रहता है। इस मामले में फिलहाल दर्ज स्नढ्ढक्र और लगाए गए आरोप जांच के अधीन हैं। सरकार ने आधिकारिक रूप से इस व्यापक कार्रवाई को आलोचना दबाने की कार्रवाई नहीं बताया है।

लेकिन एक साथ कई जिलों में स्कूलों के वीडियो बनाने वालों के खिलाफ स्नढ्ढक्रऔर बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध के निर्देशों ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सार्वजनिक संस्थानों की पारदर्शिता और सरकारी स्कूलों की निगरानी को लेकर नई बहस जरूर छेड़ दी है।

# बांके बिहारी मंदिर के चढ़ावे की चोरी नहीं होने देंगे सुप्रीम कोर्ट बोला- दान सीधे मंदिर के खजाने में जाए।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो।** अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा विवाद की तरह वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के चढ़ावे में गड़बड़ी के आरोपों पर सुप्रीमकोर्ट ने कहा है कि वह चढ़ावे में गड़बड़ी नहीं होने देगा। अदालत ने साफ़ कहा कि भक्तों द्वारा दिया गया एक–एक रुपया सीधे मंदिर के खजाने में जाना चाहिए और किसी भी सेवायत या अन्य व्यक्ति को दान की राशि सीधे नहीं लेने दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर प्रबंधन समिति को निर्देश दिया कि वह चढ़ावे के लिए पूरी तरह पारदर्शी व्यवस्था लागू करे और यह सुनिश्चित करे कि सभी दान या तो मंदिर के अधिकृत दानपात्रों (डोनेशन बॉक्स) के ज़रिए जमा हों या फिर ऑनलाइन माध्यम से सीधे मंदिर के खाते में पहुंचें। वृंदावन स्थित प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी मंदिर में चढ़ावे के प्रबंधन और कथित वित्तीय गड़बड़ियों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहन की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, 'इस बात में कोई संदेह नहीं रहना चाहिए कि भक्तों द्वारा दिया गया हर एक पैसा केवल मंदिर के दानपात्र या ऑनलाइन माध्यम से सीधे मंदिर के खजाने में जमा हो। यदि कोई सेवायत या अन्य व्यक्ति इसमें बाधा डालता है तो अदालत इसे गंभीरता से देखेगी।' बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार अदालत ने कहा कि मंदिर प्रबंधन समिति ऐसी व्यवस्था बनाए जिससे दान की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो और किसी भी तरह की गड़बड़ी या दुरुपयोग की संभावना खत्म हो। सुनवाई के दौरान एक पक्ष की ओर से कहा गया कि मंदिर के कुछ भंडारी और सेवायत भक्तों से सीधे नकद राशि लेते हैं और यह उनके पारंपरिक अधिकार का हिस्सा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने साफ़ किया कि किसी भी सेवायत को यह अधिकार नहीं है कि वह भगवान के नाम पर दिया गया दान पहले खुद ले ले। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहले पूरा चढ़ावा मंदिर के खजाने में जाएगा। इसके बाद यदि किसी सेवायत को नियमों के अनुसार कोई हिस्सा मिलना है तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत मिलेगा। जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने कहा, 'कोई पुजारी या सेवायत भगवान की संपत्ति पर पहले से अधिकार नहीं जता सकता।' सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने आरोप लगाया कि मंदिर प्रबंधन समिति मंदिर की निधि का इस्तेमाल संपत्तियां खरीदने जैसे कार्यों में कर रही है। उन्होंने अदालत से कहा कि यह साफ़ होना चाहिए कि समिति को मंदिर के पैसे से संपत्ति खरीदने का अधिकार है या नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर प्रबंधन से जुड़े कानून और धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े संवैधानिक सवाल अभी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं।

# सीएम से लंबित बस अड्डा, फायर स्टेशन, विकास कार्यों के लिये विधायक ने किया अनुरोध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने देवीपाटन मंडल एवं बस्ती मंडल के विधायकों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बस्ती मण्डल की बैठक में विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा व कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही भी शामिल रहे। विधायक विनय वर्मा ने बताया कि बैठक में विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों की प्रगति, लंबित कार्यों, जनसमस्याओं, जनप्रतिनिधियों की सक्रियता तथा क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से पूरी ताकत और सक्रियता के साथ जनता के बीच रहने तथा संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक विषय पर बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने संगठन से तालमेल बनाकर जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहने को कहा । विधायक विनय वर्मा ने मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र में लंबित बस अड्डा, फायर स्टेशन सहित अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि जनहित से जुड़े आवश्यक कार्य किसी भी स्थिति में रुकने नहीं दिए जाएंगे। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन हम सभी जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणादायी है। उनके नेतृत्व में हम संकल्पित हैं कि अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को गति देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में वर्ष 2027 में एक बार फिर भाजपा एनडीए की सरकार बनेगी।



# असम विश्वविद्यालय में ड्रोन प्रौद्योगिकी पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि।** छात्रों में ड्रोन प्रौद्योगिकी से जुड़े तकनीकी कौशल विकसित करने तथा नवाचार और उद्यमशील सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से असम विश्वविद्यालय, शिलचर में ड्रोन प्रौद्योगिकी एवं इसके अनुप्रयोगों पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन 25 अगस्त को कृषि अभियांत्रिकी विभाग में किया गया। शिविर 29 अगस्त तक चलेगा। शिविर का आयोजन एनआईटी, शिलचर ने असम विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी विभाग, 3डी प्रिंटिंग प्रयोगशाला और उद्यमिता विकास केंद्र के सहयोग से किया है। कार्यक्रम को जेट एयरोस्पेस एविएशन रिसर्च सेंटर का सहयोग प्राप्त है, जबकि तकनीकी सहायता आईआईटी दिल्ली के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत स्थापित प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र आईएचएफसी द्वारा प्रदान की जा रही है। स्वागत भाषण में कृषि अभियांत्रिकी विभाग की प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. अजिता तिवारी ने तेजी से विकसित हो रही मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तकनीकी क्षमता मजबूत करने और नवाचार को बढ़ावा देने में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को यूएवी और ड्रोन के डिजाइन एवं संचालन, संबंधित नियम–कानून तथा कृषि, निगरानी, मानचित्रण और आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोगों की जानकारी दी जा रही है। प्रतिभागियों को ड्रोन के संयोजन, अंशांकन और उड़ान संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में विशेष रूप से कृषि अभियांत्रिकी विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों के तकनीकी कौशल को विकसित करने तथा ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए और अभिनव विचारों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर प्रोफेसर देबमाल्य घोष ने युवाओं में उद्यमशील मानसिकता विकसित करने में ऐसे कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कौशल विकास युवाओं की रचनात्मकता और ज्ञान को व्यावहारिक एवं नवोन्मेषी उद्यमों में बदलने का महत्वपूर्ण माध्यम है। एनआईटी, शिलचर के डॉ. रंजन हाजरा और डॉ. बादल ने भी प्रशिक्षण शिविर को क्षमता निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उपलब्ध संभावित प्रशिक्षुता के अवसरों की जानकारी दी। सहयोगी संस्थानों के विशेषज्ञों द्वारा ड्रोन की संरचना, नियंत्रण प्रणाली, विभिन्न उपकरणों के एकीकरण तथा कृषि, निगरानी, मानचित्रण और आपदा प्रबंधन में इसके अनुप्रयोगों पर तकनीकी सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

